ॐ

वास्तुशास्त्रविमर्श

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्
(मानितविश्वविद्यालयः)
नवदेहली-110016

प्रथम पुष्प

वास्तुशास्त्रविमर्श

प्रधान सम्पादक
प्रो० वाचस्पति उपाध्याय
कुलपति

सम्पादक

प्रो० प्रेमकुमार शर्मा
अध्यक्ष
ज्योतिषविभाग
संकाय-वेदवेदाङ्ग

प्रो० देवीप्रसाद त्रिपाठी
संयोजक
वास्तुशास्त्र नवीकरण कार्यक्रम
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

ज्योतिष विभाग
श्री लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ
(मानित विश्वविद्यालय)
नव देहली-११००१६

पुरोवाक्

मानव सभ्यता के साथ ही वास्तुशास्त्र का विकास भी प्रारम्भ हुआ। वास्तुशास्त्र उतना ही प्राचीन है जितनी मानव सभ्यता। मानव सभ्यता के आदि ग्रन्थ ऋग्वेद में वास्तु से सम्बन्धित वर्णन बहुत स्थलों पर दृष्टिगोचर होता है। वेदांग काल में यह शास्त्र पूर्ण व्यवस्थित हुआ। पुराणों एवं आगमों ने इस शास्त्र को सर्वाधिक पल्लवित किया। वेदांगों में ज्योतिष एवं कल्प से इस शास्त्र का घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। आवासीय दृष्टि से इष्टानिष्ट का विवेचन करना तथा श्रौत-स्मार्त कर्मों के सम्पादन में गृह (आवास) की आवश्यकता का होना यह दर्शाता है कि वेदांगों के बिना इस शास्त्र का वैचारिक ज्ञान सम्भव नहीं है। वास्तुशास्त्र ज्योतिष की एक समृद्ध एवं विकसित शाखा है। इन दोनों में अङ्गाङ्गिभाव सम्बन्ध है। शुल्व सूत्रों में प्रतिपादित यज्ञ वेदी परिकल्पना भारतीय वास्तुशास्त्र की आधारशिला है। इसे आचार्यों ने शास्त्रीय कलेवर एवं स्थपतियों ने भौतिक रूप प्रदान किया। वास्तुशास्त्र में कला एवं विज्ञान दोनों महत्त्वपूर्ण विधाओं का सम्मिश्रण दिखाई देता है। भारतीय स्थापत्य शास्त्रियों ने कला एवं विज्ञान को अध्यात्म से पृथक् नहीं रखा। कला का उद्भव मनोरञ्जन से नहीं अपितु धर्म और दर्शन से हुआ। कह सकते हैं कि जो कला अथवा विज्ञान अध्यात्म से शून्य एवं दर्शन से अनुप्राणित नहीं हैं वह शुष्क काष्ठ की भाँति दहन योग्य है। कला और विज्ञान दोनों आसुरी सम्पदायें राक्षस न बने इसलिए इसे देवत्व की भावना से सदा अनुप्राणित रखा गया जिससे यह शास्त्र जन कल्याण एवं रक्षण कर सके। भारतीय चिन्तनधारा ने सदा भौतिक एवं अध्यात्म को संतुलित रखने का प्रयत्न किया है; नहीं तो भौतिकवादी भस्मासुर कभी भी अपने जनक शिव के भक्षण के लिए उद्यत हो सकता है। जैसा कि वास्तु पुरुष के उद्भव की कथानक से प्रतीत होता है कि शिव नेत्र से निःसृत स्वेद बिन्दु से उद्भूत विशाल आकृतिवान् पुरुष समग्र सृष्टि को भक्षण करने के लिए उद्यत हुआ ही था कि सभी देवताओं ने उसे पकड़कर औंधे मुख लिटाकर इस सृष्टि प्रक्रिया को संतुलित किया।

भारतीय प्राचीन वास्तुशास्त्र के सुन्दर कला-सम्पन्न देवालयों, राजमहलों, दुर्गों, जलाशयों तथा जनावासीय भवनों की मनोहर रचनाओं को देखकर समग्र जनसमुदाय अतीव आनन्दित एवं

आश्चर्य चकित होता है। देवमन्दिर एवं राजमहलों को प्राचीन स्थापत्य में प्रासाद की संज्ञा दी गई है। देवालय बनाने के कारणों को लिखते हुए आचार्यों ने लिखा है कि–

सुरालयो विभूत्यर्थं भूषणार्थं पुरस्य तु।
नराणां भक्तिमुक्तत्यर्थं सत्यार्थं चैव सर्वदा।।

लोकानां धर्महेतुश्च क्रीडाहेतुश्च स्वर्भूवान्।
कीर्त्तिरायुर्यशोऽर्थं च राज्ञां कल्याणकारकः।।

पुरुषार्थ चतुष्टय सिद्धि के लिए एक सुव्यवस्थित गृह की आवश्यकता होती है। हमारे आचार्यों ने मानव जीवन को चार आश्रमों में विभाजित किया। इन चारों आश्रमों में से मात्र गृह की आवश्यकता गृहस्थ को ही है। गृह में रहने के कारण ही उसे गृहस्थ कहा गया है। भविष्य पुराण में कहा गया है कि "गृहस्थस्य क्रियाः सर्वाः न सिद्धयन्ति गृहं बिना"। इसी आश्रम को ही सभी का आश्रय आश्रम होने के कारण श्रेष्ठ कहा गया है। यथा–

वानप्रस्थो ब्रह्मचारी यतिश्चैव तथा द्विजाः।
गृहस्थस्य प्रसादेन जीवन्त्येते यथाविधिः।।

गृहस्थ एव यजति गृहस्थस्तप्यते तपः।
ददाति च गृहस्थश्च तस्माच्छ्रेयो गृहाश्रमी।।

गृहस्थ के लिए एक ऐसे घर की आवश्यकता होती है जहाँ वह सुख पूर्वक रह कर अपने अभ्यागतों का उचित सम्मान करते हुए श्रौत–स्मार्त कर्मों का सम्पादन ठीक ढंग से कर सके। भौतिक सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से बिना वास्तुशास्त्रीय विचार के भी अच्छे भवन बनाये जा सकते हैं, परन्तु ये आदिदैविक एवं अध्यात्मिक दृष्टि से भी अच्छे होंगे या नहीं, यह नहीं कहा जा सकता है। मात्र भारतीय वास्तुशास्त्रीय चिन्तन ही सभी प्रकार से सुखी एवं समृद्ध भवन रूपी घर की एक उदात्त परिकल्पना प्रस्तुत करता है।

आज का वास्तुशास्त्री मात्र दिग् से वास्तुशास्त्र को दिग् भ्रमित करते हुए दिखाई देता है। जबकि यह शास्त्र "दिग् देश–काल" का विचार करते हुए निर्माण की व्यवस्था प्रदान करता है। इस शास्त्र का वर्णन चारों वेदों, वेदांगों, पुराणों, रामायण एवं महाभारत में पर्याप्त रूप से उपलब्ध होता है। आचार्यों ने आदिकाल से ही वास्तु, शिल्प एवं चित्र को स्थापत्य के अन्तर्गत माना है। समराङ्गण

सूत्रधार और शिल्परत्न ग्रन्थ में स्थापत्य के इन तीनों अंगों का उल्लेख मिलता है। इसी प्रकार के अनेकग्रन्थ संस्कृत साहित्य में मिलते हैं, जिनका उल्लेख परवर्ती काल के अनेक ग्रन्थों की टीका टिप्पणियों मे मिलता है। स्वतन्त्र रूप में भी कई ग्रन्थ प्रकाशित हुए हैं।

वास्तुशास्त्र के व्यावहारिक एवं जनोपयोगी होने के कारण विद्यापीठ ने स्वतन्त्र रूप से इस शास्त्र के अध्ययन-अध्यापन कराने का निश्चय किया। इस समय इस शास्त्र का अध्ययन ज्योतिष विभाग के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रदत्त इन्नोवेटिव प्रोग्राम के तहत चल रहा है। इसी के प्रतिफल के रूप में यह "वास्तुशास्त्रविमर्श" ज्योतिष विभाग के इन्नोवेटिव प्रोग्राम-को आर्डिनेटर प्रो० देवीप्रसाद त्रिपाठी ने विभिन्न विद्वानों के शोधपूर्ण लेखों एवं अध्ययनरत छात्रों के विशिष्ट अध्ययन हेतु प्रदत्त लघु-निबन्धों के द्वारा सुसज्जित किया है। यह इनके निरन्तर कार्य करने का एक प्रतिफल है। अतः मैं इस कार्य के लिए इन्हें हार्दिक साधुवाद देता हूँ।

यह विषय आज जितना लोकप्रिय है उतना ही शास्त्रीय भी है। इस शास्त्र के गूढ़ तथ्यों को जन-जन तक पहुंचाने और प्रचलित भ्रान्त धारणाओं के निराकरण में ज्योतिष विभाग द्वारा किया जाने वाला यह कार्य एक स्वच्छ एवं सुदृढ़ भूमिका का निर्वहन कर रहा है। मैं विभागीय सभी विद्वज्जनों को धन्यवाद देते हुए, इस "वास्तुशास्त्रविमर्श" को वास्तुशास्त्र प्रेमियों के अध्ययनार्थ समर्पित करते हुए हर्ष एवं गौरव का अनुभव कर रहा हूँ।

रामनवमी वि.सं. २०६४ — प्रो. वाचस्पति उपाध्याय

दिनाङ्क २७.०३.२००७ ई० — कुलपति

दो शब्द

'वस्तुर्वसतेर्निवासकर्मणः' मुनि यास्क के इस निर्वचन के अनुसार 'वास्तु' शब्द की निष्पत्ति होती है, जिसका निष्पत्तिलभ्य अर्थ है, कि जिसमें प्राणी रहते हों या जो प्राणियों के निवासयोग्य हो, वह वास्तु कहलाता है। भारतीय शास्त्रों की यह परम्परा रही है, कि यहाँ कोई भी कार्य बिना देवकल्पना के प्रारम्भ नहीं किया जाता। अतः भारतीय संगीत शास्त्र 'नादब्रह्म', व्याकरणशास्त्र 'शब्दब्रह्म' इसी प्रकार वास्तुशास्त्र 'वास्तुब्रह्म' तथा अन्यान्य शास्त्र तत्तद् देवभावनाओं से अनुस्पूत हैं। भारतीय कला एवं विज्ञान अध्यात्म अथवा दर्शन की पृष्ठभूमि पर आधारित हैं, जबकि पाश्चात्य कला शास्त्र का आधार मात्र सौन्दर्य तथा विज्ञान का आधार मात्र भौतिकता है। भारतीय वास्तुशास्त्र की यह विशेषता रही है, कि इसका उद्गम वेद से हुआ है। अथर्ववेद के उपवेद स्थापत्यवेद में वास्तु शास्त्र के सिद्धान्तों का स्वतन्त्र रूप से चिन्तन किया गया है। वेद से लेकर वास्तुशास्त्र की शाश्वत परम्परा वर्तमान तक अनवरत चली आ रही है।

मत्स्य पुराण में वास्तुशास्त्र के प्रवर्तक १८ आचार्यों का उल्लेख मिलता है–

भृगुरत्रिर्वसिष्ठश्च विश्वकर्मा मयस्तथा
नारदो नग्नजिच्चैव विशालक्षःपुरन्दरः।
ब्रह्मा कुमारो नन्दीशः शौनको गर्ग एव च
वासुदेवोऽनिरुद्धश्च तथा शुक्रबृहस्पती।।

अष्टादशैते विख्याताः शिल्पशास्त्रोपदेशकाः।

अध्याय २५३, श्लो. २-३-४१

इस प्रकार स्थापत्यवेद से लेकर वर्तमान तक वास्तुशास्त्र का विकसित स्वरूप भारतीय वास्तुशास्त्र के ग्रन्थों में मिलता है, जिसमें कि भारतीय दार्शनिक पृष्ठभूमि पर पञ्चमहाभूतों के सन्तुलन तथा गुरुत्वशक्ति, चुम्बकीय शक्ति एवं सौर ऊर्जा इन तीन प्रकार की शक्तियों के प्रबन्धन के सिद्धान्तों का विस्तार से विचार किया गया है। वैदिक विद्याओं में वास्तुशास्त्र ही एक ऐसी विद्या है, जो मानवजीवन में पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश इन पञ्चमहाभूतों का कैसे उपयोग किया

जाए? इसका सम्पूर्ण रूप से विचार किया गया है, जिससे कि मनुष्य की शारीरिक एवं मानसिक क्षमतायें उन्नत एवं स्वत: स्फूर्त होती हैं। इस प्रकार वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मनुष्य के रहने या किसी भी प्रकार के उपयोग में आने वाला आवासीय, धार्मिक, व्यावसायिक अथवा औद्योगिक भूखण्ड वास्तु कहलाता है तथा जिसमें इनके निर्माण के नियमों सिद्धान्तों एवं प्रविधियों का विवेचन किया जाता, उसे वास्तुशास्त्र कहते हैं।

किसी भी प्रकार के वास्तु निर्माण से पूर्व उस वास्तुखण्ड (भूमि) के रंग, गन्ध, स्वाद, आकृति, प्लवन, स्पर्श आदि की दृष्टि से उसकी उपयुक्तता का विचार किया जाता है। उसके पश्चात् शल्य का विचार कर मिट्टी का परीक्षण करके ठोस भूखण्ड वास्तु निर्माण के लिए चुना जाता है। इस प्रकार वास्तु का भौतिक दृष्टि से विचार करके खात एवं शिलान्यास के शुभमुहूर्त का विचार करके दैविक एवं आध्यात्मिक शक्ति के संचार के लिए वास्तुपदविन्यास करते हुए वास्तोष्पति का पूजन किया जाता है। किस-किस निर्माण में किस-किस वास्तुपद का विन्यास करना चाहिए? जैसा कि इस विषय के सन्दर्भ में कहा गया है–

ग्रामे भूपतिमन्दिरे च नगरे पूज्यश्चतुष्षष्टिकै-
रेकाशीतिपदै: समस्तभवने जीर्णे नवाब्ध्यंशकै:।
प्रासादे तु शतांशकैस्तु सकले पूज्यस्तथा मण्डपे
कूपे षण्णवचन्द्रभागसहिते वाप्यां तडागे वने।।

वास्तुरत्नावली-वास्तुपूजनविवेकाध्याय: श्लो. सं. ५

ग्राम, राजगृह एवं नगर के निर्माण में चतु:षष्टिपदवास्तु (६४), समस्तगृहनिर्माण में एकाशीतिपदवास्तु (८१), जीर्णगृहनिर्माण में एकोनपञ्चाशत् पदवास्तु (४९), प्रासाद तथा सम्पूर्ण मण्डप में शतपदवास्तु (१००), कूप, वापी, तडाग एवं वननिर्माण में षण्णवचन्द्रपदवास्तु (१९६) का प्रयोग करना चाहिए।

इस प्रकार भारतीय वास्तुशास्त्र में पुर निवेश से ले कर धार्मिक एवं आवासीय वास्तु को वास्तुपदविन्यास की दृष्टि से सम्पूर्ण रूप में विचार किया गया है। यह प्रसन्नता की बात है कि विद्यापीठ के सम्मान्य कुलपति प्रो. वाचस्पति उपाध्याय जी की प्रेरणा से ज्योतिष विभाग के अध्यक्षचर प्रो. शुकदेव चतुर्वेदी जी के निर्देशन में विभाग के प्रस्ताव पर यू.जी.सी. द्वारा प्रदत्त इन्नोवेटिव प्रोग्राम के अन्तर्गत सत्र २००४ से वास्तुशास्त्र में द्विवर्षीय पी०जी० डिप्लोमा पाठ्यक्रम

प्रारम्भ किया गया है, जिसके को-आर्डिनेटर प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी हैं। इसी सातत्य में प्रारम्भ में ही विभाग द्वारा द्विदिवसीय राष्ट्रिय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कि देशभर के विशिष्ट विद्वानों ने वास्तुशास्त्र पर शोधलेख प्रस्तुत किये। जिन लेखों को विद्यापीठ के कुलपति जी ने प्रकाशन करने का निर्देश दिया। उन्हीं को विभाग द्वारा 'वास्तुशास्त्र विमर्श' के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है। आशा है कि वास्तुशास्त्र के जिज्ञासु सुधीजन इन लेखों से लाभान्वित होंगे, तथा अपने सुझावों से उपकृत करेंगे।

प्रो. प्रेमकुमारशर्मा
अध्यक्ष ज्यौतिष विभाग

सम्पादकीय

भारतीय सभ्यता जितनी प्राचीन है उतनी ही प्राचीन उसकी आवासीय व्यवस्था भी है। आवासीय व्यवस्था के शास्त्र का नाम ही वास्तुशास्त्र है। भारतीय वास्तु कला का प्राचीन रूप ऋग्वेद में दिखाई देता है। यद्यपि ऋग्वेद में आवासीय व्यवस्था से सम्बन्धित कोई अलग से वर्णन नहीं मिलता है, परन्तु इस व्यवस्था से सम्बन्धित शब्दों के विन्यास से ज्ञात होता है कि उस काल में भी एक सदृढ़ एवं विकसित आवासीय व्यवस्था का रूप अवश्य रहा होगा। उल्लेखनीय है कि ऋग्वेद संहिता में गृह के लिए तीस से अधिक शब्दों का प्रयोग, गृह के अवयवों, उपकरणों, सुरक्षा के प्रकारों से सम्बन्धित शब्दों के विवरणों एवं विश्लेषणों के द्वारा तत्कालीन आवासीय व्यवस्था के महत्वपूर्ण तथ्य प्रकाश में आते हैं।

प्रायः ऐसा वर्णन मिलता है कि ऋग्वैदिक आर्य कृषक और पशुपालक होने के कारण पशुओं की अनुकूलता को देखकर अरण्यों के बीच बसे ग्रामों में रहते थे।[१] ऋग्वेद में ग्राम शब्द का बहुत स्थानों में प्रयोग मिलता है।[२] ग्राम और वन का विभेद भी उपलब्ध होता है।[३] ग्राम प्रायः खुले होते थे, परन्तु कभी-२ सुरक्षा की दृष्टि से इसके भीतर दुर्ग, गढ़ (पुर) बना दिये जाते थे।[४] पत्थर[५] के बने हुए दुर्गों (अश्ममयी) का तथा लोहे के बने पुरों[६] (आयसीपुः) का उल्लेख मिलता है। ब्राह्मणग्रन्थों में मिलने वाले पुरी, पुर, पुः आदि के वर्णन वास्तु के तत्कालीन उन्नति के सूचक हैं।[७] ऋग्संहिता के अध्ययन से ज्ञात होता है कि तत्कालीन आर्यों का जीवन संतुष्ट और सुखद था। जहां एकाकी अथवा संयुक्त परिवार के साथ पशु भी रहते थे उसे गृह कहते थे। गृह के भीतर अलग-२

---

1. ऋग्वैदिक आर्य इलाहाबाद 1957, पृष्ठ 215
2. ऋग्वेद, 1/44/10, 1/114/1, 1/140/1, 2/12/7 आदि
3. ऋग्वेद 10/90/8
4. वैदिक इण्डेक्स भाग-2, वाराणसी पृष्ठ 1962, पृ. 273
5. शतमश्मन्मयीनां पुराम्। ऋग्वेद 4/30/20
   अश्मपुर। शतपथ ब्राह्मण 3/1/3/11
6. ऋग्वेद 7/3/7, 7/95/1, 7/15/14, 10/10/8 आदि
7. Indian of the Age of Brahmanas, Calcutta 1969, P.74

प्रखण्डों का वर्णन मिलता है जैस अग्निशाला, पशुशाला आदि। अथर्ववेदसंहिता के दो सूक्तों में शाला के रूपों का वर्णन उपलब्ध होता है। घरों के समूह को ग्राम कहा जाता था। एक घर में एक कुल रहता था। ऋग्वेद में परिवार का वाचक शब्द कुल है। कुल का मूल अभिप्राय ही गृह है। गृह रक्षा के लिए गृह के अधिष्ठाता देवता वास्तोष्पति का पूजन किया जाता था।[1] गृह्यसूत्रों में उल्लिखित नूतन गृह में प्रवेश करने से पूर्व वाष्तोस्पति के पूजन से ही ज्ञात होता है कि यह मूलतः गृह रक्षक देवता है। इस प्रार्थना में निरोगता, धन-सम्पति, पशु-सम्पति के इतर योग और क्षेम की भी याचना की गयी है। यथा ''**पाहि क्षेभे उत्त योगे वरं नः।**''[2]

वैदिक काल में दो प्रकार के आवासीय गृहों का वर्णन मिलता है जैसे अल्प साधन सम्पन्न जनों के लिए पत्थर, लकड़ी, बांस, मिट्टी एवं घास के छोटे तथा साधन सम्पन्न जनों के लिए विशाल, सुदृढ़ एवं सुरक्षित गृह।[3] एक सूक्त में किसी भव्य प्रासाद का सांकेतिक विवरण प्राप्त होता है जिसे हर्म्य कहा गया है। जिसमें माता-पिता एवं अन्य सभी जन निवास करते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पुष्ट श्वानों का वर्णन भी मिलता है।[4] एक मन्त्र में ऋषि ने कामना की है कि हमारा निवास स्थान सर्वाधिक सुरक्षित हो। यथा-**सुप्रावीरस्तु स क्षयः प्र नु यामन् त्सुदानवः।**[5] हमारा घर द्रोहकारी निन्दकों से बचा रहे और दीर्घकाल तक स्थिर रहे। यथा-**ताँस्त्रायस्व सहस्य द्रुहो निदो यच्छव शर्म दीर्घश्रुत।**'[6] अश्विनी कुमारों से प्रार्थना है कि हमारा यश एवं छर्दि (घर) ध्रुव (स्थिर) रहे।[7] अतिथि तथा उपासक धनधान्य[9] एवं पुत्र पौत्रों से सम्पन्न घर में ही रहना चाहता है।[8] अतः ऋग्वेद में सन्तान, यश, धन, अन्न से पूर्ण घरों की कामना की गयी है। इससे सिद्ध होता है कि उस समय का मानव पूर्ण गृह सुख के लिए प्रत्यत्नशील रहता था। सुन्दर, समृद्ध विशाल और सुरक्षित गृह की इच्छा को सुव्यक्त करने वाली ऋषि की उक्तियां उल्लेखनीय हैं कि हे वरुण मैं मृण्मय (मिट्टी) के गृह में नहीं अपितु तुम्हारे बृहद् परिणाम वाले सहस्रों द्वार वाले गृह में जाना चाहता हूँ।[9] यह मृण्मय गृह और

---

1. ऋग्वेद 1/127/8, 2/39/2
2. ऋ. 7/54/3
3. ऋ. 7/89/1
4. ऋ. 7/55/1-6
5. ऋ. 7/66/05
6. ऋ. 7/16/8
7. ऋ. 7/74/05
8. ऋ. 7/67/10, 7/40/5
9. ऋ. 7/1/11

सहस्रद्वार गृह ऋग्वैदिक गृह परिकल्पना को उद्घाटित करता है। ऋग्वेदसंहिता में त्वष्ट्रा और ऋभु को गृहनिर्माण करने वाला कुशल निर्माता कहा गया है।[२] वैदिककालीन वास्तुशास्त्र में गृह की सदृढ़ता, सुरक्षा एवं विशालता पर अधिक बल दिया गया है। कुछ लोगों के कथनानुसार सिन्धुघाटी सभ्यता ही अति प्राचीन है परन्तु वैदिककालीन वर्णन से ज्ञात होता है कि वैदिक सभ्यता इससे भी पुरातन एवं सुव्यवस्थित सभ्यता रही जो आज तक चली आ रही है। अतः वैदिक आवासीय व्यवस्था से इस सभ्यता की तुलना पुनर्चिन्तन को बाध्य करती है।

समग्र वैदिकवाङ्मय से ज्ञात होता है कि भारतवर्ष जहाँ धार्मिक संस्कारों से अनुप्राणित है वहीं दूसरी ओर सौन्दर्य से परिपूर्ण है। कलाकारों ने भारतीय स्थापत्य को अपनी उदात्त परिकल्पनाओं द्वारा सदा मण्डित करने का उत्तम प्रयत्न किया है। पूर्व वैदिक काल में मन्दिरों के स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलते है। उत्तर वैदिक एवं उपनिषद काल में प्रतिमाओं के उल्लेख मिलते हैं। ई. पूर्व चौथी शताब्दी से मन्दिरों के उल्लेख मिलने प्रारम्भ होते हैं।[३] प्राचीन भारत में मन्दिरों की दो प्रमुख शैलियां मिलती है जिसमें पहली नागर तथा दूसरी द्राविण। इन दोनों शैलियों के मिश्रण से बेसर शैली का उद्भव हुआ। मत्स्यपुराण के अनुसार वास्तुशास्त्र के १८ आचार्य प्रसिद्ध हैं जिनके नाम हैं - भृगु, अत्रि, वसिष्ठ, विश्वकर्मा, मय, नारद, नग्नजित्, विशालाक्ष, पुरन्दर, नन्दीश, शौनक, गर्ग, वासुदेव, अनिरुद्ध, शुक्र, बृहस्पति एवं अश्विनीकुमार। मन्दिर निर्माण में नागर शैली के शम्भु, गर्ग, अत्रि, वसिष्ठ, पराशर, बृहद्रथ, विश्वकर्मा तथा वासुदेव और द्राविण शैली के ब्रह्मा त्वष्ट्रा, मय, मातंग, भृगु, काश्यप आदि प्रमुख आचार्य माने जाते हैं। वास्तुशास्त्र के उद्भावकों में विश्वकर्मा एवं मय के नाम अधिक प्रसिद्ध हैं। विश्वकर्मा देवों के स्थपति एवं मय दानव शिल्प के प्रवर्तक आचार्य के रूप में अधिक प्रसिद्ध हैं।

संस्कृत साहित्य में स्थापत्य कला से सम्बन्धित तीन विभाग प्रसिद्ध हैं। वास्तुशास्त्र, शिल्पशास्त्र एवं चित्रशास्त्र। वास्तुशास्त्र के प्रसिद्ध आचार्यो ने शिल्पशास्त्र को वास्तुशास्त्र का ही पर्याय कहा है। धाराधिपति भोजराज के समराङ्गणसूत्रधार के अवलोकन से ज्ञान होता है कि चित्र और शिल्प वास्तुशास्त्र के अन्तर्गत ही समाहित हैं। समराङ्गणसूत्रधार के अनुसार वास्तुशास्त्र-जनभवन, राजभवन और देवभवन तथा शिल्पशास्त्र-प्रतिमा, यन्त्रनिर्माण, चित्रशास्त्र-सज्जा एवं आलेख से

---

1. ऋ. 7/89/01,.7/88/5
2. ऋग्वेद पर एक ऐतिहासिक दृष्टि पृ. 210
3. भारतीय वास्तुकलां का इतिहास पृ. 4

सम्बन्धित विभागों के नाम हैं। इन सभी के एकत्व का नाम ही भारतीय वास्तुशास्त्र अथवा भारतीय स्थापत्य कला है।

प्राप्त वास्तुशास्त्रीय स्वतन्त्र ग्रन्थों में से समराङ्गणसूत्रधार और शिल्परत्न सम्पूर्ण वास्तुशास्त्रीय ग्रन्थ हैं क्योंकि इन दोनों ग्रन्थों में भवन, प्रतिमा, यन्त्र एवं चित्रादि वास्तुशास्त्रीय सभी विषयों का समावेश मिलता है। समराङ्गणसूत्रधार के समकालिक कृति अपराजितपृच्छा भी समराङ्गणसूत्रधार का ही समर्थन करती है। मानसार और मयमतम् में भवनों (विमानों) एवं प्रतिमाओं का ही वर्णन मिलता है। वास्तुशास्त्र के ग्रन्थों की एक विस्तृत सूची उपलब्ध होती है। स्वतन्त्र ग्रन्थों के अतिरिक्त भी आदिकाल से ही समग्र वैदिक साहित्य, रामायण, महाभारत, अष्टाध्यायी, अर्थशास्त्र, जैनग्रन्थ, बौद्धग्रन्थ, आगम, तन्त्र, पुराण एवं बृहत्संहितादि संहिता ग्रन्थों में वास्तुशास्त्र सम्बन्धित प्रचुर सामग्री उपलब्ध होती है। पुराणों में मत्स्य एवं विष्णुधर्मोत्तर प्रमुख है–उत्तरवर्ती काल में स्वतन्त्र ग्रन्थों के रूप में सैकड़ों ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं। उपलब्ध कुछ प्रमुख ग्रन्थ है। सूत्रधारमण्डन, विश्वकर्माप्रकाश समराङ्गणसूत्रधार, अपराजितपृच्छा, जयपृच्छा, वास्तुरत्नावली, विश्वकर्मीयशिल्प, मयमत, मानसार, काश्यपशिल्प, शिल्पसंग्रह, शिल्परत्न, चित्रलक्षण, मनुष्यालयचंद्रिका, प्रासादमण्डन, कोदण्डमण्डन, वास्तुरत्नाकर आदि।

वास्तुशास्त्र की एक विस्तृत परम्परा एवं वर्तमान में वास्तुशास्त्र के स्वरूप को देखते हुए हमारे यशस्वी कुलपति प्रो. वाचस्पति उपाध्याय जी ने अपनी योजना से तत्कालीन वेदवेदाङ्ग संकाय प्रमुख एवं ज्योतिषविभागाध्यक्ष प्रो. शुकदेव चतुर्वेदी जी को अवगत कराया। कुलपति महोदय के दृढ़ संकल्प एवं प्रो. चतुर्वेदी जी के अथक प्रयत्न का ही प्रतिफल है कि इस शास्त्र के अध्ययन के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने ज्योतिष इन्नोवेटिव प्रोग्राम के अन्तर्गत वास्तुशास्त्र में अध्ययन अध्यापन की स्वीकृति प्रदान की। इसी उद्देश्य की सम्पूर्ति में विभाग ने द्विवर्षीय पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रम तैयार कर जुलाई २००४ से अध्ययन अध्यापन प्रारम्भ किया। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अभी तक एक राष्ट्रीय संगोष्ठी तथा प्रतिवर्ष होने वाले विजिटिंग फैकल्टी के व्याख्यान निरन्तर होते आ रहे हैं। पी.जी. डिप्लोमा के छात्रों को प्रतिवर्ष में एक प्रायोगिक अध्ययन के रूप में एक विशिष्ट विषय प्रदान किया जाता है। इस विषय पर एक लघु निबन्ध तैयार कर छात्र विभाग में जमा करते हैं। अभी तक के सेमीनार, विजिटिङ्ग फैकल्टी व्याख्यान एवं छात्रों के द्वारा किये गये लघुनिबन्धों में से जिन को प्रकाशन समिति ने प्रकाशन योग्य पाया उन्हें इस वास्तुशास्त्रविमर्श के माध्यम से वास्तुशास्त्र प्रेमियों तक पहुँचाने का प्रथम प्रयास किया गया है। हमारा विभाग इस कार्य में कितना

सफल रहा, इसका निर्णय तो पाठक स्वयं करेंगे। सर्वप्रथम एतदर्थ मैं संस्कृत उन्नायक परमश्रद्धेय कुलपति प्रो. वाचस्पति उपाध्याय जी के चरणों में प्रणाम करते हुए कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ, जिनकी सत् प्रेरणा एवं दृढ़ संकल्प से यह योजना निर्बाधगति से अपना कार्य कर रही है। इस योजन को कार्य रूप में परिणत करने एवं सम्यक् निर्देशन के लिए अवकाश प्राप्त आचार्य प्रो. शुकदेव चतुर्वेदी जी के हम कृतज्ञ हैं। इस वास्तुशास्त्र विमर्श के प्रकाशन में उत्साह वर्धन करने वाले हमारे कुशल प्रशासक कुलसचिव डॉ. बी.के. महापात्र जी तथा शोध एवं प्रकाशन विभागाध्यक्ष प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी का सराहनीय योगदान रहा। अत: इन्हें मैं हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। अन्त में प्रकाशन समिति के अध्यक्ष एवं ज्योतिष विभागाध्यक्ष प्रो. प्रेमकुमार शर्मा जी व अन्य सभी सदस्यों के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिनके सद्परामर्श से **''वास्तुशास्त्र विमर्श''** का प्रकाशन हो सका। मुद्रण कार्य के लिए अमर प्रिटिंग प्रेस एवं अन्य सभी सहयोगी सुहृद जनों का जिनका सहयोग इस ग्रन्थ के सम्पादन में प्राप्त हुआ, हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। शमिति

प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी
को-आर्डिनेटर-इन्नोवेटिव प्रोग्राम

शोध एवं प्रकाशन समिति

१.	प्रो. प्रेमकुमार शर्मा	अध्यक्ष
२.	प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी	संयोजक
३.	डॉ. विहारीलाल शर्मा	सदस्य
४.	डॉ. विनोदकुमार शर्मा	सदस्य
५.	डॉ. नीलम ठगेला	सदस्य
६.	डॉ. दिवाकरदत्त शर्मा	सदस्य
७.	डॉ. परमानन्द भारद्वाज	सदस्य
८.	डॉ. सुशीलकुमार शर्मा	सदस्य
९.	डॉ. फणीन्द्रकुमार चौधरी	सदस्य
१०.	डॉ. रश्मि चतुर्वेदी	सदस्य

विषय अनुक्रमणिका

वैदिक वाङ्मय में विज्ञान

प्रो० रामचन्द्र पाण्डेय

समस्त वैदिक वाङ्मय ज्ञान एवं विज्ञान का ही प्रतिपादन करता है। इसीलिए उसकी संज्ञा वेद है। समस्त जीवन पद्धति का निरूपण करने के साथ-साथ समस्त प्राणिमात्र की हित कामना से सृष्टि के आरम्भ से सृष्टि के अवसान तक के अनेक वैज्ञानिक पक्षों का निरूपण वेदों में देखने को मिलता है। किसी भी अति प्राचीन साहित्य को समझने के लिए तत्कालीन परिवेश एवं साहित्य के सर्जक को भी समझना अत्यन्त आवश्यक हो जाता है। वेद के साथ यही कठिनाई है। एक लम्बे अन्तराल के कारण आज तक वेद की भाषा वैदिक परिवेश तथा उसके सर्जक एक सरल एवं सर्वगम्य भाषा में परिभाषित नहीं हो सके। परिणामतः आज विश्व का प्राचीनतम विज्ञान केवल श्रद्धा का विषय बन कर रह गया है। कुछ प्रबुद्ध मनीषियों ने वेदों के कुछ अंशों को विज्ञान की दृष्टि से परिभाषित करने का प्रयास किया है। उन्हीं मनीषियों के अनुसन्धान के आलोक में विज्ञान के कुछ बिन्दुओं की ओर ध्यानाकर्षण का एक संक्षिप्त प्रयास कर रहा हूँ।

सर्व प्रथम मैं सृष्टि प्रक्रिया का उल्लेख करना चाहूँगा। आधुनिक विज्ञान भी इस गहन गुत्थी को सुलझाने में अहर्निश प्रयत्नशील है। वेदों ने सृष्टि प्रक्रिया का उल्लेख कई प्रकार से किया है किन्तु सभी विधियों का पर्यवसान किस प्रकार एक नियम में होगा यह निष्कर्ष रूप में ज्ञात नहीं हो सका। वेदों में कुछ संकेत ऐसे मिल रहे हैं जिनके आधार पर शोधकार्य को दिशा मिल रही है। उनमें से दो संकेतों का उल्लेख करना चाहूँगा। प्रथम-"**ऋतं च सत्यं चाभीद्धातपसोऽध्यजायत... .. यथा पूर्वमकल्पयत्**[१]" इस मन्त्र से दो सिद्धान्त प्रगट होते हैं।

प्रथम सिद्धान्त-सृष्टि क्रम एक सुनिश्चित प्रक्रिया के अन्तर्गत स्वयं परिचालित होता है जिसका नियन्ता स्वयं ब्रह्मा हैं। जिस क्रम से सृष्टि प्रारम्भ होती है उसी क्रम से उसका विलय एवं पुनः प्रारम्भ होता है। सृष्टि प्रक्रिया का क्रम ब्राह्मण ग्रन्थों एवं संहिताओं में बतलाया गया है। इनमें तैत्तिरीयोपनिषद का क्रम अत्यन्त सुव्यवस्थित है। इसमें कहा गया है-"सर्व प्रथम आकाश की उत्पत्ति हुई अनन्तर आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से जल, जल से पृथ्वी, पृथ्वी से औषधियाँ,

---

१. ऋ०सं० १०.१९०.३

औषधियों से अन्न तथा अन्न से मनुष्य की उत्पत्ति हुई।[१]

सभी प्रकार की सृष्टि एक साथ स्वतन्त्र रूप से होती है। किसी जीव का परिष्कार दूसरे जीव के रूप में नहीं होता। युगपत् सृष्टि का क्रम ही वैदिक सिद्धान्त है।

द्वितीय सिद्धान्त—अग्नि जिसे सूर्य, ऊर्जा या तेज कहा गया है, उसी के द्वारा सृष्टि होती है। जैसा कि महर्षि व्यास ने कहा है—

> **नक्षत्रग्रहसोमानां प्रतिष्ठायोनिरेव च।**
> **चन्द्र-ऋक्षग्रहाः सर्वे विज्ञेयाः सूर्यसम्भवाः।।**[२]

सूर्यसिद्धान्त भी कहता है कि सर्व प्रथम सूर्य की उत्पत्ति हुई पश्चात् सूर्य से सारी सृष्टि हुई। इसीलिए कहा गया है—

> **"आदित्यो ह्यदिभूतत्वात् प्रसूत्या सूर्य उच्यते।[३]"**

आधुनिक विज्ञान ने भी विश्वोत्पत्ति सम्बन्धी अपने अनुसन्धानों में सूर्य की भूमिका को ही विशेष महत्त्व दिया है। विस्फोट और विगबैन सिद्धान्त का मूलाधार ही सूर्य है। जैविक सृष्टि के सन्दर्भ में वेदों का स्पष्ट उद्घोष है—"अग्निसोमात्मकं जगत्।" अग्नि (सूर्य) और सोम के सहयोग से ही सृष्टि होती है। अग्नि का वाहक या कारक सूर्य है तथा सोम का वाहक चन्द्रमा। सूर्य ऊर्जा का स्रोत है तथा चन्द्रमा अमृतत्व (जीवन) का स्रोत है। सूर्य की रश्मि ही चन्द्रमा के अमृत को अपने माध्यम से अन्य पिण्डों तक पहुँचाती है जिससे जीवन का संचार होता है। जहाँ-जहाँ सूर्य और सोम का समुचित प्रवाह है वहाँ-वहाँ जीवन है। जहाँ इनका अभाव है वहाँ जीवन का भी अभाव है। आज विज्ञान इस ब्रह्माण्ड में पृथ्वी से इतर किसी अन्य पिण्ड पर जीवन है या नहीं इसकी खोज में अनवरत प्रयत्नशील है। वैदिक सिद्धान्त के अनुसार स्थावर एवं जंगम दोनों प्रकार की सृष्टि अग्नि और सोम पर ही आधारित है। सोम का सम्बन्ध अन्य पिण्डों या पृथ्वी से सूर्यरश्मियों के माध्यम से होता है। सूर्य की रश्मियों का उल्लेख वेदों में कई प्रकार से किया गया है।[४] प्रसंगतः रश्मियों के सन्दर्भ में

---

१. तस्माद्वा एतस्मादात्मनः आकाशः सम्भूतः, आकाशाद्वायुः, वायोरग्निः, अग्नेरापः, अद्भ्यः पृथ्वी, पृथिव्या ओषधयः, ओषधीभ्योऽन्नम्, अन्नात् पुरुषः। तैत्तिरीयोपनिषत् २.१

२. मत्स्य पु० १२७.२९

३. सूर्य सिद्धान्त भू०अ० १५

४. सप्तसुञ्जन्ति रथमेकचक्रमेको अश्वो बहति सप्तनाम। ऋ०सं० १.१६४.२

वैदिक दृष्टिकोण का उल्लेख भी यहाँ आवश्यक है। सूर्य को सप्तरश्मि कहा गया है–सूर्य की इन सात रश्मियों के नाम और उनके प्रभाव का उल्लेख करते हुए भगवान व्यास ने कहा है[१]–

सुषुम्नो हरिकेशश्च विश्वकर्मा तथैव च।
विश्वव्यचाः ततश्चान्यः संयद्वसुरतः परः।।

अर्वावसुरिति ख्यातः स्वराडन्यः प्रकीर्तितः।
सुषुम्नः सूर्यरश्मिस्तु पुष्णाति शिशिरद्युतिम्।।

अर्थात् सुषुम्ना, हरिकेश, विश्वकर्मा, विश्वव्यचा, अर्वावसु, संयद्वसु तथा सुराट् नामक सूर्य की ये सात रश्मियाँ हैं जिन्हें ऋग्वेद में सात अश्वों के रूप में कहा गया है। ये रश्मियाँ ही समस्त सृष्टि प्रक्रिया में विभिन्न रूपों में सहायक हैं। इनमें से सुषुम्ना नामक रश्मि चन्द्रमण्डल को प्रकाशित करती हुई चन्द्रतल से अमृतबिन्दुओं को पृथ्वी तक पहुँचाती हैं। जिनसे जीवन का संचार होता है। परन्तु यह जीवन किस रूप में दृश्य होगा? कोई भी जड़ चेतन शरीर बिना पंचमहाभूतों के मिश्रण से दृश्य नहीं हो सकता। अतः शेष छः रश्मियों में पाँच रश्मियाँ पंच महाभूतों की संवाहिका है। सूर्य सिद्धान्त में कहा गया है–

अग्निषोमौ भानुचन्द्रौ ततस्त्वंगारकादयः
तेजोभूखाम्बुवातेभ्यः ग्रहा पंच जज्ञिरे।[२]

अर्थात् एक-एक रश्मि एक-एक ग्रह का पोषण करती है तथा वहाँ के प्रभाव को ब्रह्माण्ड में फैलाती हैं, जिनसे पंचमहाभूतों की क्रियाशीलता बढ़ती है तथा उनके प्रभाव से विविध रूपों में सृष्टि के दर्शन होते हैं। इन सात रश्मियों में से सोम की संवाहिका सुषुम्ना रश्मि चन्द्र को पोषित करती है, तेज (ऊर्जा) की संवाहिका हरिकेश नामक रश्मि नक्षत्रों से सम्बन्ध रखती है। इससे यह भी ज्ञात होता है कि एक ऊर्जा स्रोत अपने समान गुणधर्म वाले अन्य ऊर्जास्रोतों से भी सम्बन्ध स्थापित कर अपनी ऊर्जाशक्ति का सन्तुलन बनाते रहते हैं। जैसा कि कहा है–

एवं सूर्यप्रभावेण सर्वा नक्षत्रतारकाः।
वर्धन्ते बर्धिता नित्यं नित्यमाप्यायन्ति च।।[३]

---

१. कूर्म पु० १.४१.३-४
२. सूर्यसिद्धान्त भू०अ० २४
३. कूर्म पु० १.४१.९

शेष विश्वकर्मा रश्मि भू तत्व की संवाहिका है, यह बुध को प्रकाशित एवं पोषित करती है। विश्वव्यचा जल तत्व की संवाहिका होने से शुक्र को, संयद्वसु तेज की संवाहिका होने से भौम को, अर्वावसु आकाश तत्व की संवाहिका होने से बृहस्पति को तथा वायु तत्व की संवाहिक सुराट् नामक रश्मि शनि को पोषित करती है। इसी प्रकार जब हम सहस्र रश्मियों के सन्दर्भ में विचार करते हैं तो कई तथ्य सामने आते हैं। इन तथ्यों पर प्रकाश डालने से पूर्व इन सहस्र रश्मियों का संक्षिप्त परिचय देना आवश्यक है। सूर्य की प्रत्येक रश्मि के १००० सूक्ष्म विभाग हैं।[१] इनको प्रमुख रूप से तीन भागों में विभक्त किया गया है।

१. वृष्टि सर्जना नाड़ी (अमृता)–इनमें १००-१०० रश्मियों की वन्दना, याज्या केतना तथा भूतना नामक चार उप नाड़ियाँ होती हैं। अर्थात कुल ४०० रश्मियाँ अमृता संज्ञक होती हैं।

२. हिमसर्जना नाड़ी (चन्द्रा)–इसमें १००-१०० रश्मियों की मेघ्य, पौष और ह्लादिनी नामक तीन उप नाड़ियाँ होती हैं। इसमें कुल ३०० रश्मियाँ होती हैं।

३. घर्मसर्जना नाड़ी (शुक्रा)–इसमें १००-१०० रश्मियों की ककुभ, गौ तथा विश्वभृत नामक कुल तीन उप नाड़ियाँ हैं इनकी कुल संख्या ३०० है। इस प्रकार तीनों नाड़ियों की रश्मियों की कुल संख्या १००० होती इसीलिए सूर्य को सहस्र रश्मि कहा जाता है। इससे यह भी ज्ञात होता है कि सूर्यरश्मियाँ केवल ऊष्णता ही नहीं प्रदान करती अपितु शीत और हिम की भी कारण होती हैं। जब हम इन रश्मियों में हिमसर्जना और वृष्टि सर्जना की चर्चा करते हैं तो हमें रमन इफेक्ट का स्मरण हो आता है।[२] सन् १९२८ में सर सी.वी. रमन ने जब समुद्र के गहरे जल के नीलेपन का रहस्योद्घाटन किया था। इससे पूर्व यही धारणा थी कि गहरे जल में आकाश का नीलारंग ही प्रतिबिम्बित होता है। परन्तु अपनी समुद्र यात्रा के समय ही सर सी.वी. रमन ने नीलेपन का कारण ढूंढ़ लिया था किन्तु उसकी आधिकारिक घोषणा २८ फरवरी १९२८ को की गई। सर सी. वी. रमन ने सिद्ध किया कि जल में दीखने वाला नीला रंग वस्तुतः जल के अणुओं द्वारा प्रकाश के प्रकीर्णन से होता है। अर्थात् रंग की सत्ता में भी प्रमुख रूप से सूर्य की

---

१. कूर्म पु० १.४१.११-१४

२. प्रज्ञा (सर सी.वी. रमन स्मृति अंक) १९८७-८८ पृ० २९७

विविक्त रश्मियाँ ही हेतु हैं। क्योंकि स्पष्ट रूप से कहा गया है कि "जल के अणुओं पर आपतित प्रकाश की विविक्त किरणों के प्रकीर्णन से नीला रंग समुद्र के गहरे जल में दृश्य होता है।" सूर्य की रश्मियों के जो सूक्ष्म विभाग हैं उन्हीं विविक्त किरणों (रश्मियों) के प्रकीर्णन से ही उक्त प्रभाव का सम्बन्ध है। इस प्रकार वैदिक साहित्य में सूर्य से सम्बन्धित अनेक ऐसे तथ्य हैं जिनपर गहन चिन्तन की अपेक्षा है। सूर्य के साथ-साथ खगोल से सम्बन्धित अनेक विषयों के प्रतिपादन एवं उपलब्धियों के भण्डार वेदों में निहित हैं। ज्योतिष शास्त्र वेदांग ही नहीं अपितु वेद का नेत्र भी माना जाता है। अतः यहाँ ज्योतिष की चर्चा न करते हुए उन बिन्दुओं की ओर इंगित करना अधिक उपयुक्त होगा जिनको आज की परिभाषा में विज्ञान कहा जाता है। विज्ञान की लगभग सभी विधाओं का मूल गणित शास्त्र है। इसका भी शुभारम्भ वेदों से ही होता है।

१. गणित—प्रारम्भिक गणित के प्रमुख तीन भेद होते हैं। १. अंकगणित, २. बीजगणित तथा ३. रेखागणित। जहाँ तक मैं समझ पाया हूँ वेदों में बीजगणित के संकेत नहीं है। किन्तु अंकगणित और रेखागणित के प्रचुर उदाहरण मिलते हैं। सर्वप्रथम वैदिक कालगणना ही स्वयं गणित का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। काल की सूक्ष्म इकाई का विभाजन करते हुए वैदिक ऋषियों में १ सेकण्ड के ३७९६८वें भाग तक का मान निकाल लिया।[१] काल की सबसे सूक्ष्म इकाई का नाम परमाणु रखा है। एक परमाणु का मान सेकेंण्ड में परिवर्तित करने पर दशमलव में ०.००००२६ सेकेण्ड (१ परमाणु = १/३७९६८ सै०) के तुल्य होता है। काल की बड़ी इकाई का मान एक के ऊपर १९ शून्य रखने पर आता है। जहाँ तक मैं जानता हूँ इतनी सूक्ष्म से लेकर इतने बड़े अंकों वाली संख्याओं का अंक विस्तार विश्व के किसी भी साहित्य में उपलब्ध नहीं था, आज भी सम्भवतः उपलब्ध नहीं है।

यजुर्वेद में उपलब्ध गणित के श्रेढ़ी व्यवहार का एक उदाहरण उल्लेखनीय है। चय प्रक्रिया का संकेत करते हुए पहले दो की वृद्धि के साथ १७ अंकों का तथा ४ की वृद्धि के साथ १२ अंकों का उदाहरण दिया है। पहले उदाहरण में आदि १ है। अर्थात् एक से संख्या का आरम्भ होता है। तथा २-२ की वृद्धि के साथ संख्या १७ अंकों तक आगे बढ़ती है।

---

१. १ त्रुटि = त्र्यसरेणु = ०.०००४७ सेकेण्ड, १ त्र्यसरेणु = ३ अणु = ०.०००१५ सेकेण्ड
१ अणु = २ परमाणु = ०.००००५२ सेकेण्ड, १ परमाणु = ०.००००२६ सेकेण्ड = १/३७९६८ सेकेण्ड

"एका च मे तिस्रश्च मे पंच मे .... त्रयस्त्रिंशच्च मे।[१]

इस प्रकार चय (वृद्धि) के उदाहरण में अन्तिम संख्या (सर्वधन) का ज्ञान करने के लिए भास्कराचार्य ने सूत्र दिया है–

"व्येकपदघ्नचयो मुखयुक्स्यादन्त्यधनं" (लीलावती)[२]

अर्थात् एक रहित पद को चय से गुणा कर आदि संख्या जोड़ने से अन्तिम संख्या का मान आता है। यहाँ आदि = १, चय = २, पद = १७ अतः सूत्रानुसार गणित करने पर–

१७ – १ = १६, १६ × २ = ३२, ३२ + १ = ३३ सर्वधन (अन्तिम संख्या) ये विषम संख्यायें ३३ वैदिक देवताओं (८ वसु + ११ रुद्र + १२ आदित्य + १ इन्द्र + १ प्रजापति = ३३) की सूचक हैं। इसी प्रकार सम संख्याओं की चयात्मक श्रेढ़ी का उदाहरण है। यथा–

"चतस्रश्च मेऽष्टौ च मे .... अष्टचत्वारिंशच्च मे।[३]"

यहाँ आदि (मुख) ४, चय ४ तथा पद १२ हैं। अतः सूत्रानुसार (१२ – १) ४ + ४ = ४८ सर्वधन का मान हुआ। यह संख्या जगती छन्द की अक्षर संख्या की सूचक है।

दूसरा उदाहरण यजुर्वेद का ही मन्त्र है–**"सप्तास्यासन् परिधयस्त्रिसप्त समिधः कृताः"** यह वृत्त और परिधि के सम्बन्ध का द्योतक है। मन्त्र के अनुसार वृत्त और परिधि में ७ और २१ का सम्बन्ध है, जो स्वल्पान्तर से गणितीय सिद्धान्त के अनुरूप है। गणित का सूत्र है–

व्यासे भनन्दाग्निहते विभक्ते खबाणसूर्यैः परिधिः स सूक्ष्मः।
द्वाविंशतिघ्ने विहृतेऽथ शैलैः स्थूलोऽथवा स्याद् व्यवहारयोग्यः।।[४]

अर्थात् व्यास को ३९२७ से गुणा कर १२५० से भाग देने पर सूक्ष्म परिधि का मान आता है। तथा व्यास को २२ से गुणा कर ७ का भाग देने से स्थूल परिधि का मान होता है। २२/७ का मान ३.१४३ तथा २१/७ का मान ३ होता है जो स्वल्पान्तर से बराबर ही है।

---

१. यजु० (रुद्राष्टाध्यायी) २.२४
२. लीलावती श्रेढ़ी० ३
३. यजु० (रुद्राष्टाध्यायी) २.२५
४. लीलावती क्षेत्र० ४०

शुल्बसूत्रों में जहाँ विविध वेदियों एवं चितियों की चर्चा है वह सम्पूर्ण गणितीय विषय है। वृत्त के क्षेत्रफल तुल्य चतुर्भुज बनाना या चतुर्भुज तुल्य वृत्त बनाना यह सब रेखागणित के अन्तर्गत आता हैं। चितियों में प्रयोग होने वाले ईंटों के साँचे का निर्माण भी कुशल तकनीकी प्रक्रिया से ही होता था क्योंकि अंगुल मान से लेकर हस्त प्रमाणों में वर्ग, आयत, त्रिकोण, अर्धवृत्त, पंचकोण आदि आकृतियों के ईंटों के निर्माण तथा उन्हें पकाने एवं वेदियों तथा चितियों में सुरक्षित स्थापित करने की जो प्रक्रिया है उससे ज्ञात होता है कि पहले चिति या वेदी का मानचित्र बनाते थे। तदनुसार परिमाण एवं आकृति का निर्धारण कर ईंटों का निर्माण होता था। ईंट को काटकर या गढ़कर लगाने की प्रथा वेदियों या चितियों में नहीं थी। ईंटों की गणना हेतु दस से लेकर परार्ध तक की विशाल संख्याओं का उल्लेख किया गया है।[१]

२. खगोल–सामान्य गणित के साथ-साथ खगोलीय गणित का भी चमत्कारिक उदाहरण ग्रहण के सन्दर्भ में उपलब्ध होता है। ग्रहों का भगण काल का ज्ञान कर उनकी गति एवं भगण पूर्ति काल के आधार पर ग्रहण चक्र का संकेत किया गया है जिससे एक ग्रहण की पुनरावृत्ति १८ वर्ष ११ दिनों में होती है। इस ग्रहण चक्र की उपपत्ति इस प्रकार है–

एक चान्द्रमास में २९.५३ दिन होते हैं। चन्द्रमा का नक्षत्रचक्रभ्रमण काल २७.३२१७ दिनों का होता है। अत: २२३ चान्द्र मासों तथा २४१ चान्द्रभगणों के काल लगभग तुल्य होते हैं। इस प्रकार जब तक चन्द्रमा २४१ भगण पूर्ण करता है, तब तक केवल २२३ चान्द्रमास पूर्ण हो पाते हैं। अर्थात् १८ भगण अथवा १८ × २७ = ४८६ नक्षत्र चन्द्रमा तब तक आगे हो जाता है। अत: त्रैराशिक से ज्ञात होता है कि एक चान्द्रमास में चन्द्रमा २.१७ अर्थात् दो नक्षत्रों से कुछ अधिक आगे होता है। यही कारण है कि मासान्त में कभी दो तथा कभी ३ नक्षत्रों का अन्तर आ जाता है। २२३ चान्द्रमास लगभग १८ वर्ष ११ दिनों के तुल्य होते हैं। चन्द्रमा अपनी गति से लगभग २७.२१२१ दिनों में अपने पात (राहु) स्थान पर आ जाता है। अत: ग्रहण का काल भी सम्भावित रहता है। इसी आधार पर १८ वर्ष तथा ११ दिनों के अन्तराल पर ग्रहणों की पुनरावृत्ति का पूर्व ज्ञान कर लिया जाता था। सरलता हेतु गणित द्वारा काल मानों की समता प्रदर्शित है[२]–

२२३ चान्द्रमास	=	२२३ × २९.५३	=	६५८५.३२ दिन
२४१ भगण	=	२४१ × २७.३२१७	=	६५८५.५२ दिन

१. बौधायन शु०सू०अ० २,४,७
२. ज्योतिर्निबन्धावली पृ० ९४

२४२ चन्द्रराहुयोग	=	२४२ × २७.२१२१	=	६५८५.३३ दिन
१८ वर्ष ११ दिन	=	१८ × ३६५.२५६३ × ११	=	६५८५.६१ दिन

वैदिकगणित के सन्दर्भ में शंकराचार्य स्वामी श्री भारतीकृष्णतीर्थ जी ने जिन सूत्रों की रचना की है वे अपने आप में स्वतः प्रमाण हैं। भास्कर आदि आचार्यों की रचनायें भी अपनी वैदिक परम्परा की ही परिचायिका हैं। गणित के अतिरिक्त अन्य विषयों की ओर दृष्टि डालने पर अनेक महत्त्वपूर्ण सामयिक विषयों पर गहन चिन्तन के सूत्र मिलते हैं। उनमें से कुछ महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं का उल्लेख करना चाहूँगा।

ब्रह्माण्ड के अपारत्व की ओर संकेत करते हुए कहा गया है–**"तीन द्युलोक हैं, उनमें से दो सविता के उदर में हैं।"** अर्थात् एक द्युलोक की हम कल्पना कर पाते हैं। इसके बाद ऋषि ने स्पष्ट कह दिया–**"इह ब्रवीतु य उ तच्चिकेतत्"** अर्थात् ब्रह्माण्ड को समग्र रूप में यदि कोई जानता हो तो मुझे बताये। अभिप्राय स्पष्ट है, कोई नहीं जानता।[1]

इन्द्र का परिचय देते हुए ऋषि ने सृष्टि के आरम्भ में पृथ्वी की स्थिति की ओर संकेत करते हुए कहा है कि–**"जिसने काँपती हुई पृथ्वी को स्थिर किया है उसे इन्द्र कहते हैं।[2]"** पृथ्वी के गोलत्व, निराधारत्व तथा सूर्याकर्षण वशात् आकाश में स्थिति के स्पष्ट उल्लेख से पृथ्वी के वास्तविक स्वरूप का पूर्णतः आभास हो जाता है। इतना ही नहीं पूर्व क्षितिज पर कृत्तिका नक्षत्र की सूचना अयनबिन्दु का संकेत करता है। ज्योतिषशास्त्र तो वेद का नेत्र ही है अतः उसका उल्लेख वेदों में अनेक स्थलों पर होना स्वाभाविक है। इसलिए यहाँ ज्योतिषशास्त्र के सन्दर्भों की चर्चा न कर अन्य वैज्ञानिक बिन्दुओं की ओर ध्यानाकर्षण करने का प्रयास करूँगा।

१. बृहदारण्यक में पुत्रमन्थ [3]कर्म के अन्तर्गत इच्छानुसार रंग-रूप और स्वभाव वाले सन्तान की उत्पत्ति का विधान बताया गया है। इस कर्म में उपयुक्त काल और विशिष्ट आहार का प्रयोग होता है तथा गर्भाधान के अनन्तर विविध संस्कारों का विधान है। आज का विज्ञान भी इस विषय पर गहन अनुसन्धान और प्रयोगों में संलग्न है।

२. पशुपालन और कृषि वैदिक काल का प्रमुख व्यवसाय रहा है। पशुओं में गौ का सर्वोच्च

---

१. उद्धृत भारतीय ज्यो० (ऋ०सं० १.३५.६)
२. द्रष्टव्य वैदिक सम्पत्ति पृ० २९०
३. उपनिषद् कालीन संस्कृति पृ० १९१

स्थान रहा है। गौ शब्द पृथ्वी का पर्याय भी रहा है। जब-जब पृथ्वी पर संकट आया है पृथ्वी ने गौ का ही रूप धारण किया। गौ सम्पत्ति की सूचक भी रही है। किसी भी व्यक्ति की भौतिक सम्पत्ति का अनुमान उसके पास गौओं की संख्या से ही लगाया जाता रहा है। वैदिक साहित्य के अनुसार गौओं की सृष्टि नहीं थी, इनकी आवश्यकता अनुभव कर अंगिरा ऋषि ने तपस्या कर गौओं को प्राप्त किया। गौओं के दुग्ध एवं घृत आदि से यज्ञों की हवि तैयार की जाती थी। इसलिए गौओं का विशेष वर्णन मिलता है। **गौओं का वर्गीकरण**[१] - रंगों के अनुसार गौओं को चार वर्गों में विभक्त किया गया है। १. **रोहित** (लाल वर्ण की गाय), २. **शुक्र** (श्वेत वर्ण की गाय), ३. **पृश्नि** (चित्रित या चितकबरी), ४. **कृष्ण** (काली गाय)। इसके अतिरिक्त इनकी अवस्थाओं के अनुसार भी इनका वर्गीकरण किया है।

श्वेत वर्ण की स्वस्थ गाय को **कर्कि**, गर्भिणी गाय को **गृष्टि**, दूध देने वाल गाय को **धेनु**, बन्ध्या को **स्तरी**, या **धेनुष्टरी**, काकबन्ध्या (जो केवल एक बार बच्चा दे।) को **सूतवत्सा**, जिसका गर्भपात हो जाता हो उसे **बेहत्**, जिसका बछड़ा मर गया हो तथा बछड़े के अभाव में दूध न देती हो किन्तु कृत्रिम बछड़े को भी देखकर दूध दे देती हो उसे **वान्या** या **निवान्या** कहा जाता था। बछड़े एवं बछड़ियों की संज्ञा उनकी आयु के आधार पर होती थी। यथा[२]-

आयु	बछड़ी	बछड़ा
दुधमुहाँ बच्चा	धरण	धरण
१.५ वर्ष	त्र्यवि	त्रैवि
२ वर्ष	दित्यौही	दित्यवाह
२.५ वर्ष	पंचावी	पंचावी
३ वर्ष	त्रिवत्सा	त्रिवत्स
३.५ वर्ष	तुर्यौही	तूर्यवाह
४ वर्ष	प्रष्ठौही	प्रष्ठवाह

---

१. संस्कृत वाङ्मय का वृहद् इतिहास, वेद खण्ड पृ० ५९४-९५

२. वही पृ० ५९३

युवा बैल	----	ऋषभ, वृष
गाड़ी खींचने वाला बैल	----	अनड्वान्
बधिया बैल	----	महानिरष्ट

गायों का दोहन दिन में तीन बार किया जाता था। प्रात: कालीन दोहन को प्रार्दोह मध्याह्न कालीन दोहन को संगव दोह तथा सायंकालीन दोहन को सायं दोह कहा जाता था। यहाँ संगव दोह संदेह उत्पन्न कर रहा है। क्योंकि संगव और मध्याह्न दोनों भिन्न-भिन्न काल हैं। अत: सम्भव है संगव दोहन मध्याह्न से पूर्व संगव काल में ही होता रहा हो। कुछ विद्वानों ने संगवदोह के स्थान "सद्भव दोह" का प्रयोग कर संदेह निवारण किया है।

गाय का दूध ही नहीं अपितु गाय से प्राप्त सभी वस्तुएँ गव्य कही जाती है। गव्य पाँच प्रकार के होते हैं। **१. दूध, २. दधि, ३. घृत, ४. गोमूत्र, ५. गोमय।** ये सभी यज्ञीय पदार्थ हैं तथा अति पवित्र हैं। इनके मिश्रण को पंचगव्य कहा गया है। इनकी पवित्रता बनाये रखने हेतु इसमें कुशोदक का भी मिश्रण करना चाहिए। पंचगव्य में सभी पदार्थों की मात्रा भी सुनिश्चित की गई है जो इस प्रकार हैं–

गोमूत्र	१ पल
गोमय	अंगुष्ठ की मोटाई का आधा
दूध	७ पल
दधि	३ पल
घृत	१ पल
कुशोदक	१ पल

पंचगव्य से भूमि एवं शरीर दोनों का शोधन किया जाता है। देव पूजन में पंचामृत का प्रयोग होता है। यह भी अत्यन्त पवित्र एवं शरीर शोधक माना जाता है। यह गोदुग्ध, दधि, घृत, मधु और शर्करा के मिश्रण से तैयार किया जाता है। गो सम्बन्धी यज्ञी महत्ता के अतिरिक्त इसकी व्यावहारिक एवं व्यावसायिक व्यवस्था भी उल्लेखनीय है।

गौओं के दिन में तीन बार दोहन[1] से यह तो स्पष्ट है कि दुग्धोत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाता था। गौओं की दुग्धोत्पादन क्षमता भी अधिक थी। इसलिए विविध दुग्धोत्पादों एवं उनके विपणन के प्रति जागरूकता भी स्वाभाविक है। दुग्धोत्पादों में प्रमुख रूप से दूध, दधि, मस्तु, आतन्चन, नवनीत, घृत, आमीक्षा तथा वाजिन्, व्यावहारिक भाषा में दधि, घृत, तक्र, पनीर तथा नवनीत के उत्पादन एवं विपणन की चर्चा है। इन दुग्धोत्पादों में तक्र के कई भेद बताये गये हैं जिनका आयुर्वेद की दृष्टि से बहुत अधिक महत्त्व है। तक्र मूलतः दो प्रकार के होते हैं–१. घृतयुक्त, २. घृत रहित। घृतयुक्त के तीन भेद हैं–१. समुद्धृतघृत (जिससे घी निकाल लिया गया हो), २. अर्द्धोद्घृत (जिससे आधा घी निकाला गया आधा तक्र में हो), ३. अनुद्धृत घृत (जिससे घृत न निकाला गया हो।) इसी प्रकार घृत रहित तक्र के पाँच भेद होते हैं– **१. घोल**–जिसमें जल की मात्रा न हो, अर्थात् जल रहित घोल, **२. मथित**–जल रहित मथित दधि का घोल, **३. तक्र**–दधि की मात्रा चौथाई भाग जल युक्त, **४. उदस्वित**–आधा जल आधा दधि, **५. छच्छिका**–सर हीन अर्थात् केवल दधि का जल, जिसमें दधि की अपेक्षा जल अधिक हो। इसी प्रकार नवनीत भी दो प्रकार होते हैं। १. दधि से उत्पन्न, २. दूध से उत्पन्न। इनके गुण धर्म का भी विवचेन आयुर्वेद में विशेष रूप से किया गया है।

इनके उत्पादन के साथ-साथ विपणन का भी उल्लेख है। इनके विपणन में माप तौल के राजकीय मानकों के अनुपालन में शिथिलता बरतने पर कठोर दण्ड का भी विधान था। गौओं के साथ-साथ अजा, अश्व, अवि और हस्ती आदि पशुओं के पालन का उल्लेख है। इनके अतिरिक्त जंगलों से मधु आहरण, मत्स्यपालन आदि व्यावसायिक कार्यों को भी राजकीय मान्यता प्राप्त थी।

३. कृषि–"अथोऽन्नेनैव जीवन्ति" इस उपनिषद वाक्य से ही कृषि के महत्त्व का अनुमान हो जाता है। महर्षि पराशर ने भी कृषि के महत्त्व को बतलाते हुए कहा है कि कानों में, कण्ठ में तथा हाथों में यदि स्वर्णाभूषण भरे पड़े हो तो भी अन्न के अभाव में उपवास ही करना पड़ेगा। अतः कृषि को किसी के ऊपर न छोड़कर स्वयमेव कृषि हेतु जाना चाहिए। कहा भी है–

> **पितुरन्तःपुरं दद्यात् मातुर्दद्यान्महानसम्।**
> **गोषु चात्समं दद्यात् स्वयमेव कृषिं ब्रजेत्।।**[2]

---

१. शार्ङ्गधर संहिता
२. कृषिपाराशर १.५ एवं ३.२

वैदिक काल में कृषि हेतु ऋतुओं का तथा वर्षा का पूर्वानुमान करने की प्रथा रही है। ऋतुओं के अप्रसन्न होने से कृषि का नाश तथा प्रसन्न होने से कृषि की वृद्धि होती है। छान्दोग्य उपनिषद में छः ऋतुओं की संज्ञा उनके विशेष गुणों के आधार पर की गई है। यथा–वसन्त को हंकार, ग्रीष्म को प्रस्ताव, वर्षा को उद्गीथ, शरद् को प्रतिहार, हेमन्त और शिशिर को निधन संज्ञा दी गई है। वृष्टिज्ञान के प्रसंग में वर्षा और ऋतुओं का समावेश स्वयमेव हो जाता है। उपनिषदों में कथाओं के माध्यम से अधिक से अधिक अन्न उपजाने की प्रेरणा दी गई है।

४. शिल्प एवं व्यवसाय[१]–मिट्टी के खिलौनें, मिट्टी के वर्तन, लोहे के उपकरण, आविक (ऊनी) वस्त्र, सुवसन आदि विविध वस्त्रनिर्माण, स्वर्णाभूषण, रथ, शकट आदि वाहनों के निर्माण आदि कार्यों के पर्याप्त उल्लेख मिलते हैं। इसी क्रम में लोहे के प्रति चुम्बक के सहज आकर्षण को दर्शाया गया है, परन्तु इस आकर्षण का कारण नहीं कहा गया। सीधे शब्दों में कह दिया गया है कि–"चुम्बक की ओर लोहे के दौड़ने का कारण अदृष्ट है।[२]"

५. स्थापत्य और वास्तु[३]–उपनिषद काल तक गृह, नगर, दुर्ग तथा सेतु निर्माण आरम्भ हो चुके थे। नवद्वार वाले पुर, महाशाल (विस्तृत भवन), आयसी पुर, लोहे के दुर्ग अथवा लोहे के समान सुदृढ़ दुर्गों के उल्लेख इस बात का संकेत देते हैं कि तब तक वास्तु एवं स्थापत्य का भी विकास प्रारम्भ हो गया था। गृह के अन्दर अन्तःसज्जा के क्रम में अनेक पुतलियों एवं यन्त्रों के निर्माण का भी विधान दिया गया है। समरांगण सूत्रधार में यन्त्र से उड़ने वाले पक्षियों, यन्त्र निर्मित द्वारपाल आदि की भी चर्चा है। भवन निर्माण के उपकरणों के सन्दर्भ में इष्टिका निर्माण की पद्धति का उल्लेख आवश्यक हो जाता है। यज्ञ की वेदी में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न आकृतियों एवं विभिन्न आकार वाली ईंटों का निर्माण तथा उनकी गणना पद्धति गणितीय एवं शिल्पीय दोनों दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है।[४] वेद तथा वैदिक साहित्य ज्ञानराशि से परिपूर्ण हैं। आवश्यकता है गहन परिशीलन एवं अनुसन्धान की। वैदिक समृद्धि का केवल गुणगान न कर यदि हम उनमें निहित ज्ञान राशि का प्रकाशन करें तो हमारी वेदों के प्रति श्रद्धा सार्थक होगी।

---

१. उपनिषद् कालीन सं० पृ० ३९७
२. द्र० वैदिक सम्पत्ति
३. उपनिषद् कालीन संस्कृति
४. इयं मे अग्न इष्टिका धेनवः सन्त्वेका च दशच शतं च .....परार्धश्चेता मेऽग्नइष्टका धेनवः। यजु० वाज० सं० १७.२

भारतीय वास्तुशास्त्र-एक चिन्तन•

प्रो० रमेशचन्द्र शर्मा

भारतीय वास्तु के प्रधान तत्त्व

यह अध्यात्म एवं प्रतीकात्मकता, वास्तु पुरुष एवं विश्वकर्मा दर्शन प्रधान, शिक्षा, जीवनमूल्य, मनोरंजन को देने वाला, आख्यान व कथानको का सागर, अलंकरण व शोभा पट्टियों से सुशोभित, मनुष्य, पशु व पक्षियों को आरामदेय विन्यास, सर्वोपरि दैवीतत्त्व, धार्मिक भवन, अधिक दृढ़ निर्माण परिकल्पना से परिपुष्ट है।

भारतीय वास्तु के उद्देश्य

क. भवन निर्माण – धार्मिक, आवासीय, सैन्य

ख. नगर विन्यास – उद्यान, आपण, राजमार्ग, सड़कें, रथ्या, विथि, सेतु, गोपुर, परिखा, नाली, परकोटा, बांध, प्रकाश आदि

ग. स्थल – स्थल चुनाव, मृत्तिका परीक्षण, प्रायोजन, प्रकल्पन, ज्योतिष विचार आदि

घ. बाह्य शोभा – शिल्प विधान आदि

च. अन्तः सज्जा – काष्ठ कर्म व शिल्प विधान आदि

छ. संस्मरणीयता Monumentality

विभिन्न पाश्चात्य वास्तुओं के लक्ष्य

यूनानी – सुन्दर संरचना Refined Perfection

रोमन – वैज्ञानिक निर्माण Scientific Construction

इटेलियन – विद्वत्ता की छाप Scholarship of the Age

फ्रांसीसी – अभिव्यक्ति की ललक Passionate Energy (Gothic)

कुछ रोमांचक तथ्य

अति प्राचीन काल में आरम्भ, अशोक के समय का ओप (polish) एवं यातायात उत्कृष्ट गुहा लक्षणों का प्राप्त होना।

विकास की धारा

शैलाश्रय, वृक्षाश्रय, आश्रम के निमित्त काष्ठ व पत्तियों का प्रयोग, मिट्टी का प्रयोग, ईंटों का प्रयोग, प्रस्तर का प्रयोग, जुड़ाई का सामान, सीमेन्ट, आर. सी. सी., फाइबर ग्लास आदि का प्रयोग मिलता है। भारतीय वास्तु पारिभाषिक शब्दों का एक विशाल भण्डार है। इस शास्त्र की विपुलता नगर, ग्राम, प्रासाद एवं भवन विन्यास से पूर्ण परिलक्षित होती है। तत्कालीन शिल्पियों स्थपतियों का नामोल्लेख भी उपलब्ध होता है। धम्मपद में महागोविन्द स्थपति पाँचवीं शती ई० पू० में अनेक नगरों के प्रकल्पक कहे गये हैं।

ईसा पूर्व भारत में वास्तु का स्वरूप–

भारत की दो प्राचीनतम संस्कृतियों का स्वरूप यहां दिखाया जा रहा है। जिसके अध्ययन से ज्ञात होता है कि दोनों संस्कृतियों में कितना प्रारम्भिक अन्तर था परन्तु सामान्य दृष्टि से एक ही रूप को कुछ इतिहासकारों की तरफ से दिखाया जाता है। जब कि दोनों में बहुत अन्तर दृष्टिगोचर होता है। काल विभाजन के क्रम में इन दोनों संस्कृतियों को पुरा एवं प्राक् काल के रूप में दिखाया गया है। इस प्रकार इन दोनों संस्कृतियों के मौलिक भेद समझ में आते हैं। यथा–

वैदिक (पुरा Pre)	सैन्धव (प्राक् Proto)
वन्य	नगरीय
आरण्यक/आश्रमीय	नगर व्यवस्था
पशुपालन	कृषि व व्यापार
अस्थायी	दृढ़ व ठोस
काष्ठ व वंश कच्ची ईंटे	पकी ईंटे
प्रस्तर का प्रयोग नहीं	प्रस्तर का भी प्रयोग
धातु आकृतियों के कुछ संकेत	धातु आकृतियां, उपकरण प्राप्त

खुली (open)	बन्द (closed)
व्याप्त, सचल	कुछ केन्द्रों तक सीमित
सादा किन्तु व्यावहारिक	विलासी और विकसित
सुरक्षा व प्रहार में सतर्क	रक्षा व प्रहार की उपेक्षा
योद्धा व कर्मठ	शान्ति प्रिय व भोगवादी
वास्तु में भरपूर अलंकरण	सौन्दर्य व अलंकरण उपेक्षित
स्तम्भ प्रधान	मोटी चौड़ी दीवालें
दर्शन, अध्यात्म, विज्ञान से भरपूर	अभी अस्पष्ट
लिपि की उपेक्षा किन्तु श्रुति	लिपि प्रधान किन्तु सम्प्रति अपठित
अवशेष अप्राप्त	अवशेष प्राप्त
आदि काल से अबतक तारतम्य	संस्कृति लुप्त
भारतीय सभ्यता के विकास का आधार	स्वयं ही समाप्त अतः आधार हीन

वैदिक वास्तु का दिग्दर्शन

वैदिक संहिताओं में वास्तुशास्त्र की प्रचुर सामग्री उपलब्ध होती है[१]। जैसे– धार्मिक या कर्मकाण्डीय वास्तु का प्रयोग यज्ञवेदियों में दृष्टिगोचर होना। इष्टिकाओं के अनेक नाम, प्रकार, प्रयोग एवं माप का मिलना। जनोपयोगी (secular) वास्तु में प्रासाद, राजप्रासाद, गृह आदि का विस्तृत वर्णन मिलना। पशुओं के उपयोग के लिए शालाएं या सदनों के प्रयोग का मिलना आदि।

वैदिक घरों के नाम

निरुक्त[२] में २२ प्रकार के घरों के नाम मिलते हैं। यथा– दम, गृह, गय, पस्त्या, सदन, सद्म, दुरोण, हर्म्य, शाल, अगार, आयतन, आवस्थ, वरूथ, संवरण, निवेशन, शर्मन्, कृदरः, गर्तः, कृत्तिः, योनिः, छाया आदि। सभी का स्पष्टीकरण संभव नहीं है तथापि कुछ शब्दों को स्पष्ट कर रहा हूँ। यथा– गय का अभिप्राय पूरे गृहस्थ के आवास योग्य स्थान से था।[३] **आवस्थ – अतिथि कक्ष**

---

१. ऋ० VII.55, अथ० III.12, IX.3

२. निघण्टु III.4

३. ऋ० I.742,V.103,V.44.7 अथ० II.6.3, VI.84.1

कहलाता था।[१] राजप्रासाद – विशाल भवन को कहते थे।[२] **सदन** – भवन जो निश्चय ही सामान्य गृह से बड़ा घर होता था।[३] सदन को ही आसन भी कहा जाता था।[४]

वैदिक घर के भाग

द्वार – आवागमन का मुख्य मार्ग, **सदस्** – आस्थान मण्डप की भांति पुरुषों की बैठक स्थान, **पत्नीसदन** – अन्तः पुर की भांति महिला कक्ष, **कोष्ठ/धरुणी/हविर्धान** – भण्डार गृह, **अग्निशाला** – यज्ञगृह, यज्ञमण्डप, **पशुशाला** – अश्वमती गोमती शाला[५], 'गोभ्यो अश्वेभ्यो नमो यच्छालायां विजयते',[६] **कोषे कोषाः समुब्जिताः**[७]– बहुमंजली, त्रिवरुथग[८], त्रिभुजशयान[९] त्रिधातु शर्मन्।[१०] त्रिधातुशरण[११]– संभवतः शीत, ग्रीष्म, वर्षा से सुरक्षित,[१२] **विशाल भवनों के नाम**– छर्दि, बर्ति, ओकस्, धामन, हर्म्य, शाला, शर्मन्, शरण वरूथ, क्षय उपलब्ध होते हैं। एक स्थान पर वरुण का भवन सहस्त्र स्तंभो का था एसा वर्णन मिलता है। यथा **सहस्त्र स्थूणा सदस्**[१३] **सभागार**– अधिक स्तम्भो/ द्वारों के विशाल भवन, देवताओं, बड़े राजाओं का सभा भवन। **'राजानो ध्रुवे सदस्युत्तमे सहस्त्र स्थूण आसाते'**।[१४] मुख्य द्वार का नाम 'प्रथम द्वार' कालान्तर में द्वार कोष्ठ हुआ। अनेक दीवालों (पक्षा) के मकान बनते थे जैसे–'द्विपक्षा, चतुष्पक्षा, षट्पक्षा, अष्टपक्षा, दशपक्षा' आदि।[१५] आज की बोली पक्षा को पक्खा भी कहते हैं। **कुलाय** – कमरा बड़े कक्ष को कुलाय कभी एक बड़े कक्ष में छोटे कमरे **'कुलाये अधिकुलायाम्'** भी होते थे।

---

१. छा० उप० IV.1.1
२. बृ० उप० IV.3.37
३. वा० स० १२.७९
४. अथ. VII.99.1, तै० सं० IV.3.1.1
५. अथ० III.12.2
६. अथ० IX.3.13
७. अथ० II.3.20
८. ऋ० VIII.20-21
९. अथ० VIII.9.2
१०. ऋ० VIII.40.12.
११. अथ० XX.83.1
१२. Dr.P. Ghosal, Lifestyle of the Vedic People, 2006, p.60.
१३. ऋ० II.41.5
१४. ऋ० II.41.5
१५. अथ० IX.3.21

सौन्दर्य पक्ष – सुन्दर रचना, अलंकरण, प्रतीक विधान नववधू से तुलना **'वधूमिव ते शाले'**[१] शाला हर्ष व उत्फुल्लता की प्रतीक अतः सुविधा के लिए बनायी जाती थी। शोभा की सभी वस्तुएं उपलब्ध होती थी। **पूर्णं नारी प्रभर कुम्भमेतम् घृतस्य धाराममृतेन सम्भृताम्..........................** **...गृहानुप प्रसीदाभ्यमृतेन सहाग्निना।**[२]

निर्माण – छोटे बड़े भवनों का निर्माण लकड़ी व बांस से होता था। **जिसका प्रमाण इसप्रकार** मिलता है। यथा– वंश (बांस), स्थूण (स्तम्भ), उपमित (स्तम्भ), परिमित (क्रास बीम), प्रतिमित (बीम), प्राचीन *वंश शाला* के जाल (फ्रेम) एवं मध्य में स्थूणराज (सिरदल) का परिचायक होता था। यथा–

उपमितं प्रतिमितभथो परिमितामुत।
शालया विश्ववारया नद्धानि विचित्रामसि।।[३]

शतपथ में मानवोपयोगी सदन में सिरदल दक्षिण से उत्तर होता था। **तस्मान्मनुष्या उदीचीनवंशमेव शालां वा विमितं वा।**[४] छत, छदिस्[५] फूस-विषुवन्त[६] बांसों का ढांचा बिछावन **वंशानां नहानानाम्**[७] बांसो को जकड़ कर बांधना, अक्षु[८]-छाजन-**ग्रन्थींश्चकर ते दृढान्**[९] अलंकृत घर चित्रित हस्तिनी की भांति, संभवतः गजपृष्ठाकार छत **'हस्तिनी पद्वती मितां पृथिव्यां तिष्ठति'**[१०] कभी कभी अलंकार व दृढ़ता के लिए धातु चादर प्रयोग के संकेत, मिलते हैं। **हिरण्य रूप** – सोने की जड़ाई, **अपस्थूण**[११]– सज्जा।

छतों के भेद–

इस सन्दर्भ में पलद, तृण, मुंज, शर, कुशा, वीरण आदि भेद मिलते हैं। **अक्ष** = धमारा **'ओपशं**

---

१. अथ० IX.3.24
२. अथ० III. 20.8-9
३. अथ० III.5.1.1
४. श० III.1.17
५. ऋ० X.85.10, अथ० III.12.3
६. अथ० IX.3.8
७. अ० IX.3.4
८. ऋ० I.108.5, अथ० VIII.8.18
९. अथ० IX.3.3
१०. अथ० IX.3.24
११. ऋ० V.62.8

वितत्तं सहस्राक्षं विषुपति[१]' उदर = मध्य भाग आंगन, प्रतीची = पृष्ठ भाग, गृह समुह की छोटी इकाई ग्राम, बड़ी ईकाई पुर/नगर, निर्माता (architect) वास्तोस्पति[२]।

सिन्धु सभ्यता का वास्तु–

हड़प्पा सभ्यता की खोज १९२१ में दयाराम साहनी द्वारा की गयी। तथा मोहेनजोदड़ो की खोज १९२२ में राखालदास बनर्जी द्वारा हुईं। बलूचिस्तान में १९२७–३१ में आर्ल स्टाइन व ननीगोपाल मजुमदार को सिन्धु सभ्यता के अवशेष मिले। भारत में १९४७ के बाद लोथल (गुजरात), रोपड़ (पंजाब), कालीबंगा (राजस्थान), आलमगीरपुर (उ० प्र०) में भी इस सभ्यता के बहुत उल्लेख उपलब्ध हुए।

विस्तार

इस सभ्यता का निरन्तर पश्चिम से पूर्व १६०० किमी०, उत्तर से दक्षिण ११०० किमी० तक का विस्तार मिलता है। जिसका स्पष्टीकरण इस प्रकार मिलता है। सुत्कगेन–डोर (बलूचिस्तान) से आलमगीरपुर (मेरठ) – १६०० किमी०। सराइखोला (पश्चिमी पंजाब) से भगत्राव (गुजरात) – ११०० किमी०।

समय

यदा त्वेक भे सप्तमे चैव ग्रामे तदा वैरमाहुः त्रिषष्ठे च हानिः।
चतुर्थाष्टरिष्फे भवेद् रोगमृत्युः शुभं शेषभावे भवेद् भूमिदेवाः[१]।।

यद् भं द्वयंकसुतेशदिङ्. मितमसौ ग्रामः शुभो ग्रामभात्[२]

(ii) मुहूर्तः गृहारंभ शुभ सौर मास, शुभ नक्षत्र, शुभवार तथा शुभ तिथि में होना चाहिये।

(अ) गृहेशतः स्त्री सुखवित्तनाशोऽर्केन्दोज्यशुक्रे विवलेऽस्तनीचे।
कर्तुः स्थितिर्नो विधुवास्तुनोर्भे पुरः स्थिते पृष्ठगते खनिः स्यात्[३]।।

(आ) गृहारंभ हेतु शुभ मास–
भौमार्किचन्द्रगेहेऽर्के गृहारम्भः शुभप्रदः
शुक्रग्रहे स्वगेहस्थे दिवानाथे हि मध्यमः।
बुधे वाचस्पतिगृहे रवौ गेहं न कारयेत्
वैशाखे वृषभेऽर्केऽपि चोत्तमं चाश्विने तुले।।[४]

जब सूर्य चन्द्रमा, शनि तथा मंगल के घर (४, १०, ११, १, ८ राशियों) में हो तो श्रेष्ठ। शुक्रगृह (२,७) तथा स्व गृह (५) में मध्यम तथा बुध (३,६) गुरू (९,१२) गृह में अर्थात्

१. वास्तुमाणिक्य रत्नाकर श्लोक ६, पृ० २ चक्र पृ० ३/४
२. मुहूर्त चिन्तामणि,(XII-1) पृ० २००
३. वही, (XII-6) पृ० २०३
४. वास्तुमाणिक्य रत्नाकर ११०-१११, पृ० ३५

द्विस्वभाव राशियों में नेष्ट होता है। विवाह में भी धनुमीन राशियाँ वर्ज्य है किन्तु वहां चातुर्मास वर्ज्य होने के कारण शेष संक्रान्तियाँ ग्राह्य हैं। यहां भी पांच संक्रान्तियां ही ग्राह्य हैं। चान्द्र मासों की स्थिति यह है कि यदि उन मासों में उक्त श्रेष्ठ संक्रान्तियां पड़ती हैं तो ग्राह्य हैं अन्यथा नहीं। जैसे पौष, माघ तथा फाल्गुन में यदि मकर का सूर्य है तो उसी सीमा तक ग्राह्य है। यह पुरानी परम्परा का निर्देश है–

पौषे माघे तपस्ये च मकरेऽर्के शुभप्रदः।
चैत्रे कुम्भे च मेषस्थे दिवानाथे गृहं शुभम्[१]।।

इसका अर्थ है कि कभी फाल्गुन में भी मकर का सूर्य होता था तथा कभी चैत्र में भी कुम्भ का सूर्य था। अन्य मासों की भी यही स्थिति है। आश्विन में सिंह संकान्ति तथा माघ में धनु सर्वथा वर्ज्य है। विवाह की छः संक्रान्तियों में से केवल मिथुन इसमें नहीं है। कर्क अतिरिक्त है।[२]

(इ) गृहारंभ के नक्षत्र
रोहिण्यां त्र्युत्तरे पुष्ये मृगे मैत्रे करत्रये।
वसुद्वये हि रेवत्यां गृहारम्भ सुखप्रदः।।[३]

रोहिणी, तीनों उत्तरा, स्वाती, मृग, अनुराधा, हस्त, रेवती, पुष्य, चित्रा, धनिष्ठा, शतभिषा विवाह के ११ नक्षत्र होते हैं। उसमें से प्रथम ९ वे ही नक्षत्र हैं। इसमें १३ नक्षत्र हैं–पुष्य, चित्रा, धनिष्ठा और शतभिषा अलग हैं।

(उ) अन्य मुहूर्त के सिद्धान्त
कुयोगास्तिथिवारोत्थास्तिथिभोत्था भवारजाः।
विवाहादिषु ये वर्ज्यास्ते वर्ज्या वास्तुकर्मणि।।[४]

पापैस्त्रिषष्ठायगतैः सौम्यैः केन्द्रत्रिकोणगैः।
निर्माणं कारयेद् धीमान् अष्टमस्थैर्खलैर्मृतिः।।[५]

---

१. वहीं पृ० ३५, श्लोक ११२
२. मुहूर्त निन्तामणि, (VI-13) पृ० ११३
३. वा.मा.र ११७
४. वि.प्र. III-11
५. वि.प्र. III-19

ये सभी ज्योतिष के सामान्य स्वीकृत सिद्धान्त हैं। अष्टम गृह खाली रहना चाहिये। अष्टम में पाप ग्रह तो एसे लग्न में गृहारम्भ मुहूर्त्त होना ही नहीं चाहिये।

वास्तु पूजन तथा शान्ति–

सभी वास्तु ग्रन्थों तथा सभी ज्योतिष ग्रन्थों में वास्तु शान्ति तथा ग्रह शान्ति के उपाय पूजन द्वारा बताये गये हैं जो लगभग समान हैं। सूत्रधार मण्डन विरचित राजवल्लभ मण्डन के दूसरे अध्याय के श्लोक २६ से ३९ तक का अंश वास्तुपूजन के लिये समर्पित है तथा सूत्रधार कहता है कि–

'अकपाटमनछिन्नम् दत्तबलिभोजनम्।
गृहं न प्रविशेद्धीमान् विपदामाकरं तु तत्[१]।।

सारांश यह है कि वास्तुशास्त्र तथा ज्योतिर्विज्ञान का घनिष्ठ अन्तः सम्बन्ध है तथा वे एक दूसरे के पूरक हैं तथा उनमें से किसी एक के ज्ञान के बिना दूसरी विद्या का ज्ञान अधूरा है। कोई भी ज्योतिर्विद् तब तक अपने को पूर्ण नहीं पाता जब तक उसे वास्तु शास्त्र का भी ज्ञान न हो तथा कोई भी वास्तुविद् ज्योतिष के ज्ञान के बिना अपूर्ण है। इसी बात को ध्यान में रखकर ज्योतिर्विद् शिरोमणि वराह मिहिर ने वास्तुविद्याऽध्याय के प्रारंभ में लिखा है–

वास्तुज्ञानमथातः कमलभवान्मुनिपरम्परायातम्।
क्रियतेऽधुना मयेदं विदग्धसांवत्सरप्रीत्यै[२]।।

भट्टोत्पल ने विदग्ध सांवत्सर का अर्थ 'पण्डितदैवज्ञानां' किया है । सचमुच बिना वास्तुज्ञान के 'दैवज्ञ' पण्डित नहीं हो सकता है। यहाँ गृह एवं गहेश की गुणबोधक सारिणी दी जा रही है जिससे सरलता से यह जाना जा सकता है कि कौन सा नक्षत्र अधिक शुभ होगा। यथा–

---

१. रा.वा.म. II-39
२. बृहत्संहिता : वराह मिहिर (भट्टोत्पल की टीका) द्वितीय भाग वाराणसेय संस्कृत वि.वि. १९६८ (शक १८९०) ५२/१, पृ० ५६७

गुणबोधकचक्र

राशि	गृहेश नक्षत्र	गृहनक्षत्रगुणसंख्या							
		न.	गु.	न.	गु.	न.	गु.	न.	गु.
मेष	अ.	आ.	२७	पु.	२९।।	पू.भा.	२६	उ.फा.	२६।।
	भ.	पू.फा.	२७	पू.षा.	२८	पुण्य	२८।।	पू.भा.	२३।।
	१ कृ.	स्वा	२५	वि	२८।।	श्ले.	२७।।	म.	२५।।
वृष	३ कृ.	म.	२६	रो.	२९	स्वा	२०।।	वि.	२३।।
	रो.	स्वा	२४।।	श्र.	२५	पू.+भा.	२५	उ.षा.	१९।।
	२ मृ.	पू.फा.	२५।।	चि+	२०	ध.+	२१	अनु.	२७।।
मिथुन	२ मृ.	पू.फा.	२५।।	पू.भा.	२७	भ.	२५	उ.भा.	२४।।
	आ.	अश्विनी	२५	उ.फा.	३१।।	ह.	३१।।	पू.भा.	२५
	३ पु.	अश्विनी	२६	उ.फा.	३१।।	ह.	३१।।	आ.	३२।।
कर्क	१ पु.	अश्विनी	२८।।	उ.फा.	२७।।	ह.	२७	पू.भा.	२१
	पु.	भ.	३१।।	मृ.	२५	चि+	२०	ध.+	२१
	श्ले.	कृ.	३१।।	स्वा	२३	वि	२७	श्र.	२३
सिंह	म.	रो.+	२०।।	स्वा	२१।।	वि.	२९।।	श्ले.	२३
	पू.	मृ.	२८।।	भ.	३२।।	चि.	२०।।	अनु.	२८।।
	उ. १	आ.	३०।।	पु.	२९।।	पू.भा.	२५।।	अ.	२४
कन्या	उ. ३	आ.	३२।।	पु.	३१।।	हस्त	३२।।	पू.भा.	२३
	ह.	आ.	३२।।	पु.	३२।।	मू.	२१	उ.फा.	२५
	चि २	मृ. +	२१+	पू.+षा	२०	ध.	२४।।	उ.भा.	२४।।
तुला	चि २	मृ. +	१८	पू.+षा	२०	ध.	३१।।	भ.	२२।।
	स्वा	उ.षा.	२७	श्र.	३१।।	कृ.	२३।।	रो.	२३।।
	वि ३	+उ.षा	२०	श्र.	२५।।	कृ.	२७।।	स्वा	२७
वृश्चिक	वि १	रो.+	२४।।	भ.	३२।।	श्र.	२२	श्ले.	२३।।
	अ.	मृ.	३०	पू.फा.	३२।।	चि +	१९	ध.	२२
	ज्ये.	उ.+फा.	३१।।	ह.	२४।।	श.	२७	अ.	२०

राशि	गृहेश--नक्षत्र	ग्रह नक्षत्रगुणसंख्या च							
		न.	गु.	न.	गु.	न.	गु.	न.	गु.
धनु	मू.	पु.	२४	ह.	२२	श.	३०।।	आ.	२४
	पू.	भ.	२७	पू.फा.	२७	उ.भा.	३०।।	चि.	२२
	उ. १	स्वा	२६	श्र.	२३	रे.	३०।।	कृ.	२२।।
मकर	उ. ३	कृ. +	२३।।	स्वा	३०।।	श्र.	३२।।	रे.	२८।।
	श्र.	कृ. +	१९।।	स्वा	३१।।	रो.	२६	रे.	२८।।
	ध. २	मृ.	२१	चि.	२६	उ.भा.	२४	पु.	२०
कुम्भ	ध. २	मृ.	२७	पू.फा.	२६	पू.षा.	२२।।	चि.	२४।।
	श.	आश्वि.	२३	मू.	२९।।	आ.१९	उफा२०।।	पू.भा.२७	
	पू.	अ.	२४	उ.फा.	३२।।	आ.	२४।।	श.	२७
मीन	पू.	आ.	२७	पुन.	२७।।	ह.	२७	मू.	२८
	उ.	मृ.	२५	पू.षा.	३१।।	पु.	२५	भ.	२५।।
	रे.	रो.	२७	उ.षा.	३५	श्ले.	२०	श्र.	३०।।

वास्तुशास्त्र में पदविन्यास परिकल्पना

प्रो० रामचन्द्र झा

वस निवासे धातु से तुन् प्रत्यय करने पर वास्तु शब्द बनता है। इसका अर्थ है वसन्ति लोका अत्र। अर्थात् वास्तु उसे कहते हैं जहाँ लोग निवास करते हैं। अमरकोश में भी कहा गया है–वेश्म-भूर्वास्तुस्त्रियाम्। अर्थात् जिस स्थान पर घर बनाकर लोग रहते हैं उस स्थान को वास्तु कहते हैं। इसे वासडीह, घरारी, निवास स्थान, वासभूमि, आवासस्थल आदि नाम से भी जाना जाता है। यहाँ वास्तु के अन्तर्गत पशुगृह, पक्षीगृह, देवगृह, व्यावसायिक गृह आदि भी लिया जाता है।

लोककल्याणार्थ वासभूमि को अधिक से अधिक सुखद, प्रसन्नतादायक एवं सुन्दर बनाने की दृष्टि से वास्तुशास्त्र के अन्तर्गत इसके विभिन्न विधाओं पर विचार किया गया है। यथा–वासयोग ग्राम विचार, दिग्भेदेन वस्तुभेदेन गृहविचार, जलसाधनविचार, द्वारविचार, प्राङ्गणविचार, मार्गविचार, भूमिशोधन एवं शुभाशुभ परीक्षण, गृहारम्भ एवं गृहप्रवेश मुहूर्त्त, पाकालय शौचालयादि विचार पदविन्यास तथा वास्तुपूजा विचार एवं वास्तुशान्ति विचार आदि।

यद्यपि उपर्युक्त सभी विषयों का प्रत्यक्ष तथा परोक्ष–दोनों ही दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण स्थान है। किन्तु इनमें भी पद विन्यास का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान है।

भगवान् शिव और अन्धकासुर के युद्ध के समय भगवान् शंकर के शरीर से पृथ्वी पर स्वेद (पसीना) गिरा। उस स्वेद से सहसा एक अद्भुत प्राणी की उत्पत्ति हुई जिससे पृथ्वी एवं स्वर्ग–दोनों स्थानों में महान् भय व्याप्त हो गया। एकाएक ऐसी स्थिति देखकर देवताओं ने उस अद्भुत प्राणी को पकड़कर अधोमुख करके पृथ्वी पर रख दिया तथा उन्होंने (देवताओं ने) उसे (अद्भुत प्राणी) वरदान दिया कि–आज से आप वास्तुपुरुष के नाम से सर्वत्र विदित होंगे और वास्तुकर्म में आपकी पूजा होगी। इस पूजा के फलस्वरूप लोगों का सर्वथा कल्याण होगा। जो वास्तुकार्य में आपकी पूजा नहीं करेंगे उसकी सर्वथा हानि होगी। देवताओं के इस वरदान के फलस्वरूप वे अद्भुत प्राणी कल्याणकारक तथा वास्तुपुरुष के नाम से प्रसिद्ध हुए। यथा–

सङ्ग्रामेऽन्धकरुद्रयोश्च पतितः स्वेदो महेशात् क्षितौ
तस्माद्भूतमभूच्च भीतिजननं द्यावा पृथिव्योर्महत्।
तद्देवैः सहसा निगृह्य निहितं भूमावधोवक्त्रकं
देवानां वचनाच्च वास्तुपुरुषस्त्रेनैव पूज्यो बुधैः[१]।।

भवनपुरसुराणां सूत्रयो पूर्वमुक्तः
कथित इह पृथिव्याः शोधने च द्वितीयः।
तदनुमुखनिवेशे स्तम्भतिरोपणे स्याद्
भवनविशनकाले पञ्चधा वास्तुयज्ञः[२]।।

पासादे भवने तडागखनने कूपे च वाप्यां वने
जीर्णोद्धारपुरेषु यागभवनप्रारंभ निवर्त्तने।
वास्तोः पूजनकं विधाय कथितं पूजा विना हानये
तस्माद्यत्नपरेण तत्करजतः संपूजनीयः सता[३]।।

निर्माणे मन्दिराणाञ्च प्रवेशे त्रिविधेऽपि वा।
वास्तुपूजा तु कर्त्तव्या यस्मात्ता कथयाम्यतः।।
एवं यः कुरुते सम्यग्वास्तुपूजां प्रयत्नतः।
आरोग्यं पुत्रपौत्रादि धनधान्यं लभेन्नरः।।

वास्तुपूजामकृत्वा यः प्रविशेन्नवमन्दिरे।
रोगान्नानाविधान्क्लेशानश्नुते सर्वसङ्कटम्[४]।।

यः पूजयेद्वास्तुमनन्यभक्त्या न तस्य दुःखं भवतीहि किञ्चित्।
जीवत्यसौवर्षशतं सुखेन स्वर्गे नरस्तिष्ठति कल्पमेकम्।।

वास्तुपूजाविहीनश्च सूत्रधारैर्विना तथा।
सप्तजन्म भवेत्कुष्ठी सकर्त्ता नरकं व्रजेत्[५]।।

---

१. वास्तुरत्नावली पृ० ४५
२. वास्तुराजवल्लभ १।२७
३. वास्तुरत्नावली पृ० ४५
४. मु० चिन्तामणि (१३।३) पीयूषधारा
५. वास्तुरत्नाकर, ११।६७-६८

अकपाटमनाच्छन्नमदत्तबलिभोजनम्।
गृहं न प्रविशेदेवं विपदामाकरं हि तत्[१]।।

उक्त वास्तुपुरुष के जिस अङ्ग को जो देवता पकड़कर पृथ्वी पर अधोमुख किया, वे देवता वास्तुपुरुष के उस अङ्ग में पूज्य हुए। अतः इन अङ्गदेवताओं के साथ-साथ वास्तुदेव का पूजाविधान किया गया है। इन देवताओं की पूजा हेतु पद (स्थान) का विन्यास किया गया है। यथा–एकोनपञ्चाशत्पद, चतुष्षष्टिपद्, एकाशीतिपद, शतपद, चतुश्चत्वारिंशदधिकशतपद्, एकोनसप्तत्यधिकशतपद तथा षण्नवत्यधिकशतपद आदि।

वास्तुशास्त्र में यह भी कहा गया है कि एकांश से लेकर सहस्रभाग का वास्तुपुरुष का पद होता है तथा क्षेत्राकृति की तरह वास्तुपुरुष की आकृति होती है।

इस क्रम में गृह देवमन्दिर, नगर आदि के भेद से भिन्न-भिन्न पद वाले वास्तुदेव की पूजा करने का निर्देश भी प्राप्त होता है। यथा–नगरनिर्माण, ग्रामनिर्माण एवं राजप्रासादनिर्माण में ६४ पद वाले, सभी प्रकार के गृहनिर्माण में ८१ पद वाले तथा कूप, वापी, तड़ाग, वन एवं उद्यान तथा समस्त जलाशयनिर्माण में १९६ पद वाले वास्तुपुरुष की पूजा करनी चाहिए। यथा–

क्षेत्राकृतिर्वास्तुरिहार्यमीयस्त्वे कीशतो भागसहस्त्रयुक्तः।
साधारणोऽष्टाष्टिपदेषु तेषु चैकाचिकाशीतिपदस्तथैव[२]।।

गुणो भूपतिमन्दिरे च नगरे पूज्यश्चतुष्पष्टिकै-
रेकाशीतिपदैः समस्तभवने जीर्णे नवाब्ध्यंशकैः।
प्रासादेमतु शतीशकैस्तु सकले पूज्यस्तथा मण्डपे
कूपे षण्णवचन्द्रभागसहितेवाप्पी तडागे वने[३]।।

पदनिर्माणक्रम–पूवापर एवं याम्योत्तर अथवा खड़ी और पड़ी लम्बरूप आठ-आठ, नौ-नौ, दश-दश, ग्यारह-ग्यारह, तेरह-तेरह, चौदह-चौदह एवं पन्द्रह-पन्द्रह रेखाओं के खींचने से क्रमशः ४९, ६४, ८९, १००, १४४, १६९ एवं १९६ कोष्ठों का एक वर्गाकार क्षेत्र बनता है। इन क्षेत्रों में परस्पर रेखाओं की दूरी दो अंगुली अर्थात् समान होती है।[४] इन्हीं कोष्ठों में देवताओं की पूजा होती

---

१. वृहद्वास्तुमाला, गृहप्रवेशप्रकरण, श्लो० १९
२. वास्तुरत्नावली पृ० ४५-४६
३. वास्तुराजवल्लभः २।४
४. वर्षकृत्य द्वितीय भाग, गृहप्रवेशविधि, पृ० ३६ (म०म० रुद्रधर एवं मीमांसक जगद्धर झा)

है। चूँकि (८१ को छोड़) इन क्षेत्रों में आमने-सामने कोणगत रेखाएँ भी खींची जाती हैं। अतः अर्द्धपद एवं डेढ़ पद आदि में भी देवताओं की पूजा होती है। वास्तुशास्त्र में ये सभी चक्र सचित्र बने हुए हैं। उन्हें देखने से स्पष्टता प्रतीति होती है।[१] यहाँ केवल उदाहरण के लिये एकाशीति पदात्मक वास्तुचक्र का उल्लेख किया जाता है। क्योंकि पूर्वोक्त सभी कार्यों में वास्तुविदों ने इसकी प्रधानता बतलाई है–

८१ पदवास्तुचक्र

पूर्व

उत्तर (बायें) — दक्षिण (दायें)

ईश (शिखी)	पर्यन्यः	जयन्तः	इन्द्रः	सूर्यः	सत्यः	भृशः	आकाशः	अनलः (अनिलः)
दितिः	आपः	↓	↓	↓	↓	↓	सविता	पूषा
अदितिः	→	आपवत्सः	←	अर्यमा	→	सावित्रः	←	वितथः
भुजगः	→		↑	↑	↑		←	गृहक्षतः
कुबेरः	→	पृथ्वीधरः	ब्रह्मा	⟶		विवस्वान्	←	यमः
भल्लाटः	→		↓	↓	↓		←	गन्धर्वः
मुख्यः	→	राजयक्ष्मा	←	मित्रः	→	इन्द्रः	←	भृङ्गराजः
नागः	↑	↑	↑	↑	↑	↑	जयः	मृगः
रोगः	पापयक्ष्मा	शोषः	असुरः	वरुणः	पुष्पदन्तः	सुग्रीवः	दौवारिकः	पितरः

पश्चिम

१. वास्तुरत्नावली पृ० १८६-१९६ तक

६४ पदवास्तुचक्रः

शिखीः / दितिः	↑	जयन्तः	इन्द्रः	सूर्यः	सत्यः	↑	आकाशः / अनलः
अदितिः	पर्यन्यः / अदितिः	↓	↓	↓	↓	भृशः / पूषा	पूषा
भुजगः	→	आपवत्सः / आपः	अर्यमा		सविता / सावित्रः		वितथः
कुबेरः	→	पृथ्वीधरः	ब्रह्मा		विवस्वान्	←	गृहक्षतः
भल्लाटः	→					←	यमः
मुख्यः	→	रुद्रः / रुद्रदासः	मित्रः		इन्द्र / जयः	←	गन्धर्वः
नागः	नागः / शोषः	असुरः	वरुणः	पुष्पदन्तः	सुग्रीवः	भृंगराजः / दौवारिकः	→
रोगः / पापयक्ष्मा	शोषः	↓	↓	↓	↓	↓	मृगः / पितरः

८१ पद के बाद ६४ पद की भी महत्ता बतलायी गयी है। पद्धतिकारों ने भी इन दोनों पदों के आधार पर पूजा का निर्देश किया है। व्यवहार में भी यही स्थिति देखी जाती है।

उक्त पद हस्तमात्र परिष्कृत भूमि या विहित आसन पर आमतण्डुल विद्याकर समान दो-दो अंगुल की दूरी पर पश्चिम से पूरब की ओर उत्तरोत्तर क्रम से तथा दक्षिण से उत्तर की ओर पूर्वपश्चिम क्रम से ९ या दश रेखा (६४ पद या ८९ पद हेतु) खींचकर बनाना चाहिए। कुंकुम, चन्दन, सिन्दूर आदि की सहायता से सुवर्ण या रजतादि शलाका द्वारा दाहिने हाथ से रेखा खींचकर बनाया जाता है। प्रत्येक पद में विहित रीति एक, दो या तीन आदि पदों में अपने-अपने विहित रंग के अनुसार (रक्त, पीत, कृष्ण आदि वर्ण के अनुसार पूजा करने का विधान भी बतलाया गया है। वास्तुपूजा पद्धति में इन सभी विषयों का विधिवत् निर्देश दिया हुआ रहता है।

वापी, कूप, तड़ाग, सरोवर आदि का निर्माण

प्रो० वासुदेव शर्मा

भारतीय वास्तुशास्त्र को स्थापत्य वेद अथर्ववेद के उपवेद रूप में स्वीकार किया गया है। मनुष्य की आवासीय व्यवस्था से लेकर पञ्चमहाभूतों का दैनन्दिन जीवन में समुचित प्रबन्धन एवम् प्रयोग कैसे हितकारी बने यही इसका प्रमुख उद्देश्य है। पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश, ये पञ्चमहाभूत ही समग्र सृष्टि के मूल कारण हैं यह कहना अतिशयोक्ति नहीं है। लोक स्रष्टा ब्रह्मा ने जब समस्त सृष्टि का निर्माण प्रारम्भ किया तो–**"तस्माद्ध एतस्मादाकाशः सम्भूतः आकाशाद्वायुः वायोरग्निरग्नेरापः अद्भ्यः पृथ्वी ततोऽन्नानि ततः प्रजाः"** तथा च–**"ऋतञ्च सत्यञ्चाभीधा त्तपसोऽध्यजायत। ततो रात्र्यजायत। ततः समुद्रोऽर्णवः समुद्रा- दर्णवादधि संवत्सरो अजायत। अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिशतो वशी। सूर्याचन्द्रमसौ धाता यथा पूर्वमकल्पयत्। दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्ष मथो स्वः।"** पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति का क्रम, समुद्रों की उत्पत्ति एवम् जलतत्त्व का प्राणिमात्र के लिये विशेष महत्त्व स्वतः सिद्ध होता है।

पञ्चमहाभूतों में जल तत्त्व की विशेषता–

यद्यपि सृष्टि का आधार पञ्चमहाभूत हैं तथापि इनमें विवेचनीय विषयानुसार वापी, कूप, तड़ाग एवम् सरोवर की आत्मा जल तत्त्व है अतः हम यहाँ जल तत्त्व की प्रधानता का ही विवेचन करेंगे। मनु का वचन है–**"अप एव ससर्जादौ तासु वीर्यमवासृजत्"। "जलम्"** इस शब्द में "ज"कार जगत् की उत्पत्ति अर्थात् जन्म का कारण है। तथा "ल"कार "लय" प्रलय का कारण है। **"जलति जीवयति लोकान् आच्छादयति इति भूम्यादीनि"** इस व्युत्पत्ति के आधार पर जल शब्द के सैकड़ों पर्याय शब्द भी इसके महत्त्व को आख्यापित करते हैं। महाभारत में कहा है–**"अन्नौषध्यो महाराज वीरुधश्च जलोद्भवाः। यतः प्रापभृताम् प्राणाः सम्भवन्ति विशाम्पते।"** वैदिक मन्त्रों के अनुसार **"दिव्य भौम आन्तरिक्ष"** भेद से जल के तीन भेद हैं।

"या दिव्याः आपः पयसा सम्बभूवुर्या आन्तरिक्षाः उत पार्थिवीर्याः" तथा च–**"पयः पृथिव्याभ्यम् औषधीसु पयोदिव्यन्तरिक्षे पयोधाः पयस्वतीः प्रदिथः सन्तु मह्यम्"** इत्यादि वैदिक मन्त्रों में जल के लिये आपः, पयः, अम्भः, रसः, सलिलम्, अमृतम् इत्यादि शब्दों का विशेष प्रयोग हुआ है। यहाँ कुछ शब्दों का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ इस प्रकार है–

१. आपः—"आप्नुवन्ति सर्वम्" इति आपः। **सर्वप्राणिना सृष्टि हेतु भूतत्वाज्जीवन हेतु भूतत्वाच्च सर्वव्यापनशीलः"** कहा भी है—

पानीयं प्राणिनां प्राणाः विश्वमेव हि तन्मयम्।
न हितोयाद् विना वृत्तिः स्वस्थस्य व्याधितस्य वा॥

२. पयः—"पीयते इशति पयः"। **"पयः सोम रसः अमृतम्"** ये सभी पर्याय हैं।

३. रसः—**"रस्यते आस्वाद्यते इति रसः" "रसो वै सः"** अर्थात् आनन्दरूप जल ही रस है।

४. अमृतम्—**"आपो ह वा इदमग्रे सलिलमेवास"** यह श्रुति वाक्य है। महाप्रलय में भी जिसकी सत्ता रहे वही अमृत अर्थात् अमर है। शब्दरत्नावली में जल के ६६ पर्याय शब्द हैं। निघण्टु में सर्वाधिक जल पर्याय दिये गये हैं वहाँ सौ के करीब उदक शब्द के पर्यायों का उल्लेख हुआ है। अमरकोष में कहा गया है—

आपः स्त्री भूम्निवार्वारि सलिलं कमलं जलम्
पयः कीलालममृतम् जीवनं भुवनम् वनम्
कबन्धमुदकं पान्थः पुष्करं सर्वतोमुखम्
अम्भोऽर्णस्तोयपानीय नीरक्षीराम्बुशंबरम्।।

वेदों में पितरों के तर्पण हेतु एक मन्त्र है—

"ऊर्ज्जं वहन्तीरमृतं घृतम् पयः कीलालं परिस्रुतम् स्वधास्य तप्रयत मे पितृन"।

सन्ध्योपासन एवम् अभिषेक का प्रसिद्ध मन्त्र है—

आपो हिष्ठा मयोभुवस्तान ऊर्ज्जे दधातन महेरणाय चक्षसे। यो वः शिवतमो रसस्तस्य भाजयतेह नः उशतीरिव मातरः। **तस्माऽरङ्गमामवो यस्य क्षयाय जिन्वथ आपो जनयथा च नः** तथा

अन्तश्चरसि भूतेषु गुहाया विश्वतोमुखः।
त्वं यज्ञस्त्वं वषट्कार आपो ज्योति रसोऽमृतम्।।

इत्यादि वेदोक्त मन्त्रों में जल के लिये आपः, रसः, अमृतम्, पयः, घृतम्, कीलालम्, परिस्रुतम्, ऊर्ज्जम्, विश्वतोमुखम्, ज्योतिः इत्यादि शब्द जल की विभिन्न शक्तियों के पर्याय हैं तथा एक व्यापक जलीय विज्ञान का संकेत देते प्रतीत होते हैं। इस जल का मुख्य स्रोत प्राकृतिक रूप में समुद्र, नदी,

झरने, झील, सरोवर आदि तथा मानव निर्मित वापी, कूप, तड़ाग, सरोवर आदि के रूप में हमारे सम्मुख आता है। सन्ध्योपासन, तर्पण, पर्वस्नान आदि धार्मिक कृत्य तथा नगरों एवं महानगरों की पेय जल समस्या के समाधान में नदी, जलाशय एवम् सरोवर आदि का महत्त्व सर्वविदित है अतः हम यहाँ वापी, कूप, तड़ाग, सरोवर आदि के निर्माण हेतु विधि-विधान तथा उचित काल शुद्धि, दिशा क्रम, निर्माण योग्य स्थान आदि का निर्देश भारतीय वास्तुशास्त्रीय सिद्धान्तों के आधार पर करेंगे।

वापी–वापी का निर्माण पूर्व-पश्चिम दिशा में आयत (दीर्घाकृति) का होना चाहिये। उत्तर-दक्षिण दिशा में आयत वापी बहुत काल तक जल की स्थिरता में उपयुक्त नहीं मानी गयी। दक्षिणोत्तरायन वापी में वायु की तरङ्गों से जल नष्ट हो जाता है अतः यदि दक्षिणोत्तरायन वापी निर्माण अभीष्ट हो तरङ्गों से बचाने के लिये तटों को मजबूत पत्थर या लकड़ी आदि से चुनवा दे तथा वापी निर्माण के समय वापी की मिट्टी को हाथी-घोड़े आदि द्वारा पैरों से रुधवाया जाय अथवा आधुनिक यन्त्रों द्वारा मिट्टी को मजबूत करने के लिये प्रयत्न करे तथा किनारे पर ककुभ (अर्जुन), वट, आम, पिलखन, कदम्ब, निचुल, जामुन, बेंत, नीप (एक तरह का कदम्ब), कुरबक, ताल, अशोक, मधूक (महुआ), बकुव, विमिश्र (मोलसरी) इन वृक्षों का रोपण करना चाहिये। वापी के एक तरफ जल निकलने के लिये पत्थरों से बंधवाया हुआ एक मार्ग बनाना चाहिये। उस मार्ग को छिद्र रहित लकड़ी के तख्ते से ढककर मिट्टी से दृढ़ कर देना चाहिये। वापी को पाली नाम देते हुए आचार्य वराहमिहिर ने बृहत्संहिता के दकार्गलाध्याय में स्पष्ट कहा है–

पाली प्रागपटामताम्बु सुचिरं धत्ते न याम्योत्तरा।
कल्लोलै खदारमेति मरुत सा प्रायशः प्रेदितैः।।

तां चेदिच्छति सारदारुभिरपां सम्पातमावारयेत्।
पाषाणादिभिरेव वा प्रतिचयं क्षुण्णं द्विपाश्वादिभिः।।

ककुभ वटामुष्लक्ष कदम्बै सनिचुलजम्बूवेतसनीपैः।
कुरबकताला शोकमूधकैर्बकुल निमिश्रैश्चावृततीरम्।।

द्वारं च नैर्वाहिकमेकदेशे कार्यं शिलासञ्चित वारिमार्गम्।
कोशास्थितम् निर्विवरं कपाटं कृत्वा ततः पांशुभिरावपेत्तम्।।[१]

वापी निर्माण कूप निर्माण वा अन्य प्रकार के जलाशयों का निर्माण बहुत ही पुण्यों को उत्पन्न करने वाला एवम् स्वर्गादि उत्तम लोक प्राप्ति का जनक है। वायुपुराण में कहा गया है–

---

१. बृ०सं०द०का०अ०श्लो० ११८-१२०

यो वापीमथवा कूपम् देशे वारिविवर्जिते।
खनयेत् स दिवं याति बिन्दौ बिन्दौ शतं समा।।[१]

वापी, कूप, तड़ाग, सरोवर आदि के लक्षण संस्कृत साहित्य में बड़े ही स्पष्ट शब्दों में मिलते हैं–जो कूप आकार (चौड़ाई लम्बाई) में बृहत्तर हो, प्रस्तरखण्ड वा इष्टिकाओं से परिवेष्टित हो तथा जिसमें उतरने के लिये सीढ़ियां बनाई गई हों उसे वापी कहा जाता है। जैसा कि कहा भी है–

पाषाणैरिष्टिकाभिर्वा बद्धःकूपो बृहत्तरः।
स सोपानो भवेद्वापी तज्जलं वाप्यमुच्यते।।

वाप्यं वारि क्षारं पित्तकृत्कफवातहृत्।
तदेवमिष्टं कफकृत् वातपित्तकरं भवेत्।।[२]

भारतवर्ष के अनेक मन्दिरों, ग्रामों, नगरो, किलों, प्रासादों एवम् जन बस्तियों में वापी निर्माण की परम्परा प्राचीन काल से ही विद्यमान रही है। आधुनिक स्वीमिंग पूल इस का ही पर्याय है।

कूप–भूमि में खोदा गया जो गर्त अल्प विस्तार, मण्डलाकृति, गहरा इष्टिका अथवा पाषाण खण्डों से चिना गया हो वह कूप कहलाता है–कहा भी है–

भूमौ खातोऽल्पविस्तारो गम्भीरो मण्डलाकृतिः।
बद्धोऽबद्धः स कूपः स्यात्तदम्भः कौपमुच्यते।।

कौपं पयो यदि स्वादुत्रिदोषघ्नम् हितं लघु।
तत्क्षारं कफवातघ्नम् दीपनं पित्तकृत्परम्।।[३]

कुण्ड–**"कुण्ड्यते रक्ष्यते जलं वह्निर्वा कुडि रक्षणे आधारे जलाशये वृत्ताकारे च"** इस परिभाषा के आधार पर कुण्ड निर्माण भी जलाशय के रूप में महत्त्वपूर्ण है। मथुरा, बरसाना, नन्दगाँव, गोवर्धन तथा दक्षिण भारतीय मन्दिरों में निर्मित राधाकुण्ड, कृष्णकुण्ड आदि का निर्माण कौशल दर्शनीय है। परन्तु इन कुण्डों में जल शुद्धि का विशेष प्रबन्ध ही इसकी पवित्रता तथा पेयजल की व्यवस्था का परिचायक है। कूप, कुण्ड आदि का जल विकृत न हो सुगन्धियुत रहे इसके लिये आचार्य वराहमिहिर ने कहा है–

---

१. कल्पतरो वायुपुराणम्
२. भावप्रकाश निघण्टु वारिवर्गः ४८-४९
३. प्रकाशभाव निघण्टु वारिवर्ग ४८-४९

अञ्जनमुस्तोशीरैः शराजकोशातकामलचूर्णैः।
कतकफलसमायुक्तेर्योगः कूपे प्रदातव्यः।।

कलुषं कटुकं लवणं विरसं सलिलं यदि वाशुभगन्धि भवेत्।
तदनेन भवत्यमलं सुरसं सुसुगन्धि गुणैरपरैश्च युतम्।।[१]

अञ्जन, मोथा, खस, राजकोशातक, आंवला, कतक का फल, इन सबका चूर्ण कूप में डालना चाहिये। क्योंकि जो जल कलुषपूर्ण, (गन्दला), कड़ुवा, खारा, बेस्वाद, या दुर्गन्ध वाला हो वह इस औषधि चूर्ण से निर्मल, मधुर, सुगन्धयुत, अनेक गुणों से युत हो जाता है। पेय तथा अपेय जल के विषय में अष्टांग हृदय सूत्र में लिखा है–

अनावर्तं च यद्दिव्यम् आवर्तं प्रथमम् च यत्।
तूतादित्यतन्तु विण्मूत्रविषसंश्लेषदूषितम् न पिबेत्।।[२]

न पिबेत् पङ्कशैवालतृणपर्णाविलास्तृतम्।
सूर्येन्दुपवनादृष्टमाभिवृष्टं धनं गुरु।।

पिच्छिलं कृमिलं क्लिन्नं पर्णशैवालकद्रमैः।
विवर्णं विरसं सान्द्रं दुर्गन्धं न हितम् जलम्।।[३]

दूषित जल पीना आधुनिक युग की एक प्रधान समस्या है। यह जल पीने के लिये अग्नि द्वारा उष्ण कर वस्त्रपूत होने पर ही पान योग्य माना गया है–

पाषाणरूप्यमृद्हेण जतुतापार्कं तापितम्।
पानीयमुष्णं शीतं वा त्रिदोषघ्नम् तृडर्तिजम्।।[४]

जलशोधन की व्यवस्था

सलिलोत्पत्तिरखाते गन्धरसविपर्यये तोयानाम्।
सलिलाशय विकृतौ वा महद्भयं तत्र शान्तिमिमाम्।।

---

१. तत्रैव श्लो० ५०-५२
२. वृहत्संहिता
३. अ०ह०सू० ५/६
४. अ०ह०सू० ६/४५

सलिलाविकारे कुर्यात् पूजां वरुणस्य वारुणैर्मन्त्रैः।
तेरेव च जयाहोमं शममेव पापमुपयाति।।[१]

वापी कूप तड़ाग आदि में वरुण को बलि देकर गन्ध, पुष्प, धूप आदि से वड या वेतस की लकड़ी की कील की पूजा करके शिरा स्थान में गाड़ देना चाहिये। इस प्रकार के कूप का निर्माण गृहस्थीजनों के आवासीय भूखण्डों में दिशाा का विचार कर कूप चक्र शुद्धि द्वारा उचित काल का विचार कर किया जाता था। ग्राम एवम् नगर में भी दिशा शुद्धि का विचार कर कूप बनाये जाते थे। जिसका विवेचन हम आगे कूपमुहूर्त विचार के अन्तर्गत करेंगे।

तड़ाग–प्रशस्त भूमि में जो स्थल चिरकाल से जलाशय के रूप में स्थित हो यह स्वतः निर्मित अथवा मानव निर्मित दोनों प्रकार का हो सकता है, तालाब कहा जाता है। इसमें वर्षा का पानी कण-कण संगृहीत होता है तथा कृत्रिम साधनों द्वारा भी इसमें जल भरने की व्यवस्था आधुनिक समय में की जाती है। तड़ाग का लक्षण कुछ इस प्रकार है–

प्रशस्तभूमि भागस्थो बहुसंवत्सरोषितः।
जलाशयस्तडागः स्यात् ताडाग तज्जलं स्मृतम्।।

ताडागमुदरं स्वादु कषायं कटुपाकि च।
वाताजम् बद्धविण्मूत्रसृक्पित्त कफापहम्।।[२]

वापी व तड़ाग के तटों पर लोक कला एवम् मूर्तिकलात्मक मूर्तियां बनाई जाती हैं। तड़ाग के चारों तरफ बड़े-बड़े वृक्ष पेयजल, स्नानघर, पशुओं के पानी पीने का स्थान होता है। तड़ाग का पानी स्वच्छ रहे इसके लिये जल प्रयोग करने वालों को सतर्क रहना चाहिये। राजस्थान के विभिन्न किलों, मन्दिरों एवम् उद्यानों में निर्मित वापी, कूप, तड़ाग आदि का वास्तु दर्शनीय एवम् अनुकरणीय है। आज भी जयपुर नगर का वास्तु दर्शनीय एवम् अनुकरणीय है। जयपुर का जलमहल एक दर्शनीय तालाब है। रामेश्वरम् मन्दिर के कूप व वापियां दर्शनीय हैं परन्तु स्वच्छता अपेक्षित है।

सरोवर–"सरोभिर्जलैर्व्रियतेऽसौ" सरोवर शब्द की यह व्युत्पत्ति जल-संग्रह जलाशय का ही संकेत करती है। सरोवर दो प्रकार के होते हैं प्राकृतिक एवम् मानव निर्मित। पर्वतीय क्षेत्रों के सरोवर प्रायः प्राकृतिक होते हैं तथा समतल भूमि पर निर्मित किये जाने वाले मानव निर्मित होते हैं। इसका लक्ष्य भावप्रकाश निघण्टु में प्राकृतिक सरोवर की दृष्टि से कुछ इस प्रकार बताया गया है–

---

१. तत्रैव
२. भावप्रकाश निघण्टु वारिवर्ग ४४-४५

नद्या शैलादिरुद्धायाः यत्र संस्नुत्य तिष्ठति।
तत्सरो जलजच्छन्नम् तदम्भः सारसं स्मृतम्।।

सारसं सलिलं बल्यं तृष्णाघ्नम् मधुरं लघु।
रोचकं तुवरं सूक्ष्मम् बद्धमूत्रं मलं स्मृतम्।।[1]

प्राकृतिक सरोवरों के रूप में यदि हम कहें कि झील एवम् सरोवर पर्याय हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि भगवान शंकर का प्रसिद्ध स्थान मानसरोवर तथा नैनीताल की झील इस ही प्रकार के सरोवर हैं। पुष्कर का सरोवर भी इस ही श्रेणी का लघु सरोवर है। श्रीमद्भागवत् के अष्टमस्कन्ध में द्वितीय अध्याय में ग्राह द्वारा गजेन्द्रोद्धार के प्रसंग में त्रिकूप पर्वत की तराई में ऋतुमान नामक उद्यान के मध्य एक सरोवर का वर्णन मिलता है–

तस्य द्रोण्यां भगवतो वरुणस्य महात्मनः।
उद्यानमृतुमन्नाम आक्रीडं सुरयोषिताम्।।

तस्मिन् सरः सुविपुलम् लसत्काञ्चन पङ्कजम्।
हंसकारण्डवाकीर्णं चक्राहवोः सारसैरपि।।

मत्स्य कच्छपसंचार चलत्पद्मरजःपयः।
शोभितं तीरजेश्चान्येर्नित्यर्तुभिरलं द्रुमैः।।[2]

इस प्रकार के सरोवरों में देवता निवास करते हैं तथा इस "सरोवर" का ध्यान एवम् चिन्तन भी विमल बुद्धि प्रदान करता है–

ये मां त्वां च सरश्चेदम् गिरिकन्दरकाननम्।
स्मरन्ति मम रूपाणि मुच्यन्ते ह्येनसोऽखिलात्।।
तेषां प्राणात्यये चाहं ददामि विमला मतिम्।।[3]

इस प्रकार के अनेक सरोवर प्राकृतिक रूप में इस भूमण्डल पर विद्यमान हैं परन्तु मानव द्वारा भी सरोवरों का निर्माण वास्तुशास्त्रीय सिद्धान्तों पर यदि किया जाय तो कल्याण कारक है अमृतसर का स्वर्णमन्दिर प्रसिद्ध सरोवर के द्वारा ही विख्यात है तथा "अमृतसर" नामकरण भी सरोवरों के

---

१. भा०प्र० नि०वा०व०श्लो० ४२-४३
२. श्रीमभा० ८ स्क० अ० २, श्लो० १-१९
३. स्क० ८. अ० ४, श्लो० १७-२५

महत्त्व को सिद्ध करता है। भारतीय वास्तुशास्त्रानुसार दिक् देश और काल का चिन्तन वापी, कूप, तड़ाग, सरोवर आदि के निर्माण में अति महत्त्वपूर्ण है। इनका आकार, चतुरस्त्र, आयत, पद्म, गोल तथा परिमाप आदि का विधान तथा दकार्गल विचार द्वारा भूमि के अन्तर्गत जलप्राप्ति के स्रोत का विचार कूप आदि के निर्माण में महत्त्वपूर्ण है। यद्यपि कूप का स्थान आधुनिक बोरिंग, ट्यूबवेल, नलकूप, चापानल, हैण्डपम्प, अण्डरग्राउण्ड जलटैंक, ओवर हैड टैंकों ने ले लिया है तथापि इनके निर्माण में कालशुद्धि, गुरुशुक्रास्तादि विचार कूप, तड़ाग, वापी चक्रशुद्धि ज्ञान अपेक्षित है।

जलाशय (वापी, कूप, तड़ागादि) निर्माण आरम्भ करने से पूर्व खातारम्भ में राहुमुख ज्ञान एक महत्त्वपूर्ण विचारणीय बिन्दु है। मुहूर्तचिन्तामणि में श्रीराम आचार्य का मत है–

देवालये गेह विधो जलाशये राहोर्मुख शम्भुदिशो विलोमतः।
मीनार्कसिंहार्कमृगार्कतास्त्रिभे खाते मुखात्पृष्ठविदिक्शुभा भवेत्।।[1]

जलाशयारम्भ में मकर, कुम्भ, मीन तीन राशियों में सूर्य के स्थित होने पर राहुमुख ईशान में होता है अतः खातारम्भ अग्निकोण से करें। मेष, वृष, मिथुन तीन राशियों में सूर्य होने पर वायव्य कोण में राहुमुख होता है अतः खातारम्भ ईशान में करें। कर्क, सिंह, कन्या राशी में सूर्य के रहने पर राहुमुख नैर्ऋत्य कोण में होता है अतः खातारम्भ वायव्य कोण से करें। तुला, वृश्चिक, धनु राशी में सूर्य के होने पर राहुमुख अग्निकोण में होता है अतः खातारम्भ पृष्ठविदिक नैर्ऋत्य में करना चाहिये।

कूप निर्माण–

कूप निर्माण का विचार करते समय ग्राम, नगर अथवा अपने घर (आवासीय भूखण्ड) में कूप किस दिशा में शुभ होगा इसका विचार परमावश्यक है। इस विषय में बृहद्वास्तुमाला का वचन है–

आग्नेये यदि कोणे ग्रामस्य पुरस्य वा भवेत् कूपः।
नित्यं स करोति भयं दाहं च समानुषं प्रायः।।

नैर्ऋत्यकोणे बालक्षयं च वनिताभयं च वायव्ये।
दिक्त्रयमेतत्त्यक्त्वा शेषासु शुभावहाः कूपाः।।[2]

यहाँ नैर्ऋत्य कोण में स्थित कूप चाहे व ग्राम में हो अथवा नगर में सदा भय, सन्ताप आदि से मनुष्यों को अशुभ फलदायक है। नैर्ऋत्य कोण में स्थित कूप, बालक्षय तथा वायव्य कोण का कूप

१. मूहूर्त चिन्तामणि १२/१९
२. बृ०वा०मा० दकार्गल श्लो० १००-१०१

स्त्रियों के लिये भयोत्पादक है। इस मतानुसार ग्राम या नगर में ईशानकोण का कूप सर्वश्रेष्ठ है। इसके अतिरिक्त किसी भी वास्तु (भूखण्ड) में कूप खनन हेतु आचार्य राम देवज्ञ ने सभी दिशाओं में कूप निर्माण के शुभाशुभत्व का विचार इस प्रकार किया है–

> कूपे वास्तोर्मध्यदेशेऽर्थनाशस्त्वैशान्यादौ पुष्टिरैश्वर्यवृद्धिः।
> सूनोर्नाशः स्त्रीविनाशो मृतिश्च सम्पत्पीडा शत्रुतः स्याच्च सौख्यम्।।[१]

कूपदिशा	–	फल
वास्तु के मध्य भाग में	–	धननाश
ईशान कोण में	–	पुष्टि
पूर्व में	–	ऐश्वर्य वृद्धि
अग्नि कोण में	–	पुत्रनाश
दक्षिण में	–	स्त्रीनाश
नैर्ऋत्य कोण में	–	मृत्युकारक
पश्चिम में	–	सम्पत्ति
वायव्य कोण में	–	शत्रुपीड़ा
उत्तर में	–	सुख

दिशानिर्धारण के उपरान्त स्वादुजल की प्राप्ति के लिये आचार्यों ने अनेक प्रकार के कूप निर्माण हेतु मुहूर्त विचार करते समय नक्षत्र शुद्धि व कूप चक्र शुद्धि का विचार आवययक है। जिसमें सूर्यनक्षत्र, रोहिणी नक्षत्र, भौम नक्षत्र एवम् राहु नक्षत्र से कूपारम्भ नक्षत्र तक गणना कर नक्षत्र (कूप) चक्रशुद्धि का ज्ञान किया जाता है।

सूर्यनक्षत्र से कूप चक्र निर्माण–

> **कूपेऽर्कभान्मध्यगतैस्त्रिभिर्भैः स्वादूदकं पूर्वदिशि स्त्रिस्त्रिभिः।**
> **स्वल्पं जलं स्वादुजलं जलक्षयं स्वादूदकं क्षारजलं च मिश्रितम्।।[२]**

---

१. बृ०वा०मा०, दकार्गल श्लो० ११५
२. बृ०वा०मा० दकार्गल श्लो० ११६

कूपाकृति बनाकर दिशाओं का क्रमशः न्यास करके जल प्राप्ति का विचार निम्न प्रकार से किया जाता है। सूर्यनक्षत्र से कूपारम्भ दिन के नक्षत्र तक गणना कर विचार निम्न प्रकार करें।

सूर्यनक्षत्र से कूपचक्र

दिशा	नक्षत्र	फल
मध्य	३	स्वाद् जल
पूर्व	३	खण्डित (स्वल्प) जल
आग्नेय	३	स्वादु जल
दक्षिण	३	जल हानि
नैर्ऋत्य	३	स्वादु जल
पश्चिम	३	क्षार जल
वायव्य	३	शीतल जल
उत्तर	३	मिष्ठ जल (मीठा)
ईशान	३	क्षार जल (खारा)

रोहिणी नक्षत्र से कूप चक्रशुद्धि–

ज्योतिः प्रकाश ग्रन्थ में रोहिणी नक्षत्र से कूपारम्भ नक्षत्र तक गणना कर कूपचक्रशुद्धि का विचार किया गया है–

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि कूपचक्रम् वरानने।
रोहिण्यादिलिखेच्चक्रम् मध्ये त्रयप्रतिष्ठितम्।।

पूर्वादिदिक्षु सर्वासु त्रित्रिमार्गेण दीयते।
मध्ये शीघ्रजलं स्वादु पूर्वे भूमिश्च खण्डिता।।

आग्नेय्यां सुजलं प्रोक्तं दक्षिणे निर्जलं तथा।
नैर्ऋत्ये चामृतं वारि पश्चिमे शोभनं जलम्।।

वायव्येऽपि जलं हन्ति चोत्तरे स्वादुकं जलम्।
ईशान्ये कटुकं क्षारमल्पतीक्ष्णस्य संभवम्।।[१]

रोहिणी नक्षत्र से कूप चक्र

दिशा	नक्षत्र	फल
मध्य	३	स्वादु जल
पूर्व	३	निर्जल (खण्डित भूमि)
आग्नेय	३	शीघ्र जल प्राप्ति
दक्षिण	३	निर्जल
नैर्ऋत्य	३	अमृत जल
पश्चिम	३	शुद्ध जल
वायव्य	३	जल हानि
उत्तर	३	स्वादु जल
ईशान	३	कटुक, क्षार, अल्प तीक्ष्ण जल

भौमाक्रान्त नक्षत्र से कूप चक्र शुद्धि–

कूपनिर्माण के अनन्तर केवल जल का स्वादु एवम् खारा होना ही विचारणीय विषय नहीं है अपितु निर्मित कूप शुभ व अशुभ फल जैसे दिशाक्रम से विचारणीय है तथैव भौमाक्रान्त नक्षत्र से कूपारम्भ नक्षत्र तक गणना करके भी भौम कूप चक्र का विचार करना चाहिये। यथा–

शशिशराब्धि त्रिव्यब्धिगुणाब्धये वधजलेषु ससिद्धिरभङ्गदम्।
रुजमसिद्धियशोऽर्थप्रसिद्धये जलविभंगकरं कुजभादिषु।।[२]

भौमनक्षत्र से कूपचक्र

नक्षत्र	फल
०१	जल में वध का भय
०५	सिद्धि

---

१. बृ०वा०मा० दकार्गल श्लो० ११७-१२०

२. बृ०वा०मा० दकार्गल श्लो० १२१

०४	अभङ्ग
०३	रोग
०३	असिद्धि
०४	यश
०३	अर्थ प्रसिद्धि
०४	जलभङ्ग

मुहूर्त कल्पद्रुम कार ने राहु चक्र द्वारा भी कूप शुद्धि का विचार किया है जो कि स्वयं रुद्रभाषित है—

राहुभाच्च त्रयं पूर्वे त्रयमाग्नेयतः क्रमात्।
मध्ये चत्वारि ऋक्षान्ते फलं वाच्यं शुभाशुभम्।।

पूर्वे शोककरं राहुराग्नेय्यां जलदं सदा।
दक्षिणे स्वामिमरणं नैर्ऋत्यां दुःखदायकम्।।

पश्चिमे सुख सौभाग्यम् वायव्ये जलवर्धनम्।
उत्तरे निर्जलं विद्यादीश्वरे जलसिद्धिदम्।।

मध्ये च सजलं वाच्यम् नान्यथा रुद्रभाषितम्।
स्वयं रूपी सदा राहुः पाल्यते तत्क्षणे भुवि।।[1]

राहुनक्षत्र से कूपारम्भ नक्षत्र तक गिनें—

राहु नक्षत्र से कूपचक्र

नक्षत्र	दिशा	फल
३	पूर्व	शोक
३	आग्नेय	जल प्राप्ति
३	दक्षिण	गृहपति की मृत्यु

१. बृ०वा०मा० दकार्गल श्लो० १२२-१२५

३	नैर्ऋत्य	दुःखप्राप्ति
३	पश्चिम	सुखसौभाग्य
३	वायव्य	जलशुद्धि
३	उत्तर	निर्जल
३	ईशान	जलशुद्धि
४	मध्य	सजल

कूपमुहूर्त विचार–

उपरोक्त चक्रशुद्धियों का विचार करने से पूर्व ग्राह्य नक्षत्रों में ही चक्रशुद्धि देखनी चाहिये। यथा–

हस्तात्तिस्त्रो वासवं वारुणश्च मित्रं पित्र्यं त्रीणि चैवोत्तराणि।
प्राजापत्यं चापि नक्षत्रमाहुः कूपारम्भे श्रैष्ठ्यमाद्यैर्मुनीन्द्रैः।।[१]

हस्त से तीन नक्षत्र (हस्त, चित्रा, स्वाती), वासव (धनिष्ठा), वारुण (शतभिषा), मित्र (अनुराधा), पित्र्य (मघा), उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा, उत्तराभाद्रपदा और रोहिणी ये नक्षत्र कूपारम्भ कार्य में श्रेष्ठ हैं।

आचार्य वराहमिहिर ने चित्रा, स्वाती नक्षत्र का ग्रहण कूपारम्भ में नहीं किया। शेष सभी ग्राह्य नक्षत्र उनके मत से भी ग्राह्य हैं यथा–

हस्तो मघानुराधापुष्यधनिष्ठोत्तराणि रोहिण्यः।
शतभिगित्यारम्भे कूपानां शस्यते भगणः।।[२]

वापी मुहूर्त विचार में स्वाती, अश्विनी, पुष्य, हस्त, अनुराधा, पुनर्वसु, रेवती, शतभिषा ये नक्षत्र प्रशस्त हैं–

स्वात्यश्विपुष्यहस्तेषु मैत्रे चैव पुनर्वसौ।
रेवत्यां वारुणे चैव वापीकार्यं प्रशस्यते।।[३]

---

१. बृ०वा०मा० दकार्गल श्लो० १२६
२. बृ०स०, आ० ५४, श्लो० १२३
३. बृ०वा०मा०, श्लो० १३३

तड़ाग निर्माण मुहूर्त विचार–

तड़ाग (तालाब) पोखरी आदि के निर्माण का विचार करते समय आचार्यों ने तड़ाग चक्र शुद्धि देखने का विधान निर्दिष्ट किया है। ब्रह्मयामल ग्रन्थ में कहा है–

तडागचक्रं वक्ष्यामि यदुक्तं ब्रह्मयामले।
सूर्यभाच्चन्द्रभं यावत् गणयेत्सततं बुधैः।।

दिक्षु ऋक्षद्वयं न्यस्य मध्ये पञ्च नियोजयेत्।
षड्ऋक्षे वारिवाहे च फलं तत्र विचारयेत्।।

पूर्वे तु बहुशोकं स्यादाग्नेय्यां च जलं बहु।
दक्षिणे वारिनाशं च नैऋत्ये चामृतं जलम्।।

पश्चिमे च जलं स्वादु वायव्ये वारिशोषणम्।
उत्तरे च स्थिरं तोयमीशान्ये कुत्सितं जलम्।।

मध्ये छिद्रजलं याति वारिवाहेति पूर्णता।
एवं तडाग चक्रस्य फलं ज्ञेयं मनीषिभिः।।

ध्रुववसुजलपुष्यं नैऋतं मैत्रसंज्ञम्।
नक्षत्रं शुभदं ज्ञेयं तडागे सर्वदा बुधैः।।[1]

निम्न चक्र द्वारा स्पष्ट रूप से तड़ाग चक्र का विचार सूर्याधिष्ठित नक्षत्र से चन्द्राधिष्ठित नक्षत्र (तड़ागारम्भ नक्षत्र) तक गणना करके शुभाशुभ ज्ञानार्थ करें–

सूर्यनक्षत्र से तडाग चक्र

दिशा	नक्षत्र	फल
पूर्व	२	बहुशोक
आग्नेय	२	बहुजल
दक्षिण	२	जलनाश

१. बृ०वा०मा० दकार्गल श्लो० १२७ तः १३२ यावत

नैर्ऋत्य	२	अमृत जल
पश्चिम	२	स्वादु जल
वायव्य	२	जल शोषण
उत्तर	२	स्थिर जल
ईशान	२	कुत्सित जल
मध्य	५	शीघ्र जल
वारिवाह	६	जल की पूर्णता

इन चक्रों के द्वारा शुद्ध नक्षत्र दिन का परिज्ञान कर प्रशस्त मास, तिथि, वार व लग्नशुद्धि में जलशय आराम सुरप्रतिष्ठा करनी चाहिये।

मुहूर्तविचार[१]

जलाशय (वापी, कूप, तड़ागादि) की प्रतिष्ठा सौम्यायन मकर से मिथुनान्त तक के सूर्य में बृहस्पति चन्द्रमा और शुक्र के उदय काल में, चन्द्रमा की क्षीण स्थिति का परित्याग कर (कृष्णपक्षाष्टमी से शुक्ल पञ्चमी पर्यन्त चन्द्रमा क्षीण होता है) मृदु (मृगशिरा, रेवती, चित्रा, अनुराधा), क्षिप्र (हस्त, अश्विनी और पुष्य), चर (स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा), ध्रुव (तीनों उत्तरा, रोहिणी), नक्षत्रों में, शुक्लपक्ष में, रिक्ता (४-९-१४) तिथि, मंगलवार को त्याग कर शेष तिथि वारों में चन्द्रमा और पाप ग्रहों के ३-६-११ स्थानों में होने पर अष्टम और द्वादश में शुभग्रह न हों ऐसे लग्न में शुभ होती है। भविष्यपुराण के अनुसार दक्षिणायन में जलस्थिति की संभावना जहाँ हो वहाँ दक्षिणायन में भी प्रतिष्ठा की जा सकती है। **"न कालनियमस्तत्र सलिलं तत्र कारणमिति"** गर्ग का वचन है–**"देवताराम वाप्यादि प्रतिष्ठामुत्तरायणे। माघादिपञ्चमासेषु कृष्णेऽप्यापञ्चमी दिनम्।"** बृहदवास्तुमाला के अनुसार भी वापीकूपादि का आरम्भ मकर, कुम्भ, मीन लग्न में उपरोक्त ग्रह शुद्धि का विचार कर शुभ दिन में **"मकरे लग्ने कुम्भे झषे च वापीकूपजलाशयादिखननम् शस्तं प्रशस्ते दिने"** करना चाहिये। लग्नशुद्धि का विशेष विचार करते हुए आचार्य कहते हैं कि पापग्रहों के निर्बल होने पर सभी प्रकार के जलाशयों का प्रारम्भ करना

---

१. जलाशयारामसुरप्रतिष्ठा सौम्यायने जीवशशाङ्क शुक्रे। दृश्ये मृदुक्षिप्रचरध्रुवे स्यात्पक्षे सिते स्वर्क्षतिथिक्षणे वा।। रिक्तारवर्जे दिवसेति शस्ता शशाङ्क पापैस्त्रिभवाङ्गसंस्थैः। व्यन्त्यास्तौः सत्खचरैः ....

वास्तुरत्नावली, पृ० १५४

चाहिये। लग्न में बुध अथवा गुरु हों व लग्न अथवा दशम में चन्द्र शुक्र के होने पर वापी, कूप, तालाब आदि के लिये बन्धे जल को खोलना हितकर होता है। यथा–

सर्वतोयाश्रयारम्भः कर्तव्यो विबलैः खलैः।
लग्नस्थे ज्ञेऽथवा जीवे लग्नभेऽब्जे सिते खगे।।

ध्रुववासवयुग्मार्कपुष्यमैत्रमघासु च।
वापीकूपतडागादिवारिबन्धनमोक्षणम्।।[१]

एकदृष्टि में वापी, कूप, तड़ागादि के आरम्भ का मुहूर्त जानने के लिये चक्र–

वापी-कूप-तड़ागादि चक्र

अयन	उत्तरायण
मास	माघ, फाल्गुन, चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ
पक्ष	शुक्लपक्ष, कृष्णपक्ष में पञ्चमी तक
तिथि	१-२-३-५-६-७-८-१०-११-१२-१३-१५
वार	गुरु शुक्र, सोम बुध
नक्षत्र	मृग०, रेवती, चित्रा, अनुराधा, हस्त, अश्विनी, पुष्य, स्वाती, पुनर्वसु, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, तीनों उत्तरा, रोहिणी
लग्न	मकर, कुंभ, मीन
ग्रहशुद्धि	लग्न में गुरु अथवा बुध, लग्न अथवा दशम में चन्द्र शुक्र, पापग्रह ३-६-११ वे होने पर, खलग्रहों के निर्बल होने पर तथा गुरु शुक्र चन्द्र के उदय होने पर मुहूर्त शुभ होगा।
विशेष	भविष्य पुराण के अनुसार विशेष परिस्थिति में जलप्राप्ति हेतु दक्षिणायन में भी प्रतिष्ठा की जा सकती है।

---

१. बृ०वा०मा० श्लो० १३९-१४०

गृहकूप प्रतिष्ठा–

जलाशय (कूप) निर्माण के बाद प्रतिष्ठा करनी चाहिये। वहाँ केशव, शम्भु, अनन्त की स्थापना पूजन, जलजन्तु, सप्तमातृकाओं का पूजन, कूप पूजन, आच्छादन, अधिवासन, और मत्स्य कच्छप आदि की मूर्तियों का पूजन करना चाहिये। पूजन के अनन्तर कूप के मध्य में केशव, शंभु और अनन्त भगवान की मूर्तियों का प्रक्षेपण करें। पुनः प्रणवादि नाममन्त्रों से गन्ध पुष्पादि के द्वारा पूजन कर बलिदान करें। इस प्रकार वास्तु कूप पूजन करके ग्रहयज्ञकल्पोक्त प्रकार से ग्रहस्थापन, ग्रह अधिदेवता, प्रत्यधिदेवता तथा क्रतुसंरक्ष दिक्पाल आदि देवों का पूजन कर प्रतिष्ठा सम्पन्न करने से ही जलाशय (वापी कूप, तड़ाग, सरोवर आदि) मानव तथा समस्त प्राणियों के लिये कल्याण कारी होगा।

वास्तुशास्त्रीय वन एवं वनस्पति

प्रो० सच्चिदानन्द मिश्र

त्रिस्कन्धान्तर्गत संहिताभाग में वास्तुशास्त्र अनेक विभागात्मक विस्तृत वैज्ञानिक विधानयुक्त अनिवार्य शास्त्र है। तप्तावस्था की पृथ्वी के ऊपरीभाग की दृढता एवं वासयोग्यता की स्थिति ही वास्तुपुरुष की उत्पत्ति तथा अधोमुख संस्थान दिव्य आख्यान के रूप में वर्णित हैं। इससे भूगोलविद्या, भूपृष्ठीयसंरचना, भूमिकम्प, पर्वत से समुद्रतट तक वास्तु एवं वनस्पति भेद आदि विषय भी इससे सम्बद्ध हैं।

वास्तुशास्त्रान्तर्गत गृह के समीप रोपणीय वृक्ष

वनस्पतिशास्त्र स्वतन्त्रविद्या होनें पर भी वास्तुशास्त्र का महत्वपूर्ण अंग है। वनस्पति भेद में वृक्ष, पादप, लता, वनस्पति, तृण, कन्द, मूल, पुष्प तथा धान्य आदि समस्त भेद इसके अन्तर्गत आते हैं। गृह में लगाने योग्य वृक्षादि से प्रारम्भ कर विभिन्न गृहोपकरण निर्माण, गृह के चारो ओर लगानेयोग्य वृक्ष, वाटिकानिर्माण, वृक्षचिकित्सा आदि विषय स्वतन्त्र वैज्ञानिक विषय होनें पर भी मानव जीवन के रक्षण, पोषण तथा वातावरण सन्तुलन में अद्वितीय भूमिका प्रदायक होनें से तथा–मानवीय जीवनाभिप्रायिक होनें से, इस विभाग को भी वास्तुविद्या के अन्दर रखा गया।

जहां भी गृहभूमि का चयन कर गृह निर्माण किया जाता है, वहां गृह के चारो ओर वृक्षरोपण कर वातावरण को पर्यावरण की शुद्धि से जोड़ते हैं। शुद्ध वातावरण में वृक्षों की अद्वितीय भूमिका प्राचीनतम काल से स्वीकृत है। निर्मित गृह में सर्वदा शुभ की प्राप्ति होती रहे तथा एतदर्थ प्रथमतः गृहारम्भ के लिये निम्नाङ्कित विधान[१] करना चाहिए यथा–

द्वारशुद्धिं निरीक्ष्यादौ भशुद्धिं वृषचक्रतः।
निष्पञ्चके स्थिरे लग्ने द्वयङ्गेवालयमारभेत् ॥
त्याक्त्वा कुजार्कयोश्चांशं पृष्ठे चाग्रे स्थितं विधुम्।
बुधेज्यराशिगं चार्कं कुर्याद् गेहं शुभाप्तये ॥

---

१. बृहद्वास्तुमाला - १/८-९

द्वार शुद्धि देखकर वृषचक्र से नक्षत्र शुद्धि देखकर पञ्चक भिन्न शुभनक्षत्रों में स्थिर तथा द्विस्वभाव लग्न में गृहारम्भ करना चाहिए। लग्न में मंगल तथा सूर्य का अंश न हो तथा बुध तथा गुरु की राशि में सूर्यादि ग्रह स्थित न हों, आदि।

भूमि के वर्णभेद से वृक्षरोपण के नियम भी संकेतित हैं[१]। दिग्भेद से वृक्ष भेद का महत्व प्राप्त होता है। यथा[२]–

अश्वत्थः पूर्वतो धन्यो दक्षिणस्यामुदुम्बरः।
न्यग्रोधः पश्चिमे श्रेष्ठः प्लक्षोऽप्युत्तरतः शुभः।।

न्यग्रोधः पूर्वतो वर्ज्यो दक्षिणे प्लक्ष एव च।
अश्वत्थः पश्चिमे भागे ह्युत्तरे चाप्युदुम्बरः ।।

अश्वत्थोऽग्निभयं कुर्यात् प्लक्षः कुर्यात प्रमादकम्।।
न्यग्रोधः शस्त्रसम्पातं कुक्षिरागमुदुम्बरः ।।

अर्थात् – पूर्वदिशा में पीपल, दक्षिण में गूलर, पश्चिम में बरगद तथा उत्तर दिशा में पाकड़ शुभप्रद होता है। इसके विपरीत दिशा में कथित वृक्ष अशुभप्रद होते हैं। अर्थात् पूर्व दिशा में बरगद, दक्षिण में पाकड़, पश्चिम में पीपल, तथा उत्तर में गूलर का वृक्ष नहीं लगाना चाहिये। यदि अज्ञानता से भ्रमवश निषिद्ध दिशाओं में उपर्युक्त वृक्ष लगाये जाने पर या होने पर पीपल – अग्निभय, पाकड़ – प्रमाद; बरगद – शस्त्रभय, तथा गूलर – उदर (पेट) रोगकारक होता है।

वृक्षानुरोध से वास्तुभूमि का शुभत्व एव अशुभत्व निर्धारण –

शस्तौषधिद्रुमलता मधुरा सुगन्धाः स्निग्धा समान सुखदा च मही नराणाम्।
अप्यध्वनि श्रमविनोदमुपागतानां धत्ते श्रियं किमुत शाश्वतमन्दिरेषु।।[३]

अर्थात् उत्तम औषधि, वृक्ष तथा लता से युक्त भूमि, मधुर, चिकनी, सुगन्धयुक्त समतल, उत्तम होती है। जहां रास्ता चलते लोग अपनी थकान भूल जाएँ, इस प्रकार की भूमि प्रशस्त होती है।

---

१. बृ. वा. मा. – अ. ३ श्लो. २७ से ३४ पृ. ७ से ८।
२. बृ. वा. मा. – अ. ३ श्लो ७१ से ७३ पृ. १५।
३. बृ. वा. मा. – अ. ३ पृ. १६, बृहत्संहिता अ. ५३ – श्लो. ७८।

वास्तुप्रदीपानुसार भूमिदोष[1]–

स्फुटिता च सशल्या च वल्मीकाऽऽरोहिणी तथा।
दूरतः परिहर्त्तव्या कर्त्तुरायुर्धनापहा ॥

विशेषफलम्–

स्फुटिता मरणं कुर्यादुषरा धननाशिनी।
सशल्या क्लेशदा नित्यं विषमा शत्रुवर्धिनी ॥

चैत्ये भयं गृहकृतो बल्मीके स्वकुले विपत्॥
गर्तायान्तु विनाशः स्यात् कूर्माकारे धनक्षयः ॥

फटी हुई, दीमकों से व्याप्त तथा ऊँची-नीची भूमि वास की दृष्टि से उपयुक्त नहीं होती। वनस्पति के विकास में भी इस प्रकार की भूमि अच्छी नहीं होती।

भूमि की उर्वरता से शुभाशुभ विचार[2]–

अथवा सर्वधान्यानि वापयेच्च समन्ततः।
यत्र नैव प्ररोहन्ति तां प्रयत्नेन वर्जयेत् ॥

अर्थात् उर्बरा भूमि वृक्षरोपण के योग्य है, तथा बास के योग्य भी उपयुक्त मानी जाती है।

वृक्ष आदि के सम्यक् विकासक भूमि को ही बास योग्य कहा है। यथा[3]–

यत्र वृक्षाः प्ररोहन्ति सस्यं हर्षात्प्रबर्द्धते।
सा भूमिर्जीविता वाच्या मृता चातोऽन्यथा भवेत् ॥

अर्थात् – उर्वराभूमि वृक्षरोपण, सस्य विकास में उत्तम, बास के योग्य तथा जीवित होती है, अन्यथा मृत एवं अयोग्य होती है।

---

१. बृ. वा. मा. – अ. ३, ७९-८१ पृ. १६
२. बृ. वा. मा. – अ. ४, ११० पृ. २२
३. बृ. वा. मा. – अ. ४, १०९ पृ. २०

नवीन गृह में अग्राह्य काष्ठ–

गृह में काष्ठ का प्रयोग प्राचीनतमकाल से होता रहा है। स्तम्भ से लेकर गृहधरण, कपाट, उपस्तम्भ, कड़ी, प्रभृति में आज भी काष्ठ प्रयोग हो रहे हैं। अन्य पुराने गृह के काष्ठादि अन्य नवीन गृह में प्रयोग नहीं करना चाहिये। यथा[१]–

> अन्यवेशमस्थितं दारुं नैवान्यस्मिन् प्रयोजयेत्।
> न तत्र निवसेत्कर्त्ता वसन्नपि न जीवति ॥

> इष्टका-लोष्ठ-पाषाण-मृत्तिका जीर्णमायसम्।
> तृणं पत्रं बुधैः प्रोक्तं दारुनूतनं गृहाय वै ॥

अर्थात् - पुराने गृह की लकड़ी ईंट, मिट्टी, पत्थर, लोहा, तृण, पत्र, नये में प्रयोग करना जीवनान्त प्रदायक अर्थात् दुर्घटनाकारक होते है।

वास्तुशास्त्र में ग्राह्य काष्ठ–

श्रीपर्णी = गम्भार, रोहिणी = कुटकी, शाक = शागौन, सखुआ = शाल, सर्ज = सागवान्, सीधेवृक्ष, पतंग, लोध्र = लोध, शाल = Teak wood, ताल = ताड़ = तार, अजुर्न = कोह, शिंशक = शीशम, चन्दन, अशोक, बदरी = बैर, मधुक = महुआ, कदम्ब = कदम ये गृहनिर्माण में उपयोगी तथा गृह के समीप लगाने योग्य वृक्ष हैं। शमी, नीम्ब = नीम, बिल्व = बेल, ये गृह में लगाने योग्य काष्ठ नहीं, नहीं इन्हें घर के समीप रोपना चाहिए। गुणयुक्त दृढ़काष्ठ गृहनिर्माण में उपयोगी होता है। गृह में सम (तुल्य बराबर) तथा अलिन्द (दरबाजा तथा बरामदा) में विषम धरण युक्त काष्ठ शुभ होता हैं। यथा[२]–

> श्रीपर्णी रोहिणी शाकः सर्जश्च सरलाः शुभाः।
> पतङ्गत्वोघ्रशालाख्यास्तालार्जुन- कशिंशपाः ॥

> चन्दनाशोकबदरीकमधूकाश्च कदम्बकाः।
> प्रशस्ताश्च शमी निम्बो बिल्ववर्ज्यं गृहान्तिके ॥

---

१. बृ. वा. मा. - ६/१२८-१२९
२. बृ. वा. मा. - ६/१३०-१३१

गृहे दारूगुणैर्युक्तं गृहकर्माणि युज्यते।
गृहे काष्ठं समं श्रेष्ठमालिन्दे विषमं शुभम् ॥[१]

नारद के मत से त्याज्य काष्ठ–

प्लक्ष = पाकड़, उदुम्बर = गूलर, चूत = आम, निम्ब = नीम, स्नुहि = सेहुड़, बिभीतका = बहेड़ा, दग्ध = जला हुआ, कण्टकिनी = कांटेदार वृक्ष, एवं झाड़ी, वट = बरगद, अश्वत्थ = पीपल, कपित्थ = कैथ, अगस्त, शिग्रु = सहजन; ताल = ताड़, तिन्तिड़ीका – इमली ये वृक्ष न तो घर के समीप लगावें न इनकी लकड़ी का प्रयोग गृहनिर्माण में करें।

टि. – ये बड़े वृक्ष हैं। घर के समीप लगानें से इनकी छाया गृह पर पड़नी (प्रातः सायं एवं मध्याह्न में) रोगोत्पादक होती है। ये औषधीयवृक्ष हैं, तथा इनके काष्ठ मुलायम होते है, अतः दोनों (औषधीय वनस्पति के विनाश तथा नर्मकाष्ठ से निर्मित गृह में आपद निरोधक क्षमता नहीं होने से) दृष्टि से या तीनों दृष्टि से इन्हे त्याज्य कहा। यथा[२]–

प्लक्षोदुम्बरचुताख्या निम्बस्नुहिबिभीतकाः।
दग्धाः कण्टकिनो वृक्षा वटाश्वत्थकपित्थकाः॥

अगस्तशिग्रुतालाख्यास्तिन्तिडीकाश्च निन्दिताः।
अन्ये च गृहनिर्माणे योजनीया समाः द्रुमाः॥

वराह के अनुसार त्याज्यकाष्ठ–

श्मसान, रास्ता, देवमन्दिर, दीमकवाला, देवस्थान के बागीचा से काटागया, तपस्वियों के आश्रम का, डीह का, नदीसंगम पर उत्पन्न, घटासिक्त, जंगली लताओं से आवृत्त, बिजली तथा आन्धी से आहत, स्वयं पतित, हाथी से गिराया गया, सुखा, जला, मधुमक्खियों के छाते से युक्त, काष्ठ को गृहनिर्माण में उपयोग करना वर्जित है। चिकने पत्र तथा पुष्प युक्त वृक्ष का भी गृहनिर्माण में प्रयोग निषिद्ध है। ब्राह्मणवर्ण को – देवदारु, चन्दन, तथा महुआ; क्षत्रीय वर्ग को – नीम, पीपल, खैर (खैरा) तथा बेल; वैश्य वर्ण को – विजयसार, खैर, सेबड़ी, तितिम आदि वृक्षों की लकड़ियां शुभ होती हैं। शुद्रों के लिये तिन्दुक, नागकेसर, सर्ज तथा अर्जुन वृक्षकाष्ठ शुभप्रद कहा है।

---

१. बृ. वा. मा. ४/१३३-१३४
२. बृ. वा. मा. ६/१३०-१३२

टि. - वर्णानुरोध से पठित वृक्ष के शुभत्व, जीवन रक्षण पोषण विकास एवं सद्गति प्रदान का तथा तद्गत तत्वसेवन वर्णगत क्षमता बर्धक है। इसपर सम्बन्ध निष्पत्याश्रित सरलता गुण, क्रिया - प्रतिक्रिया तथा प्रभाव को त्रिगुणात्मक एवं पञ्चभूतात्मक परमाणु एवं जीवाणु से विराट एवं जगदात्मक तथा परात्पर तक की यात्रा के आरोग्यात्मक प्रयोग में अष्टाङ्ग आयुर्वेद ज्योतिष आदि से आरोग्यकारक विधान प्रस्तुत करता है। Medical Astrology की परम्परा में वनौषधीवर्ग एवं उनके रसायनिक संरचना एवं जैव प्रभाव के अध्ययन का संकेत, अति प्रचीन ऋग्वेद मूलक है।

मानवत्वेन उपर्युक्त विधान सभी वर्ण के मानव के लिये शुभार्थक का अर्थ व्यक्तिगत प्रकृति मिश्रण से शारीरिक, मानसिक, बौधिक एवं आध्यात्मिक विकास की चतुर्विध दिशा निर्धारण में आहार विहार एवं वातावरणजन्य प्रभाव का स्व - २ क्षितिजाभिप्राय से निर्धारण कर निश्चित सम्बन्ध को मानव एवं वनस्पति, जीव-जन्तु, कीट-पतंग, शस्य, फल, मूल, कन्द लता, पादप आदि भेद एवं तृण तथा कण का अन्यान्य सम्बन्ध समीक्षणीय है।

अत: मानवीय एक पिण्डनिष्ठ - कर्मनिष्ठसंघ - शारीरिक भोगविलास प्रधान - अनियत आहार विहारयुक्त - गृहत्वाभिप्रायिक गतिशील - चेतना तथा बलभोगादि एवं तम प्रधानता का द्योतक।

उद्योगपति एवं व्यवसायी-कर्मनिष्ठ दान, भोग, शिक्षानुरोध से व्यवसायिक परिणामक सामर्थ्ययुक्त चेतना २ + शीरीरिक क्षमता ३ - रज तथा तम मिश्रण का द्योतक। दानशील, ऐश्वर्योपासक, भोग एवं व्यवसायिक क्षेत्र सम्बद्धता।

रक्षानुशासन प्रधान, मातृभक्त, देशभक्त देवभक्त, मानवता का कल्याणकारी चेतना ३ + सक्षमता ४ नेतृत्व एवं रक्षक, धर्मपरायण। योगनिष्ठ - रक्षकवर्ग - सैन्य एवं सैन्यगुप्तचर तथा रक्षावैज्ञानिक।

ज्ञानविज्ञान तर्ककला चेतना प्रधान वैज्ञानिक दार्शनिक एवं योगनिष्ठ प्रबुद्धवर्ग चेतना ४ + सक्रियता ४। इनके समवेत सर्वाभिप्रायिक रक्षण पोषण विकास एवं शिक्षणाश्रित मूल से ही मानवजीवन एवं पर्यावरण के महत्व को समझ सकते हैं। शुद्धि के आयाम तथा प्रदूषणमुक्ति में जल, वायु, वनस्पति, अग्नि तथा आकाश भूपृष्टस्थ वनौषधि आदि की सुरक्षा एवं वनसंपदारक्षण के स्वरूप को ईमानदारी से सर्वाधिक सुरक्षार्थ एवं विकासार्थ यथार्थ नियमन करवाने की जरुरत है।

वराह का प्रमाण[१] –

पितृवनमार्गसुरालयवल्मीकोद्यानतापसाश्रमजाः।
चैत्यसरित्संगमसंभवाश्च घटतोयसिक्ताश्च ॥

कुब्जानुजातवल्ली निपीडिता वज्रमारूतोपहताः।
श्वपतिहस्तिनिपीडितशुष्काग्निप्लुष्टमधुनिलयाः ॥

तरवो वर्जयितव्याः शुभदाः स्युः स्निन्धपत्र कुसुमफलाः।
सुरदारुचन्दनसमामधूकतरवः शुभाद्विजातीनाम् ॥

क्षत्रस्यारिष्टास्त्वश्वत्थखदिरविल्वादि वृद्धिकराः।
वैश्यानां जीवकखदिरसिन्दुकस्यन्दनाश्च शुभफलदाः ॥

तिन्दुक केसरसर्जार्जुनयोत्थशालाश्च शूद्राणाम्।
सर्वेषां वा शस्ताः सर्वेवृक्षाश्च निन्दिता ये न॥

टि. – यहां बुद्धि के ज्ञान वैराग्य बलउद्यम, व्यवसायोद्यम एवं उत्पादन तथ्य, शारीरिक उद्यम एवं पोषणादि संनिहित काम मानवमात्र से जुड़े तत्व हैं। न्यूनाधिक क्रम से चारो प्रकार की क्षमता व्यक्तिमात्र में होती है। जिसमें जो क्षमता एवं प्रकृति जैसी होती है, उससे व्यक्ति की पहचान बनती है। अतः चतुर्वर्णविभाजित औषधिय वनस्पतियों के वर्गीकरण का उद्देश्य भी उनके विभिन्न रूपक आयुर्वैज्ञानिक औषध्याश्रित सेवन से बुद्धि, बल, उद्यम तथा शारीरिक क्षमता तथा तीव्रतावर्धक औषधियां तुल्य निष्कर्ष विधायक तथा आहार विहार चिन्तन व्यवहारजन्य निष्पत्ति से प्रकट होते हैं। अग्निगर्भ, वातगर्भ, शीतगर्भ, दिव्यनाभसभौमभेदीय प्रस्तर, रत्न, शीला धातु, विकिरणज, वनस्पतिज, जीवज, समुद्रज आदि पदार्थों जीवों जन्तुओं तथा वनस्पतियों से निर्मित औषधियों के प्रमाण आयुर्विज्ञान तथा वनस्पतिविज्ञान की पृष्ठभूमि पर ज्योतिषगम्य हैं। योग + ज्योतिष + आयुर्वेद + तन्त्रगम + वनस्पति + सर्वविध भौतिक एवं रसायनिक प्रभावविधान दर्शक एवं यन्त्रों की विश्वस्तरीय एवं राष्ट्रीय व्यापक संयोजन के भिन्न २ समूह तथा इन संस्थानों में ऐक्य से समवेत आधार निर्माण तथा एक के मुख्यत्व से मानवीय समस्त समस्याओं के समाधान संभव है।

---

१. बृ. वा. मा. – अ. ६ श्लो. १३५ से १३९।

वृक्षच्छेदन मुहूर्त्त - गृहकाष्ठ एवं उपकरणार्थ -

गृहनिर्माण, गृहसम्बन्धि उपकरण निर्माण तथा इन्धन आदि के रूप में काष्ठ का उपयोग विहित है। पूर्णपरिक्व वृक्ष का छेदन गृहकार्यनिमित विशेष मुहूर्त्त में काटनें का विधान प्राप्त होता है। यथा[१]—

कृष्णपक्षे चतुर्दश्यां रेवतीरोहिणीयुते।
यदा तदा गुरौ लग्ने गृहार्थं तु हरेद्द्रुमान् ॥

शुक्रे लग्ने गुरौ केन्द्रेष्वगेराशौ गृहोपरि।
तृणादिभिः समाच्छाद्यो न चैवाग्निभयं भवेत् ॥

कृष्णपक्ष में चतुर्दशी + चान्द्रनक्षत्र रेवती, रोहिणी लग्नस्थ गुरू वा लग्नस्थ शुक्र तथा केन्द्रस्थ (१, ४, ७, १० भावस्थ) गुरू में गृहनिर्मित काष्ठच्छेदन तथा तृणादि का आहरण शुभप्रद होता है। इन योगों में आच्छादित घर (तृणकाष्ठनिर्मित) में अग्निभय नहीं होता।

वृक्षच्छेदन पूर्व भूतादि प्रार्थना

यानीह भूतानि वसन्ति तानि बलिं गृहीत्वा विधिवत्प्रयुक्तम्।
अन्यत्र वासं परिकल्पयन्तु क्षमन्तु ते चाद्य नमोऽस्तु तेभ्यः॥

गृह तथा देवमन्दिर के पास वृक्षरोपण तथा छेदन के विधान -

वृक्षाः दुग्धासकण्टकाश्च फलिनस्त्याज्याःगृहाद्दूरतः।
शस्ते चम्पकपाटले च कदली जाती तथा केतकी॥

याम्यादूर्ध्वमशेषवृक्षजनिता छाया न शस्ता गृहे।
पार्श्वे कस्य हरे रवीशपुरतो जैनानुचण्ड्याः क्वचित्[२]॥

अर्थात् दुधयुक्त वृक्ष (जिन्हें काटने वा तोड़ने पर दूध बाहर आवे) कांटेदार फलयुक्त वृक्षादि घर से दूर (कम से कम इतनी दूर की प्रातः सायं की छाया न पड़े, मध्याह्न की तो बिलकुल नहीं पड़ें) होना चाहिये। अर्थात् इस प्रकार के वृक्ष गाँव से बाहर होना चाहिये। फलयुक्त बड़े वृक्ष भी गृह के समीप त्याज्य हैं।

---

१. बृ. वा. मा. - ६/ १४०, १४१
२. वृ. वा. मा. पृष्ठ ११३ संस्करण २००३

चम्पक, गुलाब, केला, जाती (चमेली) केतकी (केवड़ा) ये घर के समीप लगाना शुभप्रद हैं। १ प्रहर दिन के बाद भी यदि किसी वृक्ष की छाया घर पर पड़े तो इस प्रकार का कोई भी वृक्ष शुभप्रद नहीं माना जाता। भगवान १. ब्रह्मा, २. विष्णु, ३. सूर्य, ४. शिव, ५. जैन तथा अन्य ६. देव ७. देवी मन्दिर के पार्श्व (दक्षिण, वाम तथा पृष्ठ) के वृक्ष का छेदन नहीं करना चाहिये। ब्रह्माजी के दोनों बगल में विष्णु, सूर्य तथा शिवजी के मन्दिर के सामने, जैनमन्दिर के पीछे, एवं देवीमन्दिर के किसी भी भाग में गृहनिर्माण, गृहकर्त्ता के लिए अशुभ होता है।

सदुग्ध वृक्ष धननाशक, कांटेदार से शत्रु एवं रोगभय, सफल वृक्ष से प्रजानाश, (प्रकृष्ठोत्पत्तिस्तु पुत्रादयस्तेषां प्रजादीनां सम्बद्धलोकानां नाशक इति) स्वर्णवर्ण (रंग एवं दीप्ति) के फल भी गृह के समीप शुभ नहीं होते। यथा[१] -

भवन में या भवन के समीप दुग्धरसीय वृक्ष (आक, कटैली इत्यादि) कांटेदार वृक्ष (बबूल, खैर इत्यादि) फलदार वृक्ष (आम, अमरूद इत्यादि) रोपित करना शुभ नहीं है किन्तु गृह से कुछ दूरी पर नीम, अनार, अशोक, पुन्नाग, रीठा, वकुल, चम्पा, गुलाब, केला, जाती, केवडा इत्यादि वृक्ष शुभ होते हैं।[२] घर के आंगन में पूर्व, उत्तर या ईशान (पूर्वोत्तर) दिशा में तुलसी रोपण मांगल्यप्रद होता है। उत्तर दिशा में पाकर व कैथ, पूर्व में बरगद, दक्षिण में गूलर, गुलाब और पश्चिम में पीपल शुभ हैं तथा ठीक उसके विपरीत दिशा में अशुभ होते हैं।[३] ईशान में आंवला, नैऋत्य में इमली, आग्नेय में अनार एवं वायव्य में विल्व वृक्ष शुभ कहे गये हैं।[४] इस प्रकार अन्य शुभाशुभ वृक्षों का विचार कर गृह समीप वृक्षारोपण करना चाहिए किन्तु द्वारवेध का ध्यान रखते हुए द्वार के ठीक आगे वृक्षारोपण नहीं करना चाहिए।

२. अन्तः गृहसज्जा

(क) द्वारसज्जा

समराङ्गणसूत्रधार[५] के अनुसार भवन के दरवाजे के दोनों ओर वेंतछड़ व म्यानयुक्त तलवार धारण किए हुए अलंकृत दो प्रतिहारों या प्रतिहारियों का निवेशन करना चाहिए। सम्प्रति प्रतिहारों की

---

१. वा०रा०व० - ९/१८
२. द्र० वा०रा०व० - १/२८, वृ०सं० ५३/८४-८५
३. द्र० वृ० वास्तुमा० मिश्र ११, वृ०सं० ५२/८३
४. वृ०वा०मा० श्लोक २५-२६ पृ० २१६
५. स०सू० ३४/३०-३१

प्रतिकृतियां बड़े-बड़े भवनों में परिलक्षित होती हैं। इसी प्रकार द्वार में अष्टमंगला गौरी तथा द्वारमण्डप के मध्य में लक्ष्मी का निवेशन मांगल्यप्रद कहा गया है।[१] द्वार पर सुन्दर आकृतियों, वेंतलता इत्यादि का चित्रण किया जा सकता है। द्वार का वर्ण गृहवर्ण के अनुकूल नयनाभिराम होना चाहिए किन्तु सम्पूर्ण द्वार पर केवल सफेद, काला या लाल रंग प्रयुक्त नहीं करना चाहिए। दरवाजे पर दो या दो से अधिक रंग भी प्रयुक्त किए जा सकते है। इसी प्रकार गवाक्ष एवं पर्दा आदि का विन्यास करना चाहिए। नागदन्त, तुला, स्तम्भ, भित्ति, गवाक्ष इत्यादि को न तो द्वार के मध्य भाग में देना चाहिए और न इनको विषम में स्थित करना चाहिए।[२]

(ख) विद्युत व्यवस्था

वास्तुराजवल्लभ[३] में दीप संस्थान के विषय में कहा गया है कि–दीपक रखने का स्थान हमेशा भवन के दक्षिण भाग में बनाना चाहिए जिसके बाएं भाग में अर्गला लगी हो। मध्य या बाएं भाग में दीपक का स्थान बनाना शुभ नहीं है। अतः प्रकाश हेतु बल्व, ट्यूबलाइट इत्यादि दक्षिण की ओर शुभ है। आवश्यकतानुरूप इनको आग्नेय में भी स्थापित किया जा सकता है।

विद्युत उपकरणों एवं अग्नि सम्बन्धित उपकरणों की स्थापना आग्नेय दिशा में शुभ कही गयी है। अतः टेलिविजन, हीटर, हीटकन्वेक्टर, गैस चूल्हा, ओवन, दीपक, यज्ञवेदी इत्यादि को कक्ष के आग्नेय दिशा में स्थापित करना चाहिए। अत्यावश्यक होने पर पूर्व या दक्षिण दिशा भी प्रयुक्त की जा सकती है। कूलर, एयर कंडीशनर जैसे उपकरण पश्चिम और उत्तर में लगाये जाने चाहिए। फ्रिज को कक्ष के पश्चिम में रखना चाहिए। इस प्रकार अन्यान्य उपकरणों का स्थापन उनकी प्रकृति के अनुरूप दिशा में करना चाहिए।[४]

(ग) जल व्यवस्था

पाकगृह (रसोई घर) में जलव्यवस्था वाशवेशिन इत्यादि ईशान कोण में बनाना चाहिए। पूजन गृह में भी जलपात्र ईशान कोण में स्थापित करना शुभ है। स्नानगृह में नल, शॉवर इत्यादि पूर्व दिशा में तथा शौचालय में जलव्यवस्था पूर्व, पश्चिम या ईशान में करना चाहिए। जलनिकासी पूर्व, उत्तर

---

१. स०सू० ३४/३३-३९
२. तत्रैव ३४/७०
३. वा०रा०व० ५/२१ उद्धृत वा०र० ६/२९
४. द्र०भा० वास्तुशा० पृ० १२०-१२५

या वायव्य की ओर करना उत्तम है। स्नानगृह में उत्तर या दक्षिण में वेशिन लगाया जाना चाहिए।[१]

(घ) आसन्दिकादि व्यवस्था

कक्षों में अलमारी, सोफा, पलंग, कुर्सी या स्थायी रूप से रखे जाने वाले भारी सामान दक्षिण नैऋत्य या पश्चिम नैऋत्य में रखना चाहिए।[२] ईशान दिशा में भारी सामान रखना सर्वथा वर्जनीय है। यह दिशा रिक्त अथवा प्राकृतिक दृश्यों की पेन्टिंग या दीवार घड़ी या प्रतिमाओं से सज्जित की जा सकती है। अध्ययन कक्ष में कुर्सी एवं मेज पूर्व या उत्तराभिमुख होनी चाहिए। भोजन कक्ष में प्रमुख व्यक्तियों का आसन (कुर्सी इत्यादि) पूर्वाभिमुख तथा अन्य के लिए उत्तर व पश्चिमाभिमुख होना चाहिए। किन्तु दक्षिणाभिमुख सर्वथा वर्जनीय है। भोजन के लिए डायनिंग टेबिल आयताकार या वर्गाकार शुभ है। गोलाकार या अण्डाकार टेबिल ठीक नहीं है।[३]

शयनकक्ष में ड्रेसिंग टेबिल पूर्व में तथा अध्ययनार्थ टेबिल पश्चिम में लगानी चाहिए। तदनुसार बैठने की आसन्दिका (कुर्सी) स्थापित करनी चाहिए। वस्त्रों की आलमारी नैर्ऋत्य या वायव्य में स्थापित होनी चाहिए। नगदी-आभूषणादि बहुमूल्य वस्तुएं रखने के लिए तिजोरी शयनकक्ष में पश्चिमी या दक्षिणी दीवार में रखनी चाहिए। इसका द्वार उत्तर या पूर्व की ओर खुलना शुभ होता है। शयनकक्ष में पलंग को दक्षिण-नैर्ऋत्य या पश्चिम नैर्ऋत्य में इस प्रकार स्थापित किया जाना चाहिए कि पैर आग्नेय और नैर्ऋत्य में न फैले। सामान्यतया पलंग का सिरहाना पूर्व या दक्षिण की ओर रखना शुभ है। उत्तर में सिरहाना सर्वथा वर्जनीय है। पलंग के ऊपर छत की बीम या मोटी पट्टी नहीं होनी चाहिए।[४]

रसोईघर में खाद्य वस्तुएं रखने की आलमारी पश्चिम या दक्षिण में रखनी चाहिए। पश्चिमोत्तर दिशा में मिक्सी, टोस्टर, आटा चक्की एवं अन्य उपकरण रखे जा सकते हैं।[५] पूजनगृह में पूजन सामान की आलमारी पश्चिम या दक्षिण की ओर रखनी चाहिए।[६]

इस प्रकार कक्षों में वस्तुओं की प्रकृति के अनुसार उनका स्थापन करना चाहिए। कक्ष सज्जा करते समय निम्न बातों का भी ध्यान रखना चाहिए।

---

१. द्र०भा० वास्तुशा० पृ० १२०-१२५
२. तत्रैव पृ० १७१
३. तत्रैव पृ० १२४
४. तत्रैव पृ० १२२
५. तत्रैव पृ० १२०
६. तत्रैव पृ० ११९

१. भवन के मुखिया का शयनकक्ष दक्षिण में तथा युवा दम्पत्ति का शयनकक्ष वायव्य एवं उत्तर के बीच में बनाना समुचित है। बच्चों का कक्ष वायव्य कोण में बनाया जा सकता है किन्तु पूर्व, ईशान या आग्नेय में शयनकक्ष सर्वथा वर्जनीय है।[१]

२. शयनकक्ष में देवप्रतिमा अथवा पूजन स्थान नहीं बनाना चाहिए।[२] वहाँ शुभ पशु-पक्षी, प्राकृतिक दृश्य, कुमार-कुमारियों अथवा क्रीडा के दृश्य लगाये जा सकते हैं।

३. स्नानगृह में वस्त्रपरिवर्तन हेतु स्थान पश्चिम में बनाना चाहिए। शौचालय में शौचासन उत्तर या दक्षिण में लगाना चाहिए किन्तु शौच करते समय व्यक्ति पूर्वाभिमुख नहीं होना चाहिए।[३]

४. गृह सज्जा में चित्रों या प्रतिमाओं का प्रयोग करते समय ध्यान देना चाहिए कि-रामायण, महाभारतादि युद्धों के चित्र, तलवार युद्ध चित्र, इन्द्रजालिक चित्र, पत्थर व काष्ठादि की बनी हुई राक्षसादिकों की भयंकर मूर्ति, रोते हुए मनुष्यादिकों का चित्रादि लगाना शुभ नहीं होता है।[४]

५. रौद्र, दीन, अद्‌भुत, त्रास, वीभत्स और करुण रस चित्रादिकों में प्रयुक्त नहीं करने चाहिए। हास्य एव श्रृंगार को छोड़कर प्राणियों में अन्य रस का प्रयोग वर्जित है।[५]

६. अग्निदग्ध भवनादि, शुष्क, रुक्ष, भग्न, कटु एवं कांटेदार वृक्ष, गीध, उल्लू, कबूतर, बाज, कौवा, हाथी, घोड़ा, भैंसा, ऊँट, बिल्ली, गधा, बन्दर, सिंह, व्याघ्र, लकड़वग्घा, सुअर, हिरण, सियार एवं मांसभक्षी पशुपक्षी, ये सब अप्रयोज्य हैं।[६]

७. कक्ष में फल-पुष्पादि के चिह्नों से अलंकृत एवं सुन्दर समयोचित विशेष पक्षियों से युक्त ऋतुओं का आलेख्य, बेंत व केतकी से सज्जित, मछलियों से शोभित नलिनी वनों से सच्छन्न वापियों का आलेखन, पिंजरस्थ चकोर, तोते, सारिका, कोकिल, मोर इत्यादि व चित्र-विचित्र पत्रलताओं का आलेखन तथा सुन्दर कुमार-कुमारियों का चित्रण ये सभी प्रयोज्य हैं।[७]

---

१. भार० वा० पृ० १२१
२. तत्रैव पृ० १२२
३. तत्रैव पृ० १२५
४. वृ०दै०र० ८६/४१८
५. समराङ्गण सू० अध्याय ३४, उद्‌धृतं वास्तुसार पृ० १८६
६. तत्रैव
७. स०सू० अध्याय ३४ उद्‌धृत वास्तुसार पृ० १९०

इसी प्रकार कार्यालयादिकों में भी सज्जा की जानी चाहिए। किन्तु वहाँ कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों के पद, कार्यक्षमता आदि का ध्यान रखते हुए उनका स्थानादि निवेश करना चाहिए। आगन्तुकों के लिए भी विशेष सज्जा करनी चाहिए। इस प्रकार गृह सज्जा करते समय वास्तु सम्बन्धी नियमों का अवश्य ही पालन करना चाहिए। इससे भवन का उपयोग करने वाले प्राणियों को पूरी-पूरी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। सुन्दर व आकर्षक सज्जा प्राणियों के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यावश्यक है। इससे कार्यक्षमता का भी विकास होता है।

पर्यावरण एवं वास्तु

जी.बी. बरार

हमारी संस्कृति बहुत विलक्षण है। इसके सभी सिद्धान्त पूर्णतः वैज्ञानिक हैं और उनका एकमात्र उद्देश्य मनुष्य मात्र का कल्याण करना है। मनुष्य मात्र का सुगमता से एवं शीघ्रता से कल्याण कैसे हो—इसका जितना गम्भीर विचार हमारी संस्कृति में किया गया है, उतना अन्यत्र नहीं मिलता। जन्म से लेकर मृत्युपर्यन्त मनुष्य जिन-जिन वस्तुओं एवं व्यक्तियों के सम्पर्क में आता है और जो-जो क्रियाएँ करता है, उन सबको हमारे क्रान्तदर्शी ऋषि मुनियों ने बड़े वैज्ञानिक ढंग से सुनियोजित, मर्यादित एवं सुसंस्कृत किया है और उन सबका पर्यवसान परम श्रेय की प्राप्ति में किया है। इतना ही नहीं, मनुष्य अपने निवास के लिए भवन निर्माण करता है तो उसको भी वास्तुशास्त्र के द्वारा मर्यादित करता है। वास्तुशास्त्र का उद्देश्य भी मनुष्य को कल्याण-मार्ग में लगाना है। शास्त्र की मर्यादा के अनुसार चलने से अन्तःकरण शुद्ध होता है और शुद्ध अन्तःकरण में ही कल्याण की इच्छा जाग्रत होती है। वास्तु शब्द का अर्थ है—निवास करना (वस निवासे) जिस भूमि पर मनुष्य निवास करते हैं उसे वास्तु कहा गया है कुछ वर्षों से लोगों का ध्यान वास्तु विद्या की ओर गया है। प्राचीन काल में विद्यार्थी गुरुकुल में रहकर चौंसठ कलाओं (विद्याओं) की शिक्षा प्राप्त करते थे, जिनमें वास्तुविद्या भी सम्मिलित थी।

वास्तुविद्या के अनुसार मकान बनाने से कुवास्तुजनित कष्ट तो दूर हो जाते हैं पर प्रारब्धजनित कष्ट तो भोगने ही पड़ते हैं। जैसे औषध लेने से कुपथ्यजन्य रोग तो मिट जाता है पर प्रारब्धजन्यरोग नहीं मिटता। वह तो प्रारब्ध का भोग पूरा होने पर ही मिटता है। परन्तु इस बात का ज्ञान होना कठिन है कि कौन-सा रोग कुपथ्यजन्य है और कौन-सा प्रारब्धजन्य? इसलिए हमारा कर्तव्य है कि रोग होने पर हम उसकी चिकित्सा करें। इसी तरह कुवास्तुजनित दोष को दूर करना भी हमारा कर्तव्य है।

आज के प्रदूषित वातावरण में पर्यावरण की महती आवश्यकता से कौन इन्कार कर सकता है। पर्यावरण की शुद्धता, शुद्ध वायु, शुद्ध जल, शुद्ध प्रकाश, शुद्ध आकाश एवं शुद्ध भूमि पर निर्भर है। वास्तु भी वायु, जल, अग्नि, आकाश एवं पृथ्वी इन पाँचों तत्वों के अनुपातिक सन्तुलन का नाम है। अतः वास्तु एवं पर्यावरण का गहरा सम्बन्ध है। इनको एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता क्योंकि यदि इन पाँचतत्वों पर आधारित वास्तु सही है तो पर्यावरण भी सही होगा। यदि वास्तु गलत है तो पर्यावरण भी प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगा।

वास्तु का उद्देश्य

भवन प्राकृतिक संसाधनों के अनुकूल, स्थापत्य एवं वास्तु-सूत्रों से आबद्ध हो ताकि उसमें रहने वाला प्राणी पूर्णरूप से स्वस्थ, सुखी व सम्पन्न हो। यही वास्तु का उद्देश्य है। वराहमिहिर के अनुसार वास्तु का उद्देश्य इहलोक एवं परलोक दोनों की प्राप्ति है। महर्षि नारद कहते हैं–

अनेन विधिना सम्यग्वास्तुपूजां करोति यः।
आरोग्यं पुत्रलाभं च धनं धान्यं लभेन्नरः।।

इस विधि से सम्यक प्रकार से जो वास्तु (भवन विद्या) का सम्मान (पूजा) करता है। वह मनुष्य आरोग्य, पुत्र धन, धान्यादि का लाभ प्राप्त करता है। सही वास्तु के अभाव में भवन में रहने वाले व्यक्ति की पत्नी की मृत्यु, पुत्र पौत्रादि का नाश, धननाश, मानसिक अशांति, रोग, बेचैनी एवं विभिन्न प्रकार के उपद्रवों की प्राप्ति होती है।

वास्तु - एक धार्मिक अनुष्ठान

भवन निर्माण तकनीक एवं वास्तु विज्ञान दो भिन्न-भिन्न वस्तुएँ हैं एक आर्किटेक्ट एक उत्तम भवन तो बना सकता है परन्तु उसमें रहने वाले प्राणी के सुखी जीवन की गारण्टी नहीं दे सकता। वास्तु विद्या इस बात की गारण्टी देती है। भारत में भवन निर्माण एक धार्मिक कृत्य है। भारत में भवन निर्माण का हेतु पुरुषार्थ चतुष्ट्य की सिद्धि है। यदि भवन निर्माण कला में से वास्तु विज्ञान को निकाल दिया जाये तो उसकी कीमत शून्य है। यह केवल ईंट पत्थर, लोहे सीमेण्ट का ढेर है और कुछ नहीं।

गृह निर्माण के हेतु को स्पष्ट करते हुए भारतीय मनीषि कहते हैं कि गृह का हेतु स्त्री-पुत्रादि सुख और धर्म, अर्थ, काम को देने वाला ही गृह है। भारतीय मनीषियों ने यहाँ शब्द-ब्रह्म की कल्पना करके व्याकरण को दर्शन रूप प्रदान किया, इस ब्रह्म की कल्पना करके काव्य को नादब्रह्म और संगीत को इहलौकिक पृष्ठभूमि से उठाकर पारलौकिक परम रहस्य में परिणित किया है। उसी प्रकार पाषाणमय प्रासाद में पुरुष की कल्पना को स्थायित्व देने के लिए वास्तु ब्रह्मवाद की कल्पना की गई है। वास्तुशास्त्र एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें परिमित भूमि अपरिमित विश्व-शक्ति में परिवर्तित की जाती है। वह अनाम एवं अरूप सत्ता तो इस वास्तु मंडल में नियंत्रित की जाती है उसे वास्तु पुरुष कहते हैं।

वृक्ष - देवता का स्वरूप

जनश्रुति, लोक विश्वास और साहित्य में वृक्षों को अपार स्नेह और श्रद्धाभाव से देखा गया

है। पूजा के लिए, फलों, बेलपत्र आम्रपत्र, दुर्वा, कुश, चन्दन आदि का प्रयोग सामान्य सी बात है। कुछ वृक्ष देवी-देवताओं के साथ जुड़े हैं। कृष्ण का नाम आते ही कदम्ब को कौन भूला सकता है। अशोक को कामदेव का वृक्ष माना जाता है। कहते हैं कि वह सुन्दरियों के पाद-प्रहार से खिलता है कमल विष्णु और ब्रह्मा का पुष्प है। लक्ष्मी को कचनार के फूल प्रिय होते हैं। बेलपत्र शिव पर चढ़ाया जाता है और पीपल के पेड़ पर यक्ष का वास माना जाता है। तुलसी को भी लोकमानस में विष्णु पत्नी के रूप में जोड़ा गया है।

यज्ञ कार्य हेतु पलाश, खदिर, अश्वत्थ, शमी, बड़, उदुम्बर, अपामार्ग, अर्क, दूर्वा, कुश, न्यग्रोध, पलक्ष, बिल्व, चन्दन, साल, देवदारु, गुग्गल, सरल, खेजड़ी इत्यादि यज्ञीय वृक्ष कहे गये हैं। इनकी समिधा हवन कार्य में प्रयोग आती है।

पर्यावरण के सन्दर्भ में वृक्ष एवं वास्तु की अवधारणा

बसने योग्य, निवास करने लायक भूमि के आस-पास किन-किन वृक्षों को बोया जाना चाहिए, यह वृक्ष-वास्तु का विषय है। पौधे और वनस्पतियों की दुनिया भी अजीब दुनिया है जो प्रकृति की रहस्यता और विराटता अनुभव कराती है। पेड़-पौधे अथवा वनस्पति की दुनिया प्रकृति का उल्लास ही नहीं व्यक्त करती बल्कि मन को भी विराट तत्व के साथ जोड़ती है। पेड़ों से लदे पहाड़, हरी-भरी उपत्यकाएँ, दूर तक फैले चारागाह और फूलों से भरी तलहनियाँ मन को न जाने किन ऊँचाईयों तक ले जाती हैं। मनुष्य और पेड़-पौधे का हर्ष-उल्लास का संबन्ध बहुत प्राचीन काल से है।

इस प्रकार आरम्भ से ही मनुष्य का जीवन और उसका ज्ञान-विज्ञान वनों में विकसित हुआ और इसके बदले में मनुष्य ने भी उनको अपूर्व आत्मीयता प्रदान की। वैदिक काल में भारतीय मनीषी प्रकृति के आराधक थे। वे वनस्पतियों को अपने अनुष्ठानों में विशेष महत्त्व देते थे।

उस काल में कई लोकदेवता थे, जिनमें मरुत, सूर्य, इन्द्र, वरुण, उषा, रुद्र आदि के साथ-साथ वनस्पति और वृक्ष को भी देवता कहा गया है। हमारे देश में वृक्षों के देवत्व और उनकी पूजा की परम्परा बहुत प्राचीन रही है। गीता में श्रीकृष्ण अपने को सब वृक्षों में 'अश्वत्थ' बताते हैं और अपने को अर्पित की जाने वाली वस्तुओं में स्वर्ण रत्न और बहुमूल्य वस्तुओं के नाम न गिनाकर केवल **'पत्रं पुष्पम् फलं तोयम् यो मे भक्त्या प्रयच्छति'** की बात करते हैं। बौद्ध और जैन परम्परा में भी वृक्ष-पूजा का महत्त्व बना रहा। गौतम बुद्ध ने बौधि वृक्ष के नीचे ही ज्ञान प्राप्त किया था।

वृक्षों में मानवीकरण की उदात्त भावना

पेड़-पौधे, फूल-फल सब मन को उल्लासित करते हैं। पेड़ सोचता है वह दूसरों के काम आए, फूल की आकांक्षा होती है कि वह मन को हुलसाये, फल का लक्ष्य होता है बीज-**एकोऽहं**

बहुस्याम--एक से अनेक बन जाऊँ। ठीक जमीन पर गिर जाये तो वह अपना अस्तित्व सार्थक मानता है। फिर से पैदा होने का सुयोग फिर विकसित होने का सुयोग और फिर वृक्ष से फूल और फल बनने का सुयोग। पर क्या मनुष्य अपना जीवन इतना सार्थक बना पाता है? जीव-जन्तु, पशु-पक्षी सब अपने परिवेश और पर्यावरण में खुश रहते हैं क्योंकि वे उसके अंग हैं। प्रकृति खुश है, पेड़-पौधे और जीव-जन्तु खुश हैं तो मनुष्य भी खुश है। यह खुशी पारस्परिकता और प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धि की खुशी है। इसी से जीवन में गुणता आती है। जिस से अमरता का अहसास होता है। यह तभी हो सकता है जब हम अपने आसपास के जगत को समझें, उसे आत्मीयता दें और अपने जीवन के लिए उसकी अनिवार्यता को महसूस करें।

वनस्पतियों में इतना बाहुल्य और विविधता है कि उनसे प्रकृति के विराट तत्व का अहसास होता है। हमारे देश में चीड़, देवदार, साल, शीशम, बांस, टीक, बौज के विशाल वन मिलते हैं। जहाँ पर कुछ भी नहीं उगता वहाँ कँटेदार झाड़ियां, बेर आदि तो उगते ही हैं। फलदार वृक्षों में आम, लीची, नीम्बू, नाशपाति, आड़ू, नारियल आदि बहुतायत से पाये जाते हैं। शोभाकार पेड़-पौधों में गुलमोहर, अशोक, सेमल, अर्जुन, पलाश, कचनार, महुआ, चम्पक, माधवी, चमेली, चाँदनी, मोंगरा, कदम्ब, हरसिंगार, केतकी, गन्धराज, नागकेसर आदि असंख्य नाम गिनाए जा सकते हैं। घरों के आसपास और बागों में फूलों से लदे वृक्ष हृदय को अपूर्व उल्लास से भर देते हैं। दूसरी ओर नीम, बड़, पीपल जैसे छायादार वृक्ष राहगीरों को शीतलता पहुँचाते हैं और थकावट दूर करते हैं। कोई भी ऐसा पेड़-पौधा या जड़ी-बूटी नहीं है जिसका घरेलू नुस्खे के रूप में कोई उपयोग न हो। पुष्प मनुष्यों के लिए प्रकृति का सबसे बड़ा उपहार है। सबसे बड़ी बात थी पुष्पों के प्रति उसका मनोवैज्ञानिक भाव। उसने अपने मन की सबसे बड़ी श्रद्धा, सौन्दर्य भावना और प्रसन्नता इतनी किसी और भी अर्पित नहीं की जितनी फूलों को। देवपूजन में जितना अधिक उपयोग पुष्पों का हमारे देश में होता है उतना कहीं नहीं। कहा गया है कि पुष्प धारण करने से कान्ति, काम और ओज की वृद्धि होती है।

पुष्पमस्य धारणं कान्ति वर्द्धनं काम कारकम्।
ओजः श्रीवर्द्धकं चैव पापग्रह विनाशनम्।।

वैज्ञानिकों ने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि फूलों की सुगन्ध का मस्तिष्क के तन्त्र पर सुखद प्रभाव पड़ता है। उससे मन को अपूर्व शांति मिलती है और तनाव समाप्त होता है। यह भी माना जाता है कि फूलों की गन्ध नींद लाने में भी सहायक होती है। उच्च रक्तचाप के रोगियों को पर्याप्त आराम मिलता है। इसलिए प्राचीन काल में शयन कक्ष में पुष्प शैच्चाएँ होती थी और गुलाब जल, इत्र आदि का छिड़काव भी किया जाता था। केसर की क्यारियाँ हो या फूलों की घाटियाँ, वे हमारे जीवन को सुखमय बनाने में सहायक होती हैं।

वृक्षों का पर्यावरण को योगदान

पेड़-पौधें, उनके पत्तों, फूलों और जड़ी-बूटियों का पर्यावरण शुद्धि एवं मनुष्य जीवन को सुखद बनाने में बहुत बड़ा योगदान है। आज के प्रदूषित वातावरण में उनका महत्त्व और भी बढ़ गया है। वे ऊर्जा के सबसे महत्त्वपूर्ण संसाधन के रूप में सर्वाधिक मान्य हैं। वे सूर्य-ऊर्जा ग्रहण कर हमारे लिए ईंधन ऊर्जा के महत्त्वपूर्ण माध्यम बनते हैं। पेड़-पौधें जमीन से शक्ति ग्रहण करते हैं किन्तु वे जमीन को शक्ति भी प्रदान करते हैं। इनकी जड़ें जमीन को कसकर पकड़े रहती है जिससे धरती का संतुलन बना रहता है। पेड़ अपनी जड़ों से मिट्टी को पकड़े ही नहीं रखते जल का सन्तुलन भी बनाए रखते हैं और संरक्षण में भी सहायक होते हैं।

यह एक सामान्य तथ्य है कि पेड़-पौधे सूर्य की ऊर्जा को ग्रहण करने के लिए महत्त्वपूर्ण साधन होते हैं और वे **"कोटो सिन्थेसिस"** की प्रक्रिया के तहत कार्बन डाई-ऑक्साइड को ऐसे आवयविक कार्बन यौगिकों में परिणत करते हैं जो जीवन के लिए आवश्यक होते हैं। पेड़-पौधे कार्बन डाई-ऑक्साइड को आक्सीजन में बदलते हैं और हवा को शुद्ध करते हैं। वे वायु की गति को १५ से ५० प्रतिशत और विकिरणन को १० से १२ प्रतिशत कम करते हैं। वे २५ प्रतिशत प्रदूषण पर काबू पाने में सहायक होते हैं। वे ८० प्रतिशत धूल को रोक लेते हैं और कई विषैली गैसों को भी अपने में समाहित कर लेते हैं। नीम, तुलसी जैसे पौधे में यह गुण विशेष माना जाता है। रोग के कीटाणुओं को मारने में भी वे सहायक होते हैं। और तापमान को भी नियन्त्रित करते हैं। जहाँ गर्मी अधिक पड़ती है वहाँ के पेड़-पौधे वरदान स्वरूप हैं। वे आँधी-तूफान की गति पर नियन्त्रण रखते हैं। शोर प्रदूषण को कम करने में सहायक होते हैं। पेड़ और जल भी एक-दूसरे पर बहुत निर्भर करते हैं। जल स्रोतों को बनाए रखने के लिए पेड़-पौधों की जरूरत होती है। वर्षा का न होना, नदी-नालों का सूखना, शहरों में पानी की कमी का पड़ना ये सब ऐसे तथ्य हैं जो पेड़-पौधों के महत्त्व को जता रहे हैं। वस्तुतः पेड़-पौधें सृजन की महत्त्वपूर्ण कड़ी है। यदि पेड़-पौधे न हो तो पशु-पक्षियों और मानव के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

आवश्यकता इस बात की है कि पेड़-पौधों की अनिवार्यता एवं महत्त्व को समझा जाए। उनके विनाश से पृथ्वी और उसके ऊपर जिये जाने वाले जीवन का संतुलन बिगड़ रहा है। अगर हम पेड़ काट रहे हैं तो अपनी ही जड़ें काट रहे हैं।

वृक्ष एवं वास्तु

वृक्ष और झाड़ियों का घरों में वास्तु सुधार प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण स्थान है। वृक्ष जीवित सता का प्रतिबिम्ब हैं। भारत और विदेशों में भी वृक्ष सौन्दर्य एवं दीर्घायु का प्रदाता माना गया है। वृक्ष के कारण घर के निवासियों को जीवन प्रदाता आक्सीजन एवं अनुकूल चुम्बकीय तरंगों की प्राप्ति होती

है। यह मानव को प्रकृति के निकट ले जाता है तथा घर की आँधी-तूफान, ट्रैफिक के शोरगुल एवं प्रदूषण से रक्षा करता है। वृक्षों के कारण बहुत बड़े भूखण्ड को सुन्दर एवं प्राकृतिक समरसता से भरपूर बनाया जा सकता है। L-Shaped भूखण्ड में जो दो कोने आधे-अधूरे छूट जाते हैं, श्रेणीबद्ध वृक्षारोपण से उन्हें चौकोर भूखण्ड में बदला जा सकता है। चीनी मान्यताओं के अनुसार वास्तुदोष शमन के जो परिहार है उसमें वृक्षों का सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान है। वृक्ष को हमेशा द्वारवेध से बचाकर लगाना चाहिए।

वृक्षारोपण

भारतीय संस्कृति व सभ्यता में वृक्षारोपण एक धार्मिक कार्य माना गया है। वृक्षों में भी प्राण संचार प्रक्रिया एवं मनुष्य के तरह सुनने और समझने की शक्ति को स्वीकार किया गया है। बृहत्संहिता में निर्देश दिया गया है–"वृक्ष लगाने से पहले व्यक्ति स्नान करके, पवित्र होकर, चन्दन आदि से वृक्ष की पूजा करे फिर उसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगाने, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के पूर्व घृत, प्वस, तिल, शहद, दूध, गोबर इन सबको पीसकर मूल से लेकर अग्रपर्यन्त लेपकर वृक्ष को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा सकते हैं। ऐसा करने से पत्तों से युक्त वृक्ष लग जाता है।

घर के समीप लगाये जाने वाले वृक्ष

पेड़, पौधे, वृक्ष, वनस्पतियाँ एवं पुष्प जहाँ प्रकृति के अनुपम सौन्दर्य के अनुपम अंग हैं वहाँ मानव मात्र के प्रति शुभ-अशुभ अनुकूल एवं प्रतिकूल भाग्य-रश्मियों के भी सूचक हैं। हमारे प्राचीन ऋषियों ने वनस्पति शास्त्र के औषधीय तत्वों को लेकर जहाँ बड़े-बड़े ग्रंथ लिखे वहीं वास्तु विद्या ने इन वृक्षों के शुभ-अशुभ परिणामों को लेकर विशद् अध्ययन किया। कौन से वृक्ष घर की चार दीवारी के अन्दर लगाने योग्य हैं? कौन से नहीं? कौन से वृक्ष सरोवर के तट पर लगने चाहिए? कौन से वृक्ष केवल सौन्दर्य की दृष्टि से उपोदय है? कौन से वृक्ष हवनीय दृष्टि से पवित्र हैं? विभिन्न ग्रहों की समिधायों में कौन-कौन से वृक्षों की लकड़ियाँ काम आती हैं। वास्तु विज्ञ को भवन के अन्दर एवं बाहर लगने वाली सभी प्रकार की लकड़ियों तथा सभी प्रकार के पौधों, पुष्प-वृक्षों की शुभाशुभ गुणवत्ता का ज्ञान होना चाहिए।

अशोक, पुन्नाग, मौलसिरी, शमी, शम्पा, अर्जुन, कटहल, केतकी, चमेली, पाटल, नागकेशर, अड़हुल, महुआ, वट, सेमल, वकुल, शाल आदि वृक्ष घर के पास शुभ हैं। पाकर, गूलर, आम, नीम, बहेड़ा, पीपल, कपित्थ, अगस्त्य, बेर, निर्गुण्डी, इमली, कदम्ब, केला, नींबू, अनार, खजूर, बेल आदि वृक्ष घर के पास अशुभ हैं। कई वृक्ष ऐसे हैं जो दिशा विशेष में स्थित होने पर शुभ अथवा अशुभ फल देते हैं जैसे– पूर्व में पीपल भय तथा निर्धनता देता है, परन्तु बरगद कामना पूर्ति करता है।

आग्नेय में वट, पीपल, सेमल, पाकर तथा गूलर पीड़ा और मृत्यु देने वाले हैं। परन्तु अनार शुभ हैं। दक्षिण में पाकर रोग तथा पराजय देने वाला है और आम, कैथ, अगस्त्य तथा निर्गुण्डी धननाश करने वाले हैं। परन्तु गूलर शुभ है। नैर्ऋत्य में इमली शुभ है। दक्षिण-नैर्ऋत्य जामुन और कदम्ब शुभ हैं। पश्चिम में बड़ होने से राजपीड़ा, स्त्रीनाश व कुलनाश होता है और आम कैथ, अगस्त्य तथा निर्गुण्डी धननाशक है। परन्तु पीपल शुभदायक है। वायव्य में बेल शुभदायक है। उत्तर में गूलर नेत्ररोग तथा ह्रास करने वाला है। परन्तु पाकर शुभ है ईशान में आंवला शुभदायक है।

ईशान-पूर्व में कटहल एवं आम शुभ है घर के पास काँटेवाले, दूधवाले तथा फलवाले वृक्ष स्त्री और सन्तान की हानि करने वाले हैं। यदि इन्हें काटा न जा सकता तो इन के पास शुभ वृक्ष लगा दें। काँटेवाले वृक्ष शत्रु से भय देने वाले दूधवाले वृक्ष धन का नाश करने वाले और फलवाले सन्तान का नाश करने वाले हैं। इनकी लकड़ी भी घर में नहीं लगानी चाहिए। बेर, केला, अनार तथा नींबू जिस घर में उगते हैं। वहाँ वृद्धि नहीं होती। पीपल, कदम्ब, केला, बीज, नींबू - ये जिस घर में होते हैं वंशवृद्धि नहीं होती। घर के भीतर लगाई हुई तुलसी मनुष्यों के लिए कल्याणकारी धन पुत्र प्रदान करने वाली, पुण्यदायिनी तथा हरिभक्ति देने वाली होती है। प्रातःकाल तुलसी का दर्शन करने से सुवर्ण-दान का फल मिलता है। अपने घर से दक्षिण की ओर तुलसी वृक्ष का रोपण नहीं करना चाहिए। अन्यथा यम-यातना भोगनी पड़ती है। मालती, मल्लिका, पोची (कपास), इमली, श्वेता (विष्णुक्रान्ता) और अपराजिता जो वास्तु भूमि पर लगाता है वह शस्त्र से मारा जाता है।

तुलसी का महत्त्व

तुलसी हिन्दू धर्म का एक अत्यधिक महत्त्वपूर्ण पौधा है। पौराणिक और धार्मिक ग्रन्थों में तुलसी का उल्लेख श्रद्धा और सम्मान सहित किया जाता है। पुराणों और अन्य धर्म ग्रन्थों के रचनाकारों ने तुलसी को सर्वप्रधान देव विष्णु की प्रिया के नाम से सम्बोधित किया है। भगवान विष्णु का दूसरा नाम है हरि, इसलिए तुलसी को हरिप्रिया भी कहते हैं। तुलसी दल के बिना पूजा नहीं की जाती। संसार में जितनी भी वनस्पतियाँ पाई जाती हैं तुलसी का पौधा उन तमाम पौधों में महत्त्वपूर्ण पौधा है।

वास्तव में तुलसी अमृत है ईश्वरीय वरदान है। तुलसी एक मात्र संसार का ऐसा पौधा है जिसके अंङ्गों में समाया हुआ रोगनाशक तेल हवा के झोंको के स्पर्श से निकल कर आसपास के वायुमण्डल में फैल जाता है। यह तेल तुलसी के पौधे के आसपास रहने, छूने, रोपने और जल चढ़ाने वाले लोगों की अनेक प्रकार के रोगों के आक्रमण से रक्षा करता है। तुलसी का तेल क्षय रोग के कीटाणुओं को समाप्त कर देता है। और मलेरिया को तुलसी द्वारा समाप्त किया जा सकता है। चर्म रोग, सीने में दर्द, स्तन पीड़ा आदि रोगों को नष्ट करता है। तुलसी में पारा होता है। जब सूर्य या

चन्द्र ग्रहण होता है तो वायुमंडल दूषित हो जाता है। उस समय घर में मौजूद जल और खाद्य पदार्थों में तुलसी के पत्ते डाल दिए जाएँ तो दूषित पर्यावरण का उनपर कोई भी प्रभाव नहीं पड़ता। यदि तुलसी के पत्तों को जल में कुछ देर पड़े रहने के बाद उस जल से स्नान किया जाए तो चर्म रोग नहीं हो पाता। तुलसी के पौधे आँखों को ज्योति और मन को शांति प्रदान करते हैं तथा वातावरण में सात्त्विकता की वृद्धि करते हैं। तुलसी का पौधा घर के पूर्व, उत्तर या ईशान में हो तो उसका प्रभाव बहुत उत्तम रहता है। उसके औषधीय गुण बढ़ जाते हैं और इस पौधे के आध्यात्मिक तत्व में भी वृद्धि होती है। यह पौधा मन, वचन और कर्म से पवित्र रहने की प्रेरणा और शक्ति प्रदान करता है।

नारियल का वृक्ष

नारियल का वृक्ष एक ऐसा वृक्ष है जो घर में लगाने वाले की अनेक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। नारियल के वृक्ष का प्रत्येक अंग लाभकारी और जीवनोपयोगी होता है। इसीलिए इसे जीवनतरु के नाम से पुकारा गया है। सूखे नारियल को श्रीफल कहते हैं जो ऋद्धि-सिद्धि प्रदान करता है। इसीलिए देवताओं को समर्पित किया जाता है। प्रत्येक पूजा के अवसर पर कच्चे नारियल की गिरी प्रसाद के रूप में वितरित की जाती है। नारियल का वृक्ष घर की चार दीवारी में लगाना शुभ फलदायक माना गया है। यह वृक्ष गृहस्वामी की लक्ष्मी व ऐश्वर्य को बढ़ाता है।

नारीकेलसमाकारा दृश्यन्तेऽपि हि सज्जनाः।
अन्ये बदरिकाकारा बहिरेव मनोहराः।।

सज्जन पुरुष नारियल के फल के समान होते हैं जबकि दुर्जन पुरुष बेर की तरह ऊपर से मनोहर दिखलाई देते हैं परन्तु अन्दर से कठोर होते हैं। नारियल बाहर से कठोर और अन्दर से नरम मृदु एवं स्वच्छ होता है।

बिल्व वृक्ष

बेल या बिल्व का अर्थ है–रोगान् बिलति भिन्नति – अर्थात् जो रोगों का नाश करे। ग्रहों का मनुष्य के क्रिया-कलाप पर प्रभाव पड़ता है। ग्रह शांति के लिए भी बेल पत्रों का प्रयोग किया जाता है। इनमें भगवान शिव का अंश रहने से ग्रहों का उपद्रव शांत हो जाता है। घर के बाहर एवं मन्दिर के प्रांगण में बिल्ववृक्ष का होना अत्यन्त शुभ माना गया है। यह वृक्ष भूखण्ड के पूर्व या ईशान की ओर होना चाहिए।

पीपल वृक्ष

पीपल का वृक्ष सभी वृक्षों में पवित्र माना गया है। इसकी पूजा की जाती है। यदि पीपल को पृथ्वी का कल्प वृक्ष कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। पीपल का वृक्ष मनुष्य के रोगों को ही नष्ट नहीं करता, मन की मनोकामनाओं को भी पूरा करता है। पीपल के वृक्ष को शास्त्रों में कहा गया है अवत्थ अर्थात् पीपल देवताओं का घर है। पीपल में एक ऐसा महत्त्वपूर्ण गुण है जो अन्य वृक्षों में नहीं पाया जाता। वह वातावरण में व्याप्त दूषित गैसों को नष्ट करने के लिए आक्सीजन छोड़ता रहता है। इसलिए दमा और अस्थमा के रोगी के लिए लाभदायक है। पीपल के वृक्ष की अन्य विशेषता है उसकी छाया की शीतलता सर्वाधिक प्रिय मानी गयी है। पीपल का नाम 'चल' वृक्ष भी है। जिस समय हवा बिलकुल शांत होती है अन्य वृक्षों के पत्ते स्थिर हो जाते हैं। लेकिन इसके पत्ते निरन्तर हिलते रहते हैं। इसके गुणों के कारण ही पीपल के वृक्ष को आरोपित करना पवित्र, धार्मिक और पुण्य कार्य माना गया है। पीपल के वृक्ष से लगभग सभी मानवीय रोगों का उपचार किया जा सकता है। पीपल घर में नहीं लगाना चाहिए। घर की चार दीवारी के बाहर पश्चिम दिशा में पीपल लगाया जा सकता है।

PUJA GHAR

Rajinder Kumar Sachar

Introduction

'Vastu' comes from the Sanskrit '*Dhatu*' (Verb) '*vas vasay*' or '*vas nivasay*'. In Vedic parlance, it means land suitable for residential purposes. Extending this meaning, it also conveys place of residence for human beings.

Vastu in Ancient Literature

In the ancient-most scripture '*Rik Samhita*', numerous prayers have been made to ''*Vastoshpati*' --the '*Vastu Devata*' (Deity) to give us protection. References are also available in ancient Hindu scriptures like the '*Vedas*' and the '*Puranas*'. Many specific ancient scriptures are available on '*Vastushastra*'. They are known as '*Varastu Granthas*'.

Vastu References in Ramayan and Mahabharat

The epics '*Valmiki Ramayana*' and '*Mahabharata*' also render proof of the principles of '*Vastu*' being known at that time. In '*Ram Charit Manas*'. which is a recent version of '*Ramayana*', Swami Tulsidas makes a mention of the word 'Beethi' in the following '*Doha*':

Kanak Kot Vichitra Mani Krit Sundertayana Ghana
Chauhatta Hatta Subatta Beethin Charu Pur Bahu Vidhi Bana

'*Beethi*' is a commonly used word in '*Vastushastra*' and literally means a '*Gali*' i.e., a lane. '*Ram Charit Manas*' was written only about five hundred years ago. Therefore, a critic can, with ample justification, say that it is not ancient literature. Let us turn to '*Mahabharata*' which was written about five thousand ago by '*Rishi Ved Vyasa*'. Before the war between '*Pandavas*' and '*Kauravas*' began, mention comes of a building in which what appeared to be a door turned out to be wall. What appeared to be a lush green grassy lawn turned out to be a pool of water.

The same epic also tells us of a building which was made of lacquer. It was built by the '*Kauravas*' with the intention of setting it on fire when the '*Pandavas*' come to reside in it on an invitation from the '*Kauravas*', thereby eliminating all the '*Pandavas*'. It could not be known by seeing the building that it was made of lacquer. Only an inside intelligence forewarned the '*Pandavas*' about the conspiracy and they escaped stealthily just in time.

What is Vastu

The foregoing examples have been mentioned here with a view to emphasizing that the art of construction was well advanced in India so long ago. It must, however, be added hastily here that '*Vastu*' does not deal with the engineering aspects of construction. The latter is much more developed these days than it was during those times. Today, a computer can lay down the blueprint of even a multistored building in a very short time. '*Vastu*' touches those aspects of construction, architecture and planning which aim at utilizing the abundant natural resources and energies in such a manner that help the occupants and residents of the building in subtle ways and protects them against the possible ill effects of wrongly locating certain portions of the building. It also forewarns them against undertaking plantation in inappropriate places.

The Essence of Vastu

Essentially, '*Vastushastra*' is a set of principles and rules that seeks favours from '*Vastoshpati*'. These principles are different for residential and commercial buildings (which also includes place of work) and for Temples.

Pioneers of Vastu

Names of many ancient '*Rishis*' are linked with '*Vastushastra*'. Two important ones are Vishwakarma and Maya Danava (Father-in-law of Demon Ravana).

Aims of Vastu

Essentially, '*Vastu*' aims at ensuring facility (comfort) and security. The principles and rules of '*Vastushastra*' seek to enhance these two aspects.

Panch Mahabhoot

"*Yatha Pinde, Tahta Brahmande*" --i.e., the human body is made of the same stuff as the universe. There are five elements called '*Panch Mahabhoot*' which constitute the entire universe. They are '*Prithvi*' (Earth), '*Jal*' (Water), '*Teja*' or '*Agni*' (Fire), '*Vayu*' (Air) and '*Akash*' (Space). Proper balance of these '*Panch Mahabhoot*' enhances physical as well as mental capabilities of the individuals. The first four are actually used in '*Vastushastra*'. The subtle fifth element viz., '*Akash*' (Space) is needed to accommodate the other four. It would be incorrect to ask which one of these '*Panch Mahabhoot*' is more important. Each has its own importance. In fact each is '*Purna*' (Complete) in itself. '*Purnam Adaha, Purnam Idam*'. In reality, there cannot be more than one '*Purna Tattva*'. It is the 'God Fibre' which converts itself into every thing that can be imagined. It is not like a *Kumbhakar* (An artisan who makes earthenware pots) who needs earth to make pitchers. It is more like a spider which takes out the fibre from itself to make a web. Although we shall be transgressing into the domain of '*Adhyatma*' (Philosophy) and, for this reason it is being left here, the subtle connection with '*Vastu*' is evident.

Earth is the grossest amongst the '*Panch Mahabhoot*'. It has five '*Guñas*' viz., '*Shabda*' (Word or sound), '*Sparsha*' (Touch), '*Roop*' (Shape), '*Rasa*' (Taste) and '*Gandha*' (Smell) --the last one being typical to Earth only. '*Rasa*' is the typical quality of Water and Earth only. In this fashion, '*Shabda*' is the only quality of '*Akash*' while '*Shabda*' and '*Sparsh*' both are the '*Guñas*' of Air. '*Shabda*', '*Sparsh*' and '*Roop*' are the qualities of '*Teja*'.

From the point of view of building construction, density and solidness of the earth constituting the soil in the plot is of prime importance. Needless to say, rocky and dense land is the best while loose earth having organic materials, bones etc., are unsuitable.

Energy Sources in Vastu

Sun and Earth are the only heavenly bodies taken into consideration in the principles and rules of '*Vastu*' as far as sources of '*Vastu*' energy are concerned. Gravity, Magnetism and Solar Energy are the three sources of '*Vastu*' energy.

Gravitational Energy

Hard and solid soil providing the foundation of a building ensures adequate gravitational energy which operates in vertical direction. Buildings constructed on loose soil are more likely to collapse.

Magnetic Energy

Earth's magnetic field runs in North-South direction. Sleeping with head in South helps being in harmony with this energy. Many a patient suffering from mental tension or with undiagnosed ailment have reported to have benefitted by simply ensuring that they sleep with head in the Southk or, when the bed cannot be laid in the South-North direction, in the East. What needs to be avoided at all costs is head in the North.

Solar Energy

Likewise, solar energy flows in abundance from East to West. This statement is subject to criticism as it can be argued that solar energy flows from West to East in the evening. The following points are relevant in this connection.

Ultra Violet and Infra Red Rays in the Sun

The morning Sun has abundance of Ultra-violet rays which are good for human beings. The evening Sun is rich in Infra Red rays whihc are injurious and, therefore, not considered good. Hindu scriptures advocate watching the morning Sun rising on the Eastern Horizon and bathing in the sun at sunrise while seeing sunset should be avoided. This is in direct contrast with Western culture where sunset beauty is sung much more.

Positive and Negative Energy Sposts in Vastu

What is not known to the West, but what was discovered as far ago as in Vedic times in India is the fact that there are a few spots in Eastern and Northern directions which are called '*Shubh Oorja Sthan*' (Places generating benefic energy), and some other spots in south and West which are called '*Ashubh Oorja Sthan*' (Places generating malefic or negative energy). When sunlight falls on the benefic spots, the residents of the building get enthusiasm and positivity while if sunlight falles on the malefic spots, it generates and increases negativity. It is, therefore,

advocated in '*Vastu*' to keep windows etc. on these benefic spots and not to have openings in the malefic spots. This also explains why it is desirable to have tall trees in the South and West so as not to let sun fall on these spots and, at the same time, to leave East and North as open as possible.

Relative Motion of Earth and Sun

Secondly, it may be noted that although we do not perceive that we are moving ahead, the fact is that the Earth is spinning and this itself gives it a speed of approximately 1700 KMs per Hour on the surface. In addition to this, the Earth is moving ahead at a far greater speed on account of its incesant revolution around the Sun taking one solar year. This means that the spin and revolution of the Earth is taking us ahead at tremendous speed against the flow of solar energy. The Earth is, therefore, in relative motion against the solar energy which is perceived by us as coming from the East direction.

The North East Corner

It would be seen from what has been mentioned above that with Magnetic energy running North-South and Solar energy running East-West, the North-East corner of the house becomes the most important inlet of energy.

Capturing Maximum Energy

Let us take a paper bag. We want to fill air in it by moving it against the opposing wind. The shape that will allow maximum air to come into the bag is a narrow and open frontage and a high closed rear. Besides, the front should be lower than the rear.

Another example is that of a scoop used for taking out some quantity of grain or a powdered substance such as flour from a heap or a gunny bag. The scoop is also narrow, open and low in front and high and closed at the rear and it is made to pierce the heap of grain or flour with a forward and a slight downward movement. Here, the grain or flour is stationary but the scoop moves. Nonetheless, the motion is relative to each other.

The same principle applies to letting solar and magnetic energies come into the house. In order to collect this energy in the house, the North East of the house should be low and narrow so as to make an acute angle at the inlet. At the same time, the house should be tall and closed in the South, West. It is for this reason that any extension of the North-East corner renders the plot more auspicious. Likewise, tall and huge obstructions in front of a house in the North and East directions are considered undesirable as they are likely to obstruct inflow of energy while it is suggested that plantation of tall trees in South and West should be undertaken.

Vastu Approved Buildings can withstand Natural Calamities

Buildings constructed in harmony with '*Vastu*' also possess the potential of remaining least afected by the vagaries of weather. The scriber of this project is in a position to testify this statement from personal experiences during two natural calamities in the State of Orissa. In the year 1982 while he was posted in the Cuttack district in Orissa, there was a severe cyclone followed by floods which devastated the Paradeep port. Thousands of lives were lost. The severity of that cyclone can be gauged fromt eh fact that in a village more than one hundred kilometers away from the sea-shore towards Daitary mines, a bullock cart carrying four passengers got sucked to a height of about four hundred feet above the ground level before dropping and killing all the passengers and the bull.

Apart from witnessing widespread devastation, he saw during the relief activities that electricity poles made of solid 'I' beam steel girders had got twisted making a complete loop. Yet, most of the temples in the area (there are plenty of them there) stood tall in place with minimal damage.

The scriber experienced another cyclone on 30th October 1999. He was having a haircut in his official residence in Bhubaneswar when suddenly, high velocity winds started blowing. Within a short time, the storm became so intense that he witnessed a huge mango tree in the compound of the quarter getting uprooted in the twinkling of the eye and that too, as smoothly as the plucking of a flower. Bhubaneswar is located about a hundred kilometers away from the eye of the storm that visited the Eastern coast between Kendrapara and Puri on that day. Once again, there was widespread damage and all communications got snapped. Again, thousands of lives were lost in Kendrapara district near sea-shore ahead of Cuttack city. On

this occasion too, little damage was suffered by numerous ancient temples stretching along the coastal belt. It would be in place to mention here that Bhubaneswar is known as the city of temples - implying that there are so many of them there and all ancient religious construction has been done in accordance with principles of '*Vastu*'.

A case of Beneficial Effect of Acute Angled North-East Corner in a Temple

The scriber of this project was a regular visitor to the 'Lord Vinayak Temple' in Sarojini Nagar, New Delhi in the mid Nineties. Even though the management of this temple is not commercial minded, many people visit this temple and it has been doing very well in rendering service as well as in being financially viable. The inside of the temple has an acute angle in the North-East corner. Not conversant with the principles of 'Vastu' then, the scriber thought that this was a fault in construction. It is now clear that it was a conscious decision and this, in all probability is one of the reasons behind the well-being of the temple.

A Place for God in Residential Premises

Many well-to-do people amongst us spend huge sums in providing themselves with luxurious drawing rooms, bedrooms and bathrooms. We also cater for the casual guests by having guest rooms while planning and constructing new residential buildings. We cater for our own needs, the needs of our children and some grateful ones amongst us, to the needs of our parents and elders too. But very often, we do not cater for a place for the almighty in our plans. Although God is the closest and, in fact the only real and permanent relative of ours, we do not treat Him even as close as we treat a worldly guest and forget to provide Him a place in the house.

God's Place in the Nine-Door House

Saints and realized souls tell us that the Almighty has already reserved the most important place in the nine openings house (the human body) for Himself and this abode is the human heart. Yet, we do not take a clue from this. We forget that the Almighty who has provided all of us with everything we posses or own -- including our body itself - needs to be remembered and thanked for and we should make Him a co-inhabitant in the house. Indeed it is thaklessness on our part.

Improper Locations for Puja Ghar

If at all we cater for a 'Puja Ghar', it is in a least important joint in the house. Some common choices are listed in the following paragraphs :

Puja Ghar Below a Stair Case

This is the spot in the house which would otherwise have hosted the useless articles in the house. By locating 'Puja Ghar' here, whenever we alight or descend, we will be having the photographs of the deities below our feet. It is also a closed space with inadequate height and inadequate light. It is not able to yield any kind of privacy or serenity. This cannot be a suitable spot for 'Puja Ghar'.

Puja Ghar in the Bedroom

Often, the '*Puja Ghar*' is located in the bedrooms. This is not in tune with the principles of '*Vastu*'. In '*Puja Ghar*', articles of sense gratification - i.e., anything given by the Planet Venus ('*Shukra*') should not be kept. On the contrary, articles pertaining to Jupiter (*Guru*) are welcome. The reason is that the ultimate aim of '*Puja*' is to develop '*Vairgya*' whereas articles of '*Shukra*' take on to indulgence in '*Bhog Vilas*'. Jupiter and Venus are not the best of friends. This explains why it is not desirable to have '*Puja Ghar*' in bedrooms as it is the place of one of the most important sense gratifications viz., '*Kam Vasna*'.

Also imagine a situation in which a school or college going child wants to say his or her prayers in front of the almighty before leaving very early in the morning for exams. He may have to enter the bedroom at a time when one or both the parents have not yet got up. This is likely to disturb the parents.

Or take the case of a guest who wants to do his prayers in one's '*Puja Ghar*'. The scenario can become embarrassing sometimes.

Puja Ghar in Kitchen

Another common practice seen in recent years is that people are having a small 'Puja' place in the kitchen itself. One reason behind this practice comes from the fact that residential places have become much smaller-independent houses having given way to group housing and multistoried flats leaving little space for a separate 'Puja Ghar'. This practice too, is not in accordance with the principles of 'Vastu'.

The level of tranquility and serenity expected to be obtained in the 'Puja Ghar' just cannot be achieved in a kitchen.

Even in an average sized family, the kitchen is a very busy spot. Gone are the days when cooking only two square meals was what a kitchen was meant for. The number of times a cup of tea needs to be prepared can be high these days, especially if the household receives many guests. In addition to this, the number of times one has to visit the kitchen for fetching a glass of water would easily be in double figures. We have to take notice of the fact that with increasing dependence on technology these days, aqua guards are fitted in every kitchen and that is the only source from where we fetch drinking water. In summer season, one may fetch it from a frig, but during winter season, not only does one get it direct from the kitchen, but it may even have to be warmed too either on gas or on a heater or in a microwave oven, all of which are usually in the kitchen.

Cooking may be going on simultaneously while someone is trying to say one's prayers. One can easily visualize a situation in which smell of fried condiments gets mixed up with that of incense. And if it happens to be a Non-vegetarian kitchen, then the situations becomes far worse.

Another thing that has to be taken note of is the fact that these days almost every middle class family depends on domestic help. The Aya or the servant is occuping the kitchen for a substantial time during the day.

We can see from the above that one may not be able to get any time to oneself in a kitchen to do even as small as a fifteen minutes prayer. Kitchen is, therefore, also not the right place for saying one's prayers.

Most Appropriate Spot for Puja Ghar

We have seen above that the two important directions in a residence are East and North. The most auspicious corner is, therefore, the North-East corner or the '*Eeshan Kona*'. It is ruled by Lord Shiva himself, the '*Devadideva*'. Goswami Tulsidas writes in his immortal '*Shri Rudrashtakam*':

'Namami Shamishan Nirvana Roopam'.

Lord Shiva is the giver of knowledge which in turn us leads to '*Nirvana*'. He is also the deity for giving results of '*Mantras*' used in daily worship.

Apart from these considerations, North-East corner is the place where morning sunrays enter the house. Thus North-East is undoubtedly the best spot for '*Puja Ghar*'.

Alternative Locations for Puja Ghar

Just in case it is not possible to locate the '*Puja Ghar*' in North-East corner, North or East directions are the next best choices. In case any of these too cannot be made available for the '*Puja Ghar*', south-East corner also is acceptable. South direction is not suitable because this is the direction of '*Yama*'. Positive energy which we expect to get from the '*Puja Ghar*' will not be coming our way.

Placing Pictures of Deities in Puja Ghar

The pictures of Gods and Goddesses in '*Puja Ghar*' should be placed on wooden stools or on a throne in a manner which allows the person doing worship to face East or North. In any case he should not face South. Also, the pictures of the deities should not be kept in the exact North-East corner, but somewhat away from it on either side. The pictures should also not be torn or damaged.

